
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अखबार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शुक्रवार, 12 जून 2026
वर्ष 07, अंक 246, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

नवीन परती बंजर भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर डीएम से हुई शिकायत...02

प्री-मानसून की पहली बारिश में डूबी गोला की व्यवस्था, 60 लाख का नाला भी नहीं रोक सका जलभराव...10

# कलकत्ता हाईकोर्ट से ममता की टीएमसी को राहत नहीं, ऋतब्रत बनर्जी बने रहेंगे नेता प्रतिपक्ष

● स्पीकर के फैसले पर रोक लगाने से इनकार

● कलकत्ता हाईकोर्ट ने नेता प्रतिपक्ष ऋतब्रत बनर्जी की नियुक्ति पर ममता बनर्जी की टीएमसी को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है, जिससे ऋतब्रत रुथक्कबने रहेंगे

● कोर्ट ने विधानसभा स्पीकर के फैसले पर रोक नहीं लगाई और अगली सुनवाई 16 जून को होगी. हाईकोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या स्पीकर किसी राजनीतिक दल की सहमति के बिना नेता प्रतिपक्ष को मान्यता दे सकते हैं?



कलकत्ता हाईकोर्ट ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पद पर ऋतब्रत बनर्जी की नियुक्ति मामले में फिलहाल ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी को अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है. अदालत ने विधानसभा स्पीकर के नेता प्रतिपक्ष संबंधी फैसले पर कोई रोक नहीं लगाई. ऋतब्रत बनर्जी फिलहाल नेता प्रतिपक्ष के पद पर बने रहेंगे. इस मामले में अगली सुनवाई 16 जून को होगी।

हालांकि विधानसभा में नेता विपक्ष चुने जाने को लेकर सुनवाई के दौरान आज कलकत्ता हाईकोर्ट ने पूछा कि क्या पश्चिम बंगाल विधानसभा के स्पीकर किसी राजनीतिक दल की सहमति के बिना नेता प्रतिपक्ष को मान्यता दे सकते हैं?

टीएमसी द्वारा बागी विधायक ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में दी गई मान्यता को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने यह जानना चाहा कि क्या स्पीकर किसी विधायक को उसकी मूल पार्टी की इच्छा के विपरीत नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता दे सकते हैं या फिर इस मामले में संबंधित राजनीतिक दल की राय और आधिकारिक निर्णय को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**स्पीकर ने ऋतब्रत को LoP की दी है मान्यता**

बता दें कि ऋतब्रत बनर्जी ने टीएमसी के 59 बागी विधायकों के साथ अलग गुट बना लिया है और विधानसभा अध्यक्ष ने इस गुट को मान्यता देते हुए ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा दिया है. इसी के खिलाफ ममता बनर्जी की टीएमसी की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कल्याण बंदोपाध्याय ने स्पीकर के एक्शन पर अंतरिम रोक लगाने की मांग की. उन्होंने तर्क दिया कि ऋतब्रत बनर्जी को मान्यता देना, एंटी-डिफेक्शन फ्रेमवर्क के तहत राजनीतिक पार्टियों और लेजिस्लेटिव पार्टियों को कंट्रोल करने वाले संवैधानिक सिद्धांतों के खिलाफ था.

कल्याण बंद्योपाध्याय ने कोर्ट को बताया कि चुने हुए विधायकों की एक मीटिंग 6 मई को हुई थी, जहां सोभनदेब चट्टोपाध्याय को नेता प्रतिपक्ष के पद के लिए पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर चुना गया था. उन्होंने कहा कि सपोर्ट करने वाले विधायकों के हस्ताक्षर इकट्ठा किए गए और सोभनदेब चट्टोपाध्याय के पक्ष में जमा किए गए, और स्पीकर को पार्टी के फैसले के बारे में कई बार बताया गया था।

**स्पीकर के फैसले पर कल्याण ने जताई आपत्ति**

उन्होंने कहा किइसके बावजूद, स्पीकर ने कथित तौर पर 59 विधायकों के समर्थन वाले एक विरोधी ग्रुप को मान्यता दे दी. राजनीतिक पार्टी मर्जर और महाराष्ट्र के राजनीतिक संकट से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का जिक्र करते हुए, कल्याण बंद्योपाध्याय ने तर्क दिया कि संविधान का दसवां शेड्यूल सिर्फ लेजिस्लेटिव पार्टी के बजाय राजनीतिक पार्टी को प्राथमिकता देता है। बता दें कि विधानसभा चुनाव में पराजय के बाद टीएमसी में टूट जारी है. विधायक दल के टूट के बाद अब संसदीय दल भी टूट के कगार पर है और टीएमसी के तीन राज्यसभा के सांसद भी इस्तीफा दे चुके हैं।

**सरकारी पक्ष की दलीलें**

दूसरी तरफ, अंतरिम राहत का विरोध करते हुए राज्य के एडिशनल एडवोकेट जनरल (AAG) बिलवादल भट्टाचार्य ने इस याचिका को अधूरा बताया। उन्होंने तर्क दिया कि याचिका में स्पीकर के फैसले को रद्द करने की कोई स्पष्ट मांग नहीं की गई है. उन्होंने कोर्ट से संबंधित दस्तावेज और असेंबली रिकॉर्ड पेश करने के लिए थोड़ा समय मांगा. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी रिकॉर्ड के साथ एक हलफनामा दायर करेगी और इस याचिका की वैधता पर भी अपनी आपत्ति दर्ज कराएगी।

**आगे क्या होगा?**

हाई कोर्ट अब इस मामले से जुड़े सभी आधिकारिक दस्तावेजों और राज्य सरकार के हलफनामे की समीक्षा के बाद ही कोई अगला आदेश जारी करेगा. इस फैसले पर पूरे देश की नजरें टिकी हैं, क्योंकि इसका असर दलबदल विरोधी कानून की भविष्य की व्याख्याओं पर भी पड़ सकता है।

# जैकलीन फर्नांडीज के 200 करोड़ के केस में बड़ा अपडेट, सुप्रीम कोर्ट की बेंच से अलग हुए जस्टिस मिश्रा

● न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा ने जैकलीन फर्नांडीज की 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुप्रीम कोर्ट की याचिका से खुद को अलग कर लिया है

● उनके बेटे ने संबंधित मामले में सरकार का प्रतिनिधित्व किया था, जिसके कारण यह फैसला लिया गया. मामला अब किसी अन्य बेंच को भेजा जाएगा

● जैकलीन ने दिल्ली कोर्ट द्वारा आरोप तय करने के आदेश के खिलाफ अपील की है, जिसमें सुकेश चंद्रशेखर भी शामिल हैं



सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने गुरुवार को बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज की उस याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया, जिसमें उन्होंने 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग केस में उनके खिलाफ आरोप तय करने के दिल्ली कोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील की थी.

शुरुआत में, जस्टिस मिश्रा और अतुल एस चंदुरकर की एक पार्शियल वर्किंग डे (पीडब्ल्यूडी) बेंच ने एक्ट्रेस के वकील और एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट को बताया कि मामला किसी दूसरी बेंच को भेजा जाएगा।

जस्टिस मिश्रा ने कहा, कुछ मुश्किल है. इससे जुड़े मामलों में से एक में, मेरा बेटा सरकार की तरफ से पेश हुआ था. (यह मामला) 25 जून को एक ऐसी बेंच के सामने पेश किया जाएगा, जिसमें हममें से कोई सदस्य नहीं है दिल्ली की एक कोर्ट ने 30 मई को एक्टर, कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर और 15 अन्य के खिलाफ 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोप तय करने का आदेश दिया था।

**जैकलीन ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा**

ट्रायल कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया था कि चंद्रशेखर और 20 अन्य के खिलाफ शहर पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा दर्ज एक अन्य मामले में सख्त एमसीओसीए प्रावधानों सहित विभिन्न अपराधों के लिए आरोप तय किए जाएं।

एक्ट्रेस ने आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया. जैकलीन, जिन्हें ईडी ने जांच के सिलसिले में कई बार तलब किया था, को पहली बार एजेंसी द्वारा दायर सप्लीमेंट्री चार्जशीट में आरोपी बनाया गया था।

**ईडी ने जैकलीन पर लगाये थे ये आरोप**

ईडी ने जैकलीन के खिलाफ अपनी दूसरी सप्लीमेंट्री शिकायत में आरोप लगाया कि वह चंद्रशेखर के लगातार संपर्क में थीं और उन्हें उनकी सहयोगी पिंकी ईरानी के माध्यम से उनसे कीमती तोहफे मिले थे. प्रॉसिक्यूशन के अनुसार, चंद्रशेखर जेल के अंदर से एक ऑर्गनाइज्ड क्रिमिनल नेटवर्क चला रहा था और प्राइम मिनिस्टर ऑफिस (पीएमओ), मिनिस्ट्री ऑफ़ होम अफेयर्स और मिनिस्ट्री ऑफ़ लॉ एंड जस्टिस समेत सीनियर सरकारी अधिकारियों की नकल कर रहा था।

इसमें दावा किया गया कि स्पूफ्ड कॉल, एन्क्रिप्टेड एप्लीकेशन और नकली पहचान का इस्तेमाल करके, आरोपी ने शिकायत करने वाली अदिति सिंह और उसके परिवार के सदस्यों को बड़ी रकम देने के लिए उकसाया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### समुद्र में टला बड़ा धमाका! भारतीय नौसेना ने तेल टैंकर से निकाला जिंदा मिसाइल वारहेड



भारतीय नौसेना ने एक बेहद जोखिम भरे समुद्री ऑपरेशन को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए एक तेल टैंकर से बिना फटे मिसाइल वारहेड को सुरक्षित तरीके से निकालकर निष्क्रिय किया. नौसेना की इस कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला क्रूड ऑयल टैंकर एमटी ओलंपिक लाइफ 26 मई 2026 को यूएई के फुजैराह से कोच्चि आ रहा था. इसी दौरान ओमान तट के पास जहाज के ढांचे में विस्फोट की सूचना मिली। जांच के दौरान पता चला कि जहाज में एक बिना फटा मिसाइल प्रोजेक्टाइल मौजूद है. इसके बाद सूचना भारतीय नौसेना को दी गई. उसके बाद नौसेना ने इस मामले में त्वरित एक्शन लिया।

**जहाज के फ्यूल टैंक में मिला मिसाइल वारहेड**

भारतीय नौसेना के इन्फॉर्मेशन फ़्यूज़न सेंटर इंडियन ओशन रीजन (आईएफसी-आईओआर) को सूचना मिलने के बाद कोच्चि स्थित सदर्न नेवल कमांड ने तुरंत एक्स्पर्ट ईओडी (विस्फोटक आयुध निपटान)) टीम भेजी। जांच में सामने आया कि मिसाइल का हिस्सा जहाज के बाहरी ढांचे को चीरते हुए कई कम्पार्टमेंट पार कर फ्यूल टैंक के अंदर फंस गया था। फ्यूल स्टोरेज एरिया में जिंदा वारहेड मिलने से बड़ा विस्फोट होने का खतरा था।

**बेहद सावधानी से चलाया गया ऑपरेशन**

नौसेना की ईओडी टीम ने चरणबद्ध तरीके से पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया। पहले सुरक्षा प्रक्रिया पूरी की गई, फिर आधुनिक तकनीक की मदद से वारहेड के डिटोनेशन सिस्टम की पहचान कर उसे अलग किया गया। इसके बाद मिसाइल वारहेड और उससे जुड़े मलबे को सुरक्षित तरीके से बाहर निकाला गया. बरामद विस्फोटक सामग्री को आगे की जांच के लिए सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है. भारतीय नौसेना ने कहा कि यह ऑपरेशन उसकी तकनीकी एक्सपर्टीज, समुद्री सुरक्षा क्षमता और आपात स्थितियों में तेज प्रतिक्रिया का उदाहरण है।

# दक्षिणांचल के थानों में वीपीओ सिस्टम पर उठे सवाल, अवैध वसूली और प्रभावशाली भूमिका को लेकर चर्चाएं तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**खजनी, गोरखपुर।** दक्षिणांचल क्षेत्र के कई थानों में तैनात वीपीओ (बीट पुलिस अधिकारी) की कार्यप्रणाली को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय स्तर पर यह आरोप लगाए जा रहे हैं कि कुछ वीपीओ अपने निर्धारित दायित्वों से आगे बढ़कर थाना संचालन और क्षेत्रीय गतिविधियों में प्रभावशाली भूमिका निभा रहे हैं। आरोप है कि ऐसे कर्मियों की पकड़ थानों में इतनी मजबूत हो चुकी है कि कई मामलों में उनकी राय और सिफारिश को विशेष महत्व दिया जाता है।

क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि कुछ थानों में वर्षों से जमे वीपीओ स्थानीय दबंगों, भूमाफियाओं, खनन एवं वन माफियाओं से निकट संबंध बनाए हुए हैं। आरोप है कि इन्हीं संपर्कों के माध्यम से अवैध वसूली का नेटवर्क संचालित किया जाता है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन क्षेत्र में इसको लेकर व्यापक चर्चा बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार, थानों में तैनात कुछ प्रभावशाली वीपीओ थाना प्रबंधन से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। थाने के दैनिक खर्च, मेस व्यवस्था तथा अन्य आंतरिक व्यवस्थाओं की जानकारी और समन्वय भी उनके माध्यम से संचालित होने की बात कही जा रही है। यही वजह है कि उन्हें थाना प्रभारी का करीबी माना जाता है।

स्थानीय पुलिसकर्मियों के बीच भी यह चर्चा रहती है कि मनचाही बीट पर तैनाती अथवा सुविधाजनक ड्यूटी पाने में ऐसे प्रभावशाली कर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। आरोप यह भी है कि कई बार थाना प्रभारी बदल जाते हैं, लेकिन वर्षों से जमे कुछ कर्मचारी अपनी पकड़ बनाए रखते हैं और स्थानांतरण के बावजूद पुराने क्षेत्रों में प्रभाव बनाए रखने का प्रयास करते हैं।

क्षेत्रीय नागरिकों का दावा है कि सड़क किनारे लगने वाले अवैध ठेलों, खोमचों, अवैध पार्किंग स्थलों तथा अन्य गैरकानूनी गतिविधियों से कथित वसूली की शिकायतें समय-समय पर सामने आती रही हैं। इसके अलावा खनन, भूमि और वन संपदा से जुड़े मामलों में भी अवैध लेन-देन की चर्चाएं सुनाई देती हैं।

कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि मारपीट अथवा अन्य विवादों के मामलों में समझौता कराने के लिए दबाव बनाया जाता है और असहमति की स्थिति में कानूनी कार्रवाई की आशंका दिखाकर पक्षों को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। क्षेत्र के नागरिकों का मानना है कि पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए ऐसे आरोपों की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। यदि शिकायतों में सच्चाई पाई जाती है तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि पुलिस व्यवस्था में जनता का विश्वास और मजबूत हो सके।


## जिलाधिकारी ने तुलसी सदन का किया निरीक्षण

**सौंदर्यीकरण एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश**

प्रतापगढ़। जनपद के प्रमुख सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों के केंद्र तुलसी सदन का जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा, पार्किंग एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार को निर्देशित किया कि तुलसी सदन परिसर में नियमित एवं प्रभावी साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि यहां आने वाले नागरिकों को स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध हो सके। उन्होंने फायर सेफ्टी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित एवं सुचारु बनाने के निर्देश भी दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परिसर के सौंदर्यीकरण एवं नियमित रखरखाव पर विशेष जोर देते हुए कहा कि तुलसी सदन जनपद की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण केंद्र है। इसलिए इसकी सुंदरता, स्वच्छता एवं सुविधाओं का उच्च स्तर पर संरक्षण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने परिसर में आवश्यक मरम्मत कार्यों एवं सुविधाओं के उन्नयन के लिए भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा।

## एक बार फिर हिली असम की धरती, 4.2 तीव्रता के भूकंप से सहमे लोग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**असम** के कई जिलों में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. रात करीब 9:10 बजे आए इस भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.2 रही. कई इलाकों में हल्के झटके महसूस किए गए, जिससे लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। फिलहाल किसी नुकसान की कोई सूचना नहीं है. इससे पहले रविवार देर रात भी राज्य में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इस दौरान असम, मेघालय और पूर्वोत्तर के अन्य हिस्सों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे. भूटान के पास अनुमानित तीव्रता 5.7 का भूकंप आया था. भूकंप का केंद्र असम के कुछ हिस्सों से करीब 252 किमी दूर था. इससे पूर्वोत्तर के कई इलाकों में झटके महसूस किए गए थे।

पूर्वोत्तर भारत में समय-समय पर छोटे और बड़े भूकंप आते रहते हैं. इनकी वजह है इस क्षेत्र की भौगोलिक और भूगर्भीय स्थिति है. वैज्ञानिकों का कहना है कि पूर्वोत्तर भारत धरती की उन एक्टिव टेक्टोनिक प्लेटों के संगम के पास है, जहां भूगर्भीय हलचल होती रहती है।

**यूरेशियन प्लेट से टकरा रही है भारतीय प्लेट**

दरअसल, भारतीय प्लेट उत्तर दिशा की ओर बढ़ते हुए यूरेशियन प्लेट से टकरा रही है। करोड़ों सालों से जारी इस टक्कर की वजह से हिमालय पर्वतमाला का निर्माण हुआ. यह प्रक्रिया आज भी जारी है. प्लेटों के बीच का तनाव समय-समय पर अचानक मुक्त होता है, इससे भूकंप आते हैं।

**राज्य के नीचे और आसपास कई फॉल्ट लाइन**

असम की स्थिति भी इस लिहाज से संवेदनशील है। राज्य के नीचे और आसपास कई सक्रिय फॉल्ट लाइन्स हैं. ये ऐसी दरारें हैं जहां चट्टानें एक-दूसरे के सापेक्ष खिसकती हैं। जब इन क्षेत्रों में दबाव बढ़ता है तो ऊर्जा निकलती है. इससे धरती कांप उठती है. मणिपुर, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड और त्रिपुरा में भी यही स्थिति है।

## 6 दिन बाद भी अंधेरे में हैं आधा दर्जन गांवों की आबादी

●ग्रामीणों ने लगाया लापरवाही का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रूद्रपुर, देवरिया।** दोआबा के आधा दर्जन गांव के लोग आंधी तूफान के 6 दिन बाद भी बिजली के लिए तरस रहे हैं।भीषण गर्मी में उन्हें कहीं चैन नहीं मिल पा रहा है। ना तो मोबाइल ही चार्ज हो पा रहा है और ना ही आवश्यक कार्य पूरे हो पा रहे हैं। लोगों की रातों की नींद उड़ गई है और दिन का चैन छिन गया है। कुछ गांव में ग्राम प्रधान और ग्राम वासियों की मदद से आंशिक रूप से बिजली बहाल हो सकी है किंतु ज्यादातर गांव में अभी पोल व तार जस के तस पड़े हुए हैं ।जानकारी के अनुसार शुक्रवार को आई चक्रवाती आंधी में पचरूखा उपकेंद्र से संचालित दर्जनों गांव की बिजली बाधित हो गई थी। ग्राम प्रधानों व गांव वालों के सहयोग से कुछ गांवों की बिजली कमोवेश बहाल कर दी गई है। कई गांव में पोल व तार लगाने के नाम पर धन वसूली की खबरें भी आ रही हैं। संविदा कर्मचारी बिजली चालू करने के बदले में गांव वालों से मुंह मांगी रकम मांग रहे हैं।

6 दिन बीतने के बाद भी भिरवां, नारायणपुर, बहोरा दलपतपुर, पांडे माझा, शीतल माझा आदि गांव की बिजली बहाल नहीं हो सकी है जिसे लेकर लोगों में बिजली निगम व जनप्रतिनिधियों के प्रति रोष व्याप्त है। सबसे ज्यादा परेशान बहोरा दलपतपुर के दर्जनों उपभोक्ता हैं। गांव में केवल पोल पर एलटी तार लगाना है किन्तु विभाग हीला सवाली कर रहा है। गांव वासी अजीत द्विवेदी, कृपानन्द दूबे, राम सिंगार, रामजी, हृषिकेश मिश्र,प्रमोद धर द्विवेदी आदि ने कहा कि यदि शीघ्र बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो लोग सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। जेई शिवकुमार ने कहा कि 24 घंटे में गांव की बिजली चालू कर दी जाएगी।

# बिहार टेंडर घोटालाः आईएएस संजीव हंस की तलाश तेज, कई बड़ी मछलियां अब भी रडार पर

● बिहार के बहुचर्चित टेंडर घोटाला मामले में विशेष निगरानी इकाई ने एक अधिकारी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है

● रिशु श्री से पूछताछ के आधार पर यह कार्रवाई हुई. पूछताछ के बाद भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के कई परतें खुली हैं

● मुमुक्षु चौधरी और तारिणी दास जैसे बड़े अधिकारी इसमें शामिल हैं. वहीं आईएएस संजीव हंस की तलाश जारी है, जो फरार चल रहे हैं।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बिहार में सरकारी ठेकों में कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों से जुड़े बहुचर्चित टेंडर घोटाला मामले में आज यानी गुरुवार को विशेष निगरानी ने एक अधिकारी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. इस पूरे घोटाले का अहम किरदार है रिशु श्री है, जिसे पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है और अब रिशु श्री से पूछताछ के आधार पर ही इस घोटाले की परतें खुल रही हैं और इसमें कई बड़ी मछलियां जाल में फंस रही हैं. रिशु श्री प्रकरण में जांच एजेंसियों ने शिकंजा और कस दिया है।

विशेष निगरानी इकाई की ताबड़तोड़ कार्रवाई ने बिहार की नौकरशाही और ठेकेदारी जगत में खलबली मचा दी है. इस हाई-प्रोफाइल मामले में संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी मुमुक्षु चौधरी, इंजीनियर तारिणी दास और इंजीनियर उमेश कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया है, जबकि फरार आईएएस संजीव हंस की तलाश तेज कर दी गई है. जांच एजेंसियों का दावा है कि ठेकेदार रिशु श्री के जरिए सरकारी ठेकों में कमीशनखोरी और प्रभाव के दम पर करोड़ों रुपये के खेल को अंजाम दिया गया।

**आईएएस संजीव हंस समेत कई अफसरों पर एक्शन**

एसवीयू ने अब तक संजीव हंस, तारिणी दास, मुमुक्षु चौधरी और पंकज कुमार समेत कई अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है. मुमुक्षु चौधरी पर




आरोप है कि सीतामढ़ी और सहरसा में नगर आयुक्त रहते हुए उन्होंने कथित रूप से रिशु श्री की कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए कमीशन लेकर ठेके आवंटित किए. 27 मार्च 2025 को ईडी की छापेमारी में उनके ठिकाने से करीब 2 करोड़ रुपया बरामद हुआ था. वर्तमान में वे वित्त विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर तैनात हैं. उनके खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की जांच जारी है।

**ईडी की छापेमारी में करोड़ों रुपये नकद बरामद**

वहीं संजीव हंस पर जल संसाधन, ऊर्जा और अन्य विभागों में महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए रिशु श्री की कंपनियों को फायदा पहुंचाने का आरोप है. ईडी, सीबीआई और एसवीयू की अलग-अलग जांचों में उनका नाम सामने आया है. पूर्व मुख्य अभियंता तारिणी दास भी जांच के घेरे में हैं. ईडी की छापेमारी में उनके यहां से करोड़ों रुपये नकद बरामद हुआ था।

जांच एजेंसियों को यह भी सुराग मिला है कि रिशु श्री से जुड़ी एक अतिरिक्त कंपनी के माध्यम से कथित तौर पर काले धन को सफेद करने का नेटवर्क संचालित किया जा रहा था. जांच का दायरा लगातार बढ़ रहा है और एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि इस कथित भ्रष्टाचार तंत्र से किन-किन अधिकारियों, ठेकेदारों और प्रभावशाली लोगों को लाभ पहुंचा।

# संक्षिप्त खबरें

## पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**शुकुल बाजार अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत थाना बाजार शुक्ल पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है।अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के निर्देशन में थाना बाजार शुक्ल पुलिस ने पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में वांछित चल रहे अभियुक्त अनिल कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी लक्खा सराय मजरे दारानगर, थाना बाजार शुक्ल, जनपद अमेठी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे अंडरपास से लगभग 200 मीटर पहले नेवाजमदारगढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया। थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

## मिट्टी लदी डंफर की ठोकर से बाइक सवार एक की मौत, दूसरा घायल




**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** मोहाना थाना क्षेत्र के पननी ओबामाई के स्थान से पांच सौ मीटर पूरब की दिशा में मिट्टी लदी एक डंफर ने एक बाइक को जोरदार ठोकर मार दी, जिससे बाइक सवार एक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को शाम छःबजे एक डम्फर सिकरी की ओर से पननी की तरफ मिट्टी लेकर जा रहा था।उसी दौरान एक नेपाली प्लेट बाइक पननी की ओर से सिकरी की तरफ आ रही थी। डांफर की ठोकर लगने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप घायल हो गए। जबकि डम्फर चालक मौके से डंफर लेकर फरार गया। मोहाना पुलिस घायलों को लोटन सीएससी पर पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद रामसजीवन पुत्र दशरथ निवासी ग्राम चनरैया थाना कोतवाली लोटन निवासी को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरा सोनू निवासी ग्राम लबनी नेपाल की हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस डम्फर एंव उसके चालक की तलाश कर रही हैं। इस मामले में थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है।डम्फर और चालक की तलाश की जा रही है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# नवीन परती बंजर भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर डीएम से हुई शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती तहसील बस्ती सदर के अंतर्गत ग्राम पंचायत वैष्णोपुर के अन्तर्गत राजस्व गांव दुधौरा में नवीन परती (बंजर भूमि) पर दबंगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को लेकर जिलाधिकारी ज्योत्सना कृत्तिका से ग्रामीणों ने शिकायत की है। ग्रामीणों ने मांग की है कि नवीन परती (बंजर भूमि) को राजस्व टीम द्वारा पैमाइश करा कर तत्काल अवैध अतिक्रमण हटाया जाएं। आपको बता दें कि ग्राम पंचायत वैष्णोपुर के राजस्व गांव दुधौरा में गाटा संख्या -158 व 159 जो राजस्व अभिलेखों में नवीन परती व आबादी के नाम से दर्ज है। सार्वजनिक उपयोग एवं उपभोग की भूमि पर वीरेंद्र पुत्र रामलोचन के के द्वारा मकान बनवाकर जबरन अवैध कब्जा किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा नव निर्माण कार्य को न करने के लिए वीरेन्द्र कुमार को कहा जा रहा है लेकिन दबंग वीरेन्द्र कुमार द्वारा अवैध कब्जा करने का कार्य जारी है और मना करने वाले ग्रामीणों को गाली गलौज वीरेन्द्र कुमार दे रहा है। ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल को सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को लेकर शिकायत की गई थी लेकिन हल्का लेखपाल ने अवैध अतिक्रमण मामले का संज्ञान नही लिया बल्कि दबंग वीरेंद्र कुमार को अवैध आक्रमण करने के लिए सहयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कलवारी थाने पर भी लिखित शिकायत की थी परन्तु कलवारी पुलिस में राजस्व विभाग का मामला बताकर कार्रवाई करने से इनकार कर दिया।

ग्राम प्रधान समेत अन्य ग्रामीणों ने दिनांक- 10-06-2026 को जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंच कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और पूरे प्रकरण की जानकारी दिया। ग्रामीणों ने बताया कि दबंग वीरेंद्र कुमार ग्राम पंचायत फूलपुर का निवासी है वह अपनी गुंडई के बल सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने पर तुला हुआ है यदि समय रहते सरकारी भूमि पैमाइश करा कर अवैध अतिक्रमण नही हटवाया गया तो बरसात का पानी गांव से बाहर नहीं जा पाएगा अर्थात् बरसात का पानी निकालने के लिए कोई दूसरा रास्ता नहीं है। जिलाधिकारीको ज्ञापन देते समय ग्राम प्रधान किशोर कुमार समेत अन्य भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आटो रिक्शा एवं टैक्सी चालकों को आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किये जाने का निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के पत्र 11.05.2026 द्वारा आटो रिक्शा एवं टैक्सी चालकों को आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत 5.00 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये हैं, उक्त निर्देशों के क्रम में आज सम्भागीय परिवहन कार्यालय, बस्ती के सभागार कक्ष में आयोजित आटोरिक्शा एवं टैक्सी चालकों का एक विशेष कैम्प आयोजित की गई, जिसमें लगभग 50 चालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उपस्थित जनों को अवगत कराया गया कि आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत परिवार के मुखिया के साथ-साथ परिवार के सदस्यों को भी प्रतिवर्ष 5 लाख रू0 तक का स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की गयी है। चालक के स्वयं अथवा किसी परिवारीजन के साधारण बीमारी के साथ-साथ गम्भीर बीमारी से ग्रस्त होने पर रू0 5 लाख तक का कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त होगी।

इस योजना का लाभ बताते हुवे,संभागीय




परिवहन अधिकारी फरीऊद्दीन ने बताया कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए चालक अपना ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड एवं राशन कार्ड/परिवार रजिस्टर की प्रति सम्भागीय परिवहन कार्यालय, बस्ती के परमिट अनुभाग में महेश कुमार (वरिष्ठ सहायक) को उपलब्ध करा दें, ताकि सूचना मुख्यालय को प्रेषित कर दी जाये। उक्त बैठक मे फरीदउद्दीन, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), सुरेश कुमार गौर्य, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), श्रीमती माला बाजेयी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, यात्रीकर अधिकारी, बस्ती एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण के साथ-साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बाल मजदूरी रोकने के तहत खन्ना में दुकानों और ढाबों की चेकिंग

**लुधियाना,** डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन की गाइडलाइंस के तहत, जीवनजोत प्रोजेक्ट के तहत बाल मजदूरी रोकने के लिए एक खास कैंपेन चलाया गया। डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर रश्मि की लीडरशिप में डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स ने कल खन्ना में अलग-अलग दुकानों और ढाबों पर सरप्राइज चेकिंग की, जहां बाल मजदूरी में लगे 09 बच्चों को बचाया गया। डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर श्रीमती रश्मि ने बताया कि रेस्क्यू के बाद बच्चों को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, लुधियाना के सामने पेश किया गया। उन्होंने बताया कि बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता की भी काउंसलिंग की गई। यह कैंपेन लीगल ऑफिसर दीपक कुमार (डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिस), शरद सूद (सुपरवाइजर) चाइल्ड हेल्प लाइन (1098), लुधियाना लेबर डिपार्टमेंट और पुलिस डिपार्टमेंट ने मिलकर चलाया। अवेयरनेस कैंपेन के दौरान लोगों को बताया गया कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों से बाल मजदूरी न करवाई जाए। जिला बाल संरक्षण अधिकारी रश्मि ने कहा कि यह सरप्राइज चेकिंग भविष्य में भी जारी रहेगी ताकि बाल मजदूरी को पूरी तरह से खत्म किया जा सके।

## खेत बचाओ अभियान-2026: प्राकृतिक खेती, मृदा संरक्षण एवं पोषण सुरक्षा पर किसानों को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के सदर विकासखंड अंतर्गत खेत बचाओ अभियान-2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत बभनगांव एवं मझौवा दूधनाथ में किसान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के संतुलित उपयोग को प्रोत्साहित करना, जल एवं पर्यावरण संरक्षण, पोषण सुरक्षा तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख श्री जटाशंकर शुक्ल, संयुक्त कृषि निदेशक बस्ती मंडल श्रीराम बचन राम, उप निदेशक कृषि श्री अशोक कुमार, मंडल अध्यक्ष श्री राम मौर्य, अमित शुक्ला (पूर्व प्रदेश मंत्री, एबीवीपी), ग्राम प्रधान श्री मनोज यादव, एडीओ (कृषि), एटीएम, बीटीएम तथा कृषि विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में ब्लॉक प्रमुख श्री जटाशंकर शुक्ल ने किसानों से मिट्टी एवं जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। संयुक्त कृषि निदेशक श्रीराम बचन राम ने मृदा परीक्षण आधारित खेती अपनाने तथा विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने पर बल दिया। उप निदेशक कृषि श्री अशोक कुमार ने प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण एवं जैविक संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। मंडल अध्यक्ष श्री राम मौर्य ने पर्यावरण संरक्षण एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने की अपील की, जबकि अमित शुक्ला ने युवाओं को कृषि नवाचारों एवं आधुनिक तकनीकों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। ग्राम प्रधान श्री मनोज यादव ने किसानों से वैज्ञानिक खेती अपनाकर उत्पादन एवं आय बढ़ाने का आह्वान किया। कृषि विज्ञान केंद्र, बस्ती के वैज्ञानिक डॉ. वी. बी. सिंह ने किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती, जीवामृत, घनजीवामृत, मृदा परीक्षण,




फसल अवशेष प्रबंधन एवं जल संरक्षण** की तकनीकों की जानकारी दी। वहीं डॉ. अंजली वर्मा ने पोषण वाटिका, श्री अन्न, संतुलित आहार, स्थानीय पौष्टिक खाद्य पदार्थो के उपयोग तथा भोजन में तेल, नमक एवं चीनी की मात्रा कम करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ परिवार एवं कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया 7 कार्यक्रम के दौरान किसानों को 'मिट्टी बचाओ-खेत बचाओ, प्राकृतिक खेती अपनाओ, जल बचाओ-भविष्य बचाओ तथा स्वस्थ भोजन-स्वस्थ जीवन' का संदेश दिया गया।

## सिद्धार्थनगर में 11 दिन में 7 बार 71 लेखपालों के तबादले, नियम में अनदेखी का लगाया आरोप



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ जनपद शाखा सिद्धार्थनगर की एक आकस्मिक बैठकगुरुवार को जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्त की अध्यक्षता में तहसील सभागार नौगढ़ में आहूत की गई। जिसमें जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्य एवं तहसील नौगढ़ के समस्त लेखपाल उपस्थित रहे। उक्त बैठक में उप जिलाधिकारी नौगढ़ द्वारा शासनादेश/परिषदादेश के विपरीत निर्धारित 10% से अधिक स्थानांतरण करके पिछले मात्र 11 दिनों में कुल 07 बार में पुनरावृति के साथ कुल 71 लेखपालों का हल्का परिवर्तन करने एवं स्थानांतरण में घोर अनियमितता बरते जाने पर उपस्थित सदस्यों द्वारा आक्रोश व्यक्त किया गया तथा उक्त स्थानांतरण आदेश को निरस्त करके दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्त, जिला मंत्री आनंद गौतम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणधीर यादव, जिला कोषाध्यक्ष रणधीर राणा, तहसील संयोजक महेंद्र कुमार साहनी, शिव शंकर, अमित कुमार, बैजनाथ चौधरी, ज्योति सिंह, श्वेता कार्तिक आदि सैकड़ों लेखपाल उपस्थित रहे।

# पूरे बडगाईन में नव दिवसीय श्रीराम कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

- भक्ति रस में सराबोर हुआ क्षेत्र राजनेता, उधोगपति सहित हजारों भक्तगण कथा में हो रहे शामिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार, अमेठी।** क्षेत्र के पूरे बडगाईन गांव में आयोजित नव दिवसीय श्रीराम कथा इन दिनों श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बनी हुई है। प्रसिद्ध कथावाचक विपुल जी महाराज के श्रीमुख से प्रवाहित हो रही श्रीराम कथा का रसपान करने के लिए प्रतिदिन क्षेत्र सहित दूर-दराज के गांवों से हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा स्थल पर भक्ति और आस्था का ऐसा वातावरण देखने को मिल रहा है कि पूरा क्षेत्र राममय हो उठा है।बृहस्पतिवार को कथा के दौरान विपुल जी महाराज ने भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र, मर्यादा, त्याग और धर्म के प्रति उनकी अटूट निष्ठा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मानव समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके आदर्शों को अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन को सफल और सार्थक बना सकता है। कथा के दौरान महाराज जी ने बताया कि श्रीराम कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को संस्कारित करने का माध्यम भी है।

कथा के मधुर प्रसंगों और भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भगवान श्रीराम, माता सीता और हनुमान जी के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा श्रवण करते रहे और



भक्ति रस में डूबे नजर आए।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं उद्योगपति महेंद्र विजय सिंह, भाजपा अमेठी मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, भाजपा सोशल मीडिया अमेठी के जिला संयोजक प्रशांत शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला, विनय चौरसिया, अरुणा शंकर शुक्ला सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।श्रद्धालुओं ने कथा आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में नैतिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करने का कार्य करते हैं। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा के समापन तक प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नव दिवसीय श्रीराम कथा को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और उनकी आस्था यह दर्शाती है कि धार्मिक आयोजनों के प्रति लोगों का विश्वास आज भी उतना ही मजबूत है। कथा स्थल पर व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए स्वयंसेवक लगातार सेवा कार्य में जुटे हुए हैं।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर महावीरन धाम शुकुल बाजार में हुआ हवन-पूजन

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लोकतांत्रिक इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित होकर सेवा देने वाले प्रधानमंत्री के रूप में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं
- प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना, मोदी सरकार के 12 वर्ष की उपलब्धियां, विकास कार्यो, जन कल्याणकारी योजनाओं से जनता को कराया जा रहा अवगत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार (अमेठी)।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुकुल बाजार स्थित धर्म, आस्था एवं विश्वास के केंद्र अति प्राचीन सिद्धपीठ महावीरन धाम हनुमान मंदिर (महावीरन धाम) में विशेष हवन-पूजन एवं प्रार्थना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र की उन्नति, जनकल्याण तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर राष्ट्रसेवा की कामना करते हुए विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला एवं मंडल अध्यक्ष संतोष शुक्ला ने किया। हवन-पूजन के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा देश की निरंतर प्रगति के लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना की। मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित धार्मिक अनुष्ठान ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व, कर्मनिष्ठा और राष्ट्र प्रथम की भावना के बल पर देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया है। उनके नेतृत्व में भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी है तथा देश आत्मनिर्भरता



और विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लोकतांत्रिक इतिहास में सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित होकर सेवा देने वाले प्रधानमंत्री के रूप में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं। यह उपलब्धि 140 करोड़ देशवासियों के अटूट विश्वास, समर्थन और स्नेह का प्रतीक है। जनादेश से जनविश्वास तक की यह यात्रा भारत की लोकतांत्रिक शक्ति और जनता के विश्वास को दर्शाती है।गिरीश चंद्र शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित की गई हैं। आज भारत विश्व पटल पर एक मजबूत, आत्मविश्वासी और निर्णायक राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण का संकल्प अब जन-आंदोलन का स्वरूप ले चुका है और देश का प्रत्येक नागरिक इस अभियान का सहभागी बन रहा है।उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में देश के 22 राज्यों में भारतीय जनता पार्टी अथवा उसके सहयोगी दलों की सरकारें कार्य कर रही हैं तथा भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हो चुकी है। यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व, संगठन की कार्यशैली और जनता के विश्वास का परिणाम है। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि हम सभी लोग मोदी सरकार की 12 साल की उपलब्धियों ,जन कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों से जनता को अवगत करा रहे हैं,कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने बजरंगबली से प्रार्थना की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, असीम ऊर्जा एवं निरंतर राष्ट्रसेवा का सामर्थ्य प्रदान करें, ताकि वे भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के अपने संकल्प को सफलतापूर्वक साकार कर सकें। इस दौरान उधोगपति महेंद्र विजय सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष जसकरन सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश शुक्ला, मिडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, शोशल मिडिया जिला संयोजक प्रशांत शुक्ला, प्रधान राजेश चौहान,मंडल महामंत्री उदय नारायण मिश्रा, सेक्टर संयोजक विनय चौरसिया सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बलरामपुर में बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों का परीक्षण, मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन





- सिसई घाट पर नाव पलटने, डूबते लोगों को बचाने और टापू में फंसे ग्रामीणों के रेस्क्यू का किया गया पूर्वाभ्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** बाढ़ आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से गुरुवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्य स्तरीय मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के नेतृत्व में जनपद की तीनों तहसीलों में मॉक ड्रिल संपन्न हुई। मुख्य कार्यक्रम तहसील सदर क्षेत्र के सिसई घाट पर आयोजित किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान फ्लड पीएसी की टीम ने नाव पलटने की स्थिति में नदी में डूब रहे लोगों को सुरक्षित निकालने तथा बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों को राहत शिविर तक पहुंचाने का अभ्यास किया। इस दौरान राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, सेना, एसएसबी, एनसीसी, फ्लड पीएसी, आपदा मित्र, अग्निशमन, परिवहन, स्वास्थ्य, रोडवेज, बेसिक शिक्षा, पंचायतीराज, पशुपालन, बाढ़ खंड, नागरिक सुरक्षा, नेहरू युवा केंद्र और आंगनबाड़ी विभाग सहित विभिन्न एजेंसियों ने भाग लिया। संपूर्ण मॉक ड्रिल का समन्वय आपदा विशेषज्ञ अरुण सिंह ने किया।

कार्यक्रम के लिए कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय सिसई को स्टेजिंग एरिया तथा बाढ़ शरणालय के रूप में विकसित किया गया। परिकल्पित परिदृश्य के तहत बाढ़ से घिरे गांव सिसई के लोगों को पूर्व सूचना देकर पुलिस और राजस्व विभाग की टीमों ने सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। राहत शिविर में भोजन, स्वास्थ्य और पशुओं के उपचार की व्यवस्थाओं का भी प्रदर्शन किया गया। मॉक ड्रिल के अगले चरण में जिला आपातकालीन संचालन केंद्र से सूचना प्राप्त होने पर राप्ती नदी में डूब रहे लोगों को बचाने की कार्रवाई का प्रदर्शन किया गया। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी ने इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम (आईआरएस) को सक्रिय किया और राहत-बचाव टीमों को मौके पर रवाना किया। फ्लड पीएसी के जवानों ने नदी में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला, जिन्हें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्राथमिक उपचार के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिसई भेजा। इसके बाद ग्राम ठाकुरापुर के समीप टापू में फंसे लोगों को मोटरबोट के माध्यम से रेस्क्यू करने का अभ्यास किया गया। बचाव दल ने सभी लोगों को सुरक्षित निकालकर सिसई स्थित बाढ़ शरणालय पहुंचाया।

## सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर कोतवाली नगर में एनसीआर दर्ज, पुलिस ने शुरू की जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो को लेकर कोतवाली नगर पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल कम डालने को लेकर हुए विवाद के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया तथा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी की गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर क्षेत्र निवासी संजय गुप्ता ने कोतवाली नगर में तहरीर देकर बताया कि 10 जून 2026 को वह दुधमाती क्षेत्र स्थित एक पेट्रोल पंप पर गए थे। वहां मौजूद पेट्रोल पंप के सेल्समैन सतीश कुमार यादव ने उन्हें बताया कि लगभग एक सप्ताह पूर्व एक अज्ञात व्यक्ति पेट्रोल भराने आया था। पेट्रोल की मात्रा को लेकर उसके और कर्मचारियों के बीच कहासुनी हो गई थी। शिकायत में कहा गया है कि विवाद के दौरान उक्त व्यक्ति द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के संबंध में भी आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। घटना का वीडियो किसी व्यक्ति द्वारा रिकॉर्ड कर लिया गया, जो बाद में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल होने लगा।

मामले को गंभीरता से लेते हुए शिकायतकर्ता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर कोतवाली नगर पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी के रूप में उपनिरीक्षक शिव लखन सिंह को नामित किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वायरल वीडियो की सत्यता, घटना की परिस्थितियों तथा संबंधित व्यक्ति की पहचान के संबंध में जांच की जा रही है। जांच के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार पुलिस सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो की भी पड़ताल कर रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि वीडियो कब और किन परिस्थितियों में बनाया गया था तथा उसमें दिखाई देने वाले व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित की जा सके। मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। वहीं पुलिस प्रशासन ने लोगों से सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक अथवा अपुष्ट जानकारी प्रसारित न करने की अपील की है और कहा है कि जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## बलरामपुर में पंचायत चुनाव की मतदाता सूची जारी: कुल 17 लाख से अधिक वोटर

**बलरामपुर** जिले में पंचायत निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन हो गया है, जिससे आगामी पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। 10 जून 2026 को प्रकाशित सूची के अनुसार, जिले में कुल 17,16,561 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 9,06,525 पुरुष और 8,10,036 महिला मतदाता शामिल हैं।यह आंकड़ा विधानसभा निर्वाचन नामावली की तुलना में अधिक है, जिससे पंचायत चुनाव का राजनीतिक गणित बदलता दिख रहा है। प्रशासन के अनुसार, पंचायत मतदाता सूची ग्राम पंचायत आधारित होने के कारण बड़ी संख्या में ऐसे मतदाता भी इसमें शामिल हैं जो रोजगार, शिक्षा या व्यवसाय के लिए दूसरे शहरों और राज्यों में रह रहे हैं। ये प्रवासी और ग्रामीण वोटर चुनाव में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। जिले के नौ विकास खंडों में बलरामपुर ब्लॉक सबसे बड़ा वोट बैंक बनकर उभरा है, जहां 2,70,978 मतदाता दर्ज हैं। इसके बाद हरैया सतघरवा में 2,26,261 और तुलसीपुर में 2,16,793 मतदाता हैं। वहीं, सबसे कम मतदाता गैंडास बुजुर्ग में 1,38,206 हैं। उतरौला में 1,46,964 और श्रीदत्तगंज में 1,54,201 मतदाता अपेक्षाकृत छोटे आधार वाले विकास खंड हैं।

अन्य विकास खंडों में गैसडीं में 1,88,879, पचपेड़वा में 1,75,432 और रेहरा बाजार में 1,98,447 मतदाता पंजीकृत हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जिन ब्लॉकों में मतदाताओं की संख्या दो लाख से अधिक है, वहां जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख और ग्राम प्रधान पदों के चुनाव में मुकाबला अधिक जटिल होगा। बलरामपुर, हरैया सतघरवा और तुलसीपुर जैसे क्षेत्रों में उम्मीदवारों को व्यापक जनसंपर्क और बड़े चुनावी प्रबंधन की आवश्यकता होगी।दूसरी ओर, गैंडास बुजुर्ग, उतरौला और श्रीदत्तगंज जैसे छोटे मतदाता आधार वाले क्षेत्रों में स्थानीय सामाजिक समीकरण, जातीय संतुलन और व्यक्तिगत प्रभाव चुनाव परिणामों में अधिक निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।प्रशासन के उपलब्ध आकलन के अनुसार करीब 1.5 लाख मतदाता ऐसे हैं जो मुंबई, दिल्ली, सूरत, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों में रह रहे हैं लेकिन उनके नाम अभी भी मूल ग्राम पंचायत की सूची में दर्ज हैं। इसके अलावा लगभग 1 लाख मतदाता वर्तमान में नगर पालिका या नगर पंचायत क्षेत्रों में निवास कर रहे हैं, जबकि पंचायत सूची में उनका नाम बना हुआ है।यानी लगभग 2.5 लाख मतदाता ऐसे हैं जिनकी वास्तविक मौजूदगी गांवों में नियमित नहीं है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यदि इन मतदाताओं का बड़ा हिस्सा मतदान के समय गांव लौटता है तो कई ग्राम पंचायतों में चुनावी परिणाम अप्रत्याशित हो सकते हैं। वहीं यदि इनकी भागीदारी कम रहती है तो स्थानीय स्तर पर सक्रिय उम्मीदवारों को सीधा लाभ मिलेगा,जिले में महिला मतदाताओं की संख्या 8,10,036 है, जो कुल मतदाताओं का लगभग 47 प्रतिशत है। पंचायत चुनाव में महिला आरक्षण और स्वयं सहायता समूहों की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए महिला वोट निर्णायक भूमिका में रह सकता है। कई ग्राम पंचायतों में महिला मतदाताओं का झुकाव जीत-हार का अंतर तय कर सकता है। विधानसभा निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद मतदाताओं की संख्या में कमी और पंचायत सूची में अपेक्षाकृत अधिक संख्या को लेकर राजनीतिक दलों और संभावित उम्मीदवारों के बीच चर्चा शुरू हो गई है। प्रशासन का कहना है कि पंचायत सूची ग्राम पंचायत आधारित है, जबकि स्ढ्क्रके दौरान वर्तमान निवास, दोहरी प्रविष्टियों और स्थानांतरित मतदाताओं का कठोर सत्यापन किया गया था। इसी कारण दोनों सूचियों के आंकड़ों में अंतर स्वाभाविक है। राजनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो आगामी पंचायत चुनाव में तीन कारक सबसे महत्वपूर्ण रहेंगे-प्रवासी मतदाताओं की वास्तविक भागीदारी,महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत,बड़े और छोटे ब्लॉकों में स्थानीय सामाजिक समीकरण। विशेषज्ञों का मानना है कि पंचायत चुनाव भले ही गैरदलीय आधार पर होते हों, लेकिन इस बार मतदाता सूची के आकार और प्रवासी वोटरों की मौजूदगी के कारण कई क्षेत्रों में मुकाबले का समीकरण बदल सकता है। खासकर बलरामपुर, हरैया सतघरवा, तुलसीपुर और रेहरा बाजार जैसे बड़े वोट बैंक वाले क्षेत्रों पर सभी संभावित दावेदारों की नजरें टिकी हुई हैं। कुल मिलाकर 17.16 लाख मतदाताओं वाली पंचायत निर्वाचन नामावली ने यह संकेत दे दिया है कि जिले का आगामी पंचायत चुनाव केवल स्थानीय विकास के मुद्दों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रवासी वोट, महिला भागीदारी और मतदाता उपस्थिति का प्रतिशत भी जीत-हार का बड़ा आधार बनेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### लखनऊ के गौतमपल्ली की क्रिश्चियन कॉलोनी के ब्यूटी पार्लर में लगी आग

**लखनऊ।** ब्यूटी पार्लर में शार्ट सर्किट से लगी आग ने मकान को अपनी जद में ले लिया। गौतमपल्ली थाना क्षेत्र की क्रिश्चियन कालोनी में गुरुवार सुबह एक मकान में संचालित ब्यूटी पार्लर में आग लग गई। आग की लपट व धुएं के बीच दो लोग फंस गए। चीख पुकार सुनकर पड़ोसियों ने दमकल को सूचना दी। आग की सूचना पर दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और बचाव अभियान चलाकर छत पर धुएं से घिरे दो लोगों को सीढ़ी की मदद से सुरक्षित नीचे उतार लिया। आग लगने के समय दो लोग भवन के अंदर फंस गए थे। दमकल कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को लोहे की सीढ़ी के माध्यम से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया, जिससे आग आसपास के हिस्सों में फैलने से बच गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि, आग लगने के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। आग से हुए नुकसान का आकलन भी किया जा रहा है। गौतमपल्ली की क्रिश्चियन कॉलोनी में 'जस्ट फॉर डिवाइस' केडीए ब्यूटी पार्लर में आग लगने की प्रारंभिक जांच में कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि पार्लर में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया।

### लखनऊ : सेवानिवृत्त कंप्यूटर ऑपरेटर से निवेश के नाम पर ठगे 92.50 लाख

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने मंडी परिषद से सेवानिवृत्त कंप्यूटर आपरेटर दिनेश कुमार शर्मा से निवेश के नाम पर जाल में फंसाया। फिर उन्हें दो करोड़ रुपये का मुनाफा दिखाया। उसी के आधार पर धीरे-धीरे कई बार में 92.50 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने चिनहट थाने में चार ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले उन्हें बलबीर मेंटर वाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा गया। ग्रुप की एडमिन साक्षी शर्मा ने खुद का कलकत्ता निवासी बताया। ग्रुप में जुड़े हुए सभी लोगों को शेयर बाजार में निवेश करने पर सौ फीसद मुनाफा कमाने का झांसा दिया। बलबीर और साक्षी ने उनसे बाइनांस एप डाउनलोड कराई। फिर उनकी आइडी जनरेट कर दी। उनसे उनकी बैंक डिटेल ले ली। शुरुआत में उन्होंने 18.50 लाख रुपये निवेश किए। मगर उन्हें मुनाफा नहीं मिला। उन्होंने जब ठगों से मुनाफा मांगा तो उनसे आइडी एड्रेस गलत होने की बात कहीं। इसे सही करने के एवज में उनसे 29 लाख मांगे गए। इस पर दिनेश ने पेंशन के 29 लाख रुपये जमा कर दिए। फिर ठगों ने लाईबिट कस्टमर सर्विस का नंबर पीड़ित को दिया और मुनाफा मांगने को कहा। पीड़ित ने जब वहां संपर्क किया तो उनसे सेबी का खाता चालू करने के लिए 20 लाख रुपये और जमा करा लिए गए। दिनेश ने जब दोबारा रकम की मांग की तो इस बार ठगों ने उन्हें एप की आइडी लागइन का भय दिखाया और सही करने के नाम 13 लाख की फीस जमा कर ली। इसके बाद ठगों ने अपने मोबाइल नंबर भी स्विच आफ कर लिया। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि पीड़ित को ट्रांजेक्शन संबंधी दस्तावेजों के साथ बुलाया है।

### गिट्टा गैंग का पर्दाफाश: लखनऊ में महिला समेत तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**सरोजनीनगर।** बिजनौर पुलिस ने संगठित चोरी करने वाले कुख्यात 'गिट्टा गैंग' का पर्दाफाश करते हुए एक महिला सहित तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब छह लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण तथा चोरी की वारदात में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद की है। गैंग का एक सदस्य आकाश पाण्डेय उर्फ सूरज अभी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस के अनुसार, कमलापुर निवासी मनोज कुमार की ज्वेलरी दुकान में 2 जून की रात हुई चोरी की घटना के खुलासे के क्रम में की गई। चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया था। इस संबंध में बिजनौर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। गुरुवार को किसान पथ अंडरपास के पास सर्विस रोड से निलोफर उर्फ गिट्टा उर्फ गीता (22), प्रियांशु उर्फ दीपांशु (20) और अमन (22) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे लंबे समय से बंद दुकानों और मकानों की रेकी कर शटर काटकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। चोरी के बाद वे सुनसान स्थानों पर माल का बंटवारा कर लेते थे। आरोपियों के कब्जे से बड़ी मात्रा में आभूषण बरामद किए हैं। इसके अलावा चोरी की घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की स्कूटी भी जब्त की गई है। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि, 'कमलापुर ज्वेलरी चोरी प्रकरण के खुलासे के लिए गठित टीमों ने तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिट्टा गैंग का खुलासा किया गया है। गैंग का एक सदस्य अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश में बिजली के बिल के साथ सरचार्ज के प्रस्ताव पर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा नाराज

**● पावर कारपोरेशन के चेयरमैन से मांगा स्पष्टीकरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली के बिल के साथ दस प्रतिशत सरचार्ज का प्रकरण बेहद गंभीर होता जा रहा है। बिजली महंगी करने के प्रकरण में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री से अनुमति भी नहीं ली गई। टीवी समाचार से इसकी जानकारी होने पर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा का गुस्सा उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के चेयरमैन आशीष गोयल पर फूट पड़ा है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बिजली बिल महंगे करने के फैसले और अन्य मुद्दों पर गोयल से सख्त लहजे में सवाल पूछा है। मंत्री ने चेयरमैन को पत्र लिखकर पूछा है कि बिना उन्हें विश्वास में लिए ऐसे फैसले कैसे लिए गए और जनता के बीच सरकार की छवि खराब क्यों की गई। उन्होंने पत्र लिखकर पूछा है कि बिजली बिल महंगा करने जैसे महत्वपूर्ण फैसले को लेकर उनसे पूछना तक भी उचित नहीं समझा गया। बिजली के बिल पर 10 प्रतिशत पावर परचेज सरचार्ज का विवाद उपभोक्ता परिषद के विरोध पर पहले विद्युत नियामक आयोग पहुंचा। अब ऊर्जा मंत्री एके शर्मा यूपीपीसीएल चेयरमैन आशीष गोयल से बेहद खफा हैं। मंत्री एके शर्मा ने चेयरमैन को पत्र लिखकर कड़े सवाल किये हैं। उन्होंने जून 2026 में पावर परचेज सरचार्ज के नाम दस प्रतिशत के अधिभार लगाने के फैसले पर पूछा है कि उन्हें क्यों नहीं बताया गया। ऊर्जा मंत्री ने पूछा है कि बिना उन्हें बताए और बगैर अनुमति के यह फैसला कैसे लिया गया। मंत्री एके शर्मा ने कहा कि आपके कई फैसले तो मुझे टीवी न्यूज चैनल से पता चलते हैं। विभाग के फैसले मुझे मीडिया से पता चलते हैं।

**गलत फैसले से सरकार की किरकिरी**

यूपी के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अपने लेटर में पूछा है कि बिजली महंगी करने के फैसले की वजह से सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया पर नकारात्मक प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने आगे लिखा कि सोशल मीडिया से भी मुझे भी जानकारी हुई है. ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर फैसले से पहले विभाग के मंत्री से ही अनुमति तो दूर जानकारी देना भी उचित नहीं समझा गया।



**कुशल कर्मचारियों की छंटनी पर भी सवाल**

ऊर्जा मंत्री ने गोयल को पत्र में लिखा 'मेरे बार-बार मना करने के बाद भी कुशल कर्मचारियों की छंटनी बंद नहीं की गई। मनमाने ढंग से कुशल कर्मचारियों को हटाकर अकुशल लोगों की भर्ती की जा रही है। जिसका परिणाम आज भुगतना पड़ रहा है। एक मई 2026 को सहारनपुर मंडल उपाध्यक्ष अंकुर सैनी ने एक मामले को संज्ञान में लाया था। उन्होंने बताया था कि 15 वर्ष से कार्यरत लाइनमैन सुंदर सैनी को हटाकर नए लाइनमैन को रख लिया गया। इसकी जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाए। लाखों उपभोक्ताओं को परेशानी ना हो और रिपेयरिंग और रेस्टोरेशन की व्यवस्था के लिए 30 मई को समीक्षा बैठक बुलाई गई थी, लेकिन जानकारी मिली की ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थिति में भी आप हेडक्वार्टर से बाहर हैं।

## पीस कमेटी की बैठक में शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली परिसर में बृहस्पतिवार को आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, ताजियादारों और विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि मोहर्रम आस्था और अनुशासन का पर्व है। सभी लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाएं। उन्होंने अफवाहों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि शांति व्यवस्था भंग करने या कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी होने पर तुरंत पुलिस को देने को कहा। इस अवसर पर प्रधान महखेड़ा अब्दुल नसीम, ओम प्रकाश, मो. इस्माइल, महमूद अली, प्रदीप, नूर मोहम्मद, गुड्डू, असलम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## स्टेशन रोड पर मामूली बात को लेकर युवक को पीटा



**● मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के स्टेशन रोड पर बुधवार देर रात एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला निवासी छोटू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार रात करीब 11:30 बजे उसकी पत्नी गुंजन, साली संध्या, साढ़ू नीरज तथा अभिषेक ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि सभी ने लात-घूंसों और सरिया से हमला कर उसे घायल कर दिया। मारपीट में छोटू को गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने की चर्चा है। हालांकि स्वतंत्र प्रभात वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जांच कर आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

## नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन ने पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन को दिया समर्थन





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 11 जून पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली को लेकर चल रहे आंदोलन को नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन ने अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। गुरुवार को काकोरी शहीद स्थल, लखनऊ से अटेवा ओल्ड पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित जन जागरण रथ यात्रा का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष एनएमओपीएस एवं प्रदेश अध्यक्ष अटेवा विजय कुमार 'बंधु' के नेतृत्व में किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष लता सचान, उपाध्यक्ष सुजान सिंह, जॉइंट सेक्रेटरी मनोज वर्मा तथा प्रचार मंत्री भानु प्रताप सिंह ने सहभागिता कर पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि पुरानी पेंशन कर्मचारियों का अधिकार है और इसकी बहाली के लिए चल रहे संघर्ष में संगठन पूरी निष्ठा और मजबूती के साथ सहभागी रहेगा। उन्होंने कहा कि नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन तन, मन और धन से अटेवा के नेतृत्व में चल रहे इस आंदोलन के साथ खड़ा है तथा कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगा। पदाधिकारियों ने प्रदेश भर के कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के इस जन आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी कर्मचारी एकजुट होकर अपना योगदान दें और अपने अधिकारों की लड़ाई को मजबूती प्रदान करें।

## बसपा की 2027 चुनाव रणनीति, यूपी में पिछड़ों को साधने की कवायद तेज

**लखनऊ।** विधान सभा चुनाव की तैयारी में जुटी बसपा, पिछड़ों में पैठ बढ़ाने की कोशिश तेज करने जा रही है। बुधवार को माल एवेन्यू स्थित पार्टी मुख्यालय पर हुई पिछड़ा वर्ग भाईचारा कमेटी की बैठक में कार्यकर्ताओं को रणनीति समझाई गई। प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कमेटियों को व्यापक जनसंपर्क करने और संगठन के विस्तार के निर्देश दिए। वर्ष 2027 के विधान सभा चुनाव के लिए बसपा अपनी पुरानी सोशल इंजीनियरिंग की रणनीति पर काम कर रही है। इसमें अपने पुराने दलित वोट को तो मजबूत किया ही जा रहा है, सवर्णो खासकर ब्राह्मणों को भी जोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही पार्टी पिछड़े वर्गों में भी ताकत बढ़ाने की रणनीति पर काम रही है। इसके लिए प्रदेश भर में भाईचारा कमेटियों को लगाया गया है। पार्टी का सबसे ज्यादा फोकस गैर यादव पिछड़ी जातियों पर है। बुधवार को हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने भाईचारा कमेटियों से अब तक किए काम के संबंध में जानकारी ली। निर्देश दिए कि कि स्थानीय स्तर पर समाज के बीच छोटी-छोटी बैठक कर पार्टी की विचारधारा का विस्तार किया जाए। समाज से जुड़े मुद्दों को भी उठाया जाए।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की लहरपुर इकाई ने व्यापारियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लहरपुर-** सीतापुर केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तहसील परिसर में आयोजित व्यापारियों एवं उद्यमियों के संवाद कार्यक्रम में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (पंजी.) की लहरपुर इकाई ने व्यापारियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन नगर अध्यक्ष रियाज अहमद (बबलू) के नेतृत्व में सौंपा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही रहे, जबकि कार्यक्रम का आयोजन तहसीलदार मनीष त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने व्यापारियों की सुरक्षा, बाजार में, पार्किंग व्यवस्था, आपात स्थिति में अग्निशमन सुविधा तथा प्रशासनिक सहयोग से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए तथा प्रशासन एवं व्यापारियों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए प्रत्येक माह नियमित बैठक आयोजित की जाए। इसके अतिरिक्त प्रमुख बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पिंक शौचालयों का निर्माण, पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था तथा अग्निशमन सुरक्षा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग भी रखी गई। व्यापार मंडल ने प्रशासन से अपेक्षा जताई कि यदि किसी व्यापारी के विरुद्ध कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसे अनावश्यक रूप से प्रताड़ित न किया जाए, बल्कि सम्मानपूर्वक थाने बुलाकर आवश्यक पूछताछ की जाए दोषी पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जाए । साथ ही साप्ताहिक बंदी का शनिवार को पूर्ण पालन सुनिश्चित कराने, नगर के विकास एवं व्यापारिक हितों से जुड़े मामलों में संगठन के प्रतिनिधियों को शामिल करने का अनुरोध भी किया गया । व्यापार मंडल ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले ऋण वितरण का उल्लेख करते हुए व्यापार एवं उद्योग गतिविधियों को और अधिक सुगम बनाने हेतु आवश्यक कदम उठाने की मांग की। अंत में व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी से सभी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर आवश्यक कार्रवाई करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष रियाज अहमद (बबलू), महामंत्री हरीश रस्तोगी (गोलू), वीरेन्द्र पुरी, विभूति पुरी, अशरफ बिलाल, उपाध्यक्ष मो. हाशिम अंसारी, जावेद अंसारी, निहाल कुरैशी, कोषाध्यक्ष ओमकार जायसवाल, सगीर अहमद, दीपक रस्तोगी, रेहान अहमद, शरीफ अहमद, आशिक अली, प्रदीप सिंह, सियाराम जायसवाल, सतीश जायसवाल, मोहम्मद अकरम, इश्तियाक अहमद, मो. लुकमान, आमिर चौधरी, सलीम, शमशुल हसन, सरोज जायसवाल, जितिन चौरसिया, लुकमान, आमिर चौधरी, मो0 आरिफ सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## मंदिरों में पूजा कर की गई मोदी की लंबी उम्र की कामना

**● भाजपा सभासद मनीष शुक्ला के आवास पर आयोजित हुई गोष्ठी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लहरपुर (सीतापुर)-** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल के लगातार बारह वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश मे आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों के क्रम मे निवर्तमान विधायक सुनील वर्मा के नेतृत्व मे स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सुबह से ही शिव मन्दिरों मे जलाभिषेक व रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लम्बी आयु की कामना की।इसके बाद उन्होने नगर के विभिन्न वार्डो मे भ्रमण कर जगह-जगह गोष्ठी की। इसी क्रम मे नगर के मोहल्ला गन्नी टोला स्थित भाजपा सभासद मनीष शुक्ला के आवास पर आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये निवर्तमान विधायक सुनील वर्मा ने आम जनता को सरकार द्वारा पिछले बारह वर्षो मे किये गये उल्लेखनीय कार्यो और वर्तमान मे चलाई जा रहीं जन-कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होने कहा कि यह कार्यक्रम लगातार पांच दिनों तक चलेगा जिसमे आज प्रथम दिन नगर मण्डल क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है और शेष चार दिनों में देहात क्षेत्र के सभी मण्डलों का भ्रमण कर व्यापक रूप से जनसम्पर्क अभियान को पूरा किया जायेगा। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र पुरी, भाजपा जिला मंत्री मनोज गुप्ता, नगर अध्यक्ष विनीत जायसवाल, नामित सभासद देवेष अवस्थी, रामे बाजपेई, मनमोहन गुप्ता, बंशीधर पाठक, पंकज शुक्ल, कमलकिशोर शुक्ल, धर्मेंद्र पाण्डेय, दिनेश शुक्ल, अजय शुक्ल, राजेश अवस्थी, ब्रजकिशोर शुक्ल, मनोज तिवारी , प्रांजुल मिश्रा प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

## खेत में ट्यूबवेल पर सो रहे 48 वर्षीय व्यक्ति की सिर कुचलकर निर्मम हत्या से मचा हड़कंप

क्राइम

**● प्तघटना की जांच में जुटी पुलिस जल्द ही खुलासे का दिया आश्वासन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली-** गुरबक्शगंज थाना क्षेत्र के अटौरा बुजुर्ग चौकी अंतर्गत पूरे निधि गांव के पास मालिन बाग में गुरुवार सुबह 48 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई मृतक की पहचान अटौरा निवासी शंभू उर्फ छेद्दू पुत्र भगौती के रूप में हुई है परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छेद्दू बीते 5 दिन पूर्व ही ईंट भट्ठे से मजदूरी कर घर वापस लौटा था बुधवार रात वह खाना खाकर गांव के बाहर स्थित अपने ट्यूबवेल पर सोने चला गया गुरुवार सुबह करीब 8 बजे जब परिवार का ही अमरनाथ खेत में पानी लगाने पहुंचा तो ट्यूबवेल के पास मालिन बाग में छेद्दू का शव पड़ा देख उसके होश उड़ गए उसने तुरंत शोर मचाकर परिजनों को सूचना दी सूचना पाते ही गांव के काफी लोग घटनास्थल पर पहुंच गए शंभू की इस तरह से निर्मम हत्या से सभी लोग आश्चर्य में पड़ गए की आखिर शंभू की हत्या किसने कर दिया फिलहाल परिवारिक जनों ने तहरीर में अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही अटौरा बुजुर्ग चौकी पुलिस और गुरबक्शगंज थाने की फोर्स मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए परिवारिक जनों से बातचीत कर तथा घटनास्थल से साक्ष्य जुड़ाते हुए शीघ्र ही घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी करने का आश्वासनदिया है।

## लखनऊ : युवक को बंधक बनाकर लोहे की रॉड से पीटा, हालत गंभीर; आरोपितों की तलाश में जुटी पुलिस

**लखनऊ।** बीबीडी इलाका स्थित बीसीसी शक्ति अपार्टमेंट में युवक को वहीं रहने वाले युवकों ने बंधक बनाकर पीटा। पीड़ित के पिता ने अपार्टमेंट में रहने वाले एक युवक और उसके साथियों पर बंधक बनाकर पीटने, मोबाइल तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने की तहरीर स्थानीय थाने में दी। इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तिवारीगंज स्थित बीसीसी शक्ति अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर-814 निवासी पंकज यादव के मुताबिक, सात जून की रात उनका बेटा मयंक दैनिक उपयोग का सामान लेकर लिफ्ट से ऊपर जा रहा था। इसी दौरान फ्लैट नंबर-401 में रहने वाले विपिन कुमार सिंह अपने साथियों अनुराग मिश्रा, अभि ठाकुर और राज मिश्रा के साथ वहां पहुंचे और उनके बेटे को धक्का दे दिया। आरोपितों ने उनके बेटे को लिफ्ट से बाहर खींच लिया। गालियां दी, करीब 20 मिनट तक बंधक बनाकर पीटा। लोहे के पाइप से हमला किया गया। सिर व शरीर के कई हिस्सों में चोट आई हैं। मोबाइल भी तोड़ दिया। बेहोश होने पर उस पर पत्थर से वार किया गया। पिता ने बताया कि आरोपित अपराधी हैं। पूरा परिवार दहशत में है। इंस्पेक्टर राम सिंह के मुताबिक सीसी फुटेज की मदद से मामले में साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं।

## भीषण गर्मी और लू पर भारी पड़ा कर्तव्य: मोहनलालगंज के राजेश मिश्रा बने लोकतंत्र के सच्चे सिपाही

**● .....45 डिग्री तापमान में भी गांव-गांव घूमकर संवार रहे मतदाता सूची, ग्रामीणों के लिए बने प्रेरणा का स्रोत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इन दिनों आसमान से बरसती आग, रिकॉर्ड तोड़ते तापमान और झुलसाने वाली लू के थपेड़ों ने जहां आम जनजीवन की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है, वहीं लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर एक अनोखा जज्बा देखने को मिल रहा है। मोहनलालगंज क्षेत्र के भौदरी में तैनात सरकारी कर्मचारी राजेश मिश्रा इस भीषण गर्मी में भी कर्तव्यनिष्ठा की एक बेमिसाल इबारत लिख रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत, राजेश मिश्रा लगभग 45 डिग्री सेल्सियस की जानलेवा धूप में भी बिना थके, बिना रुके दिन-रात अपने दायित्वों को पूरा करने में जुटे हुए हैं। जब दोपहर के वक्त गर्मी अपने चरम पर होती है और लोग घरों से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पाते, तब राजेश मिश्रा सिर पर छतरी ताने और पानी की बोतल थामे क्षेत्र के विभिन्न गांवों में घर-घर दस्तक देते नजर आते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना, पुरानी त्रुटियों को सुधारना और पूरी सूची को पारदर्शी व त्रुटिहीन बनाना है। राजेश मिश्रा की यह मुहिम सिर्फ कागजी काम तक सीमित नहीं है, बल्कि वे एक मार्गदर्शक की भूमिका भी निभा रहे हैं। अपने अत्यंत विनम्र, सौम्य और सहयोगी स्वभाव के कारण वे बहुत कम समय में ग्रामीणों के चहेते बन गए हैं। वे गांव के हर परिवार से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। विशेषकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को नए मतदाता के रूप में पंजीकृत होने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ, वे घर की महिलाओं और बुजुर्गों को भी मतदान के अधिकार और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनके एक-एक वोट के महत्व के प्रति जागरूक कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि विपरीत परिस्थितियों में भी राजेश मिश्रा की ऐसी लगन और मेहनत सचमुच वंदनीय है। उनके इस अद्वितीय समर्पण की बदौलत न केवल क्षेत्र की मतदाता सूची अधिक शुद्ध और सटीक हो रही है, बल्कि ग्रामीण इलाकों में लोकतांत्रिक भागीदारी को लेकर एक नई चेतना भी जागी है। भीषण गर्मी के बीच उनकी यह असाधारण कर्मठता आज न केवल प्रशासन के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य सरकारी कर्मचारियों के लिए भी कर्तव्यपरायणता की एक बेहतरीन मिसाल बन चुकी है।





## श्री रोहिताय शिव मंदिर का मनाया गया तीसरा स्थापना दिवस, पीत वस्त्रों में निकली कलश यात्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवा (सीतापुर)-** कस्बा स्थित श्री रोहिताय शिव मंदिर का वृहस्पतिवार 11 जून को तीसरा स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूम धाम के साथ मनाया गया जिसमें गाजे बाजे के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कलशयात्रा निकाली गई जो मंदिर से चलकर कस्बे में भ्रमण करती हुई उत्तर किनारे पर बह रही पतित पावनी केवानी नदी के तट पर पहुंची और वहां से मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरकर उसे सिर पर रखकर वापस मंदिर आई जिसमें भारी संख्या में कस्बा व मुहल्ले की महिलाएं, बच्चे व पुरुष शामिल रहे। इस यात्रा में शामिल होने के लिए आसपास के छठवान, मवासेपुर, मीनापुर, फरदापुर, गनुवापुर, पिपरा खुर्द, अहरोरी सहित रेउसा और बिसवां आदि स्थानों के श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर पर पहुंच गये थे। मंदिर पहुंचने पर पुजारी पं0 उमेश कुमार गौड़ व सुरेश प्रकाश गौड़ ने भगवान शिव का मंत्रोच्चार के बीच जलाभिषेक और पूजन आरती कराया। इस मौके पर भगवान भोलेनाथ के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। शाम को मंदिर पर विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने देर रात तक भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मुख्य यजमान राकेश कुमार नंद, राजेश कुमार नंद, सुरेश प्रकाश विश्वकर्मा,शिव कुमार विश्वकर्मा,नीरज नंद, विशाल नंद, प्रशांत श्रीवास्तव (लवी), शशांक श्रीवास्तव (अमन), संदीप नंद, राजीव नंद, नमन गौड़, मनोज गौड़, हरिनाम वर्मा व बैजनाथ वर्मा, संतोष वर्मा, हरगोविंद वर्मा,उत्तम सिंह, शिवकुमार गुप्ता, अक्षत श्रीवास्तव, समर्थ श्रीवास्तव, लक्ष्य श्रीवास्तव,पांखी श्रीवास्तवा व सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे। रात्रि में श्री खाटू श्याम संकीर्तन होगा।

# जब भारत ने सैन्य विमान निर्माण में रचा नया इतिहास

भारत ने रक्षा और विमानन क्षेत्र में एक ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जिसे आने वाले वर्षों में देश की औद्योगिक और सामरिक प्रगति के महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। गुजरात के वडोदरा स्थित टाटा और एयरबस की अंतिम संयोजन इकाई में निर्मित पहले सी-295 सैन्य परिवहन विमान ने सफलतापूर्वक अपनी पहली परीक्षण उड़ान पूरी कर ली है। यह केवल एक विमान की उड़ान नहीं थी, बल्कि उस विश्वास, क्षमता और तकनीकी आत्मनिर्भरता की उड़ान थी, जिसकी कल्पना भारत लंबे समय से करता रहा है। इस उपलब्धि ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि भारत अब केवल रक्षा उपकरणों का उपभोक्ता नहीं रहना चाहता, बल्कि वह उन्नत रक्षा प्रणालियों और सैन्य विमानों के निर्माण में भी अग्रणी भूमिका निभाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

सी-295 कार्यक्रम भारत की रक्षा उत्पादन क्षमता को मजबूत करने वाली सबसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं में गिना जा रहा है। भारतीय वायुसेना के लिए कुल 56 सी-295 विमानों की खरीद का निर्णय लिया गया था। इस व्यवस्था के अंतर्गत 16 विमान सीधे स्पेन से उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जबकि शेष 40 विमानों का निर्माण भारत में किया जा रहा है। यही वह पहल है जिसने देश में सैन्य विमान निर्माण के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत की है। इन 40 विमानों का निर्माण वडोदरा में स्थापित उत्पादन परिसर में किया जाएगा, जहां भारतीय इंजीनियर, तकनीशियन और विशेषज्ञ वैश्विक स्तर की प्रौद्योगिकी के साथ काम कर रहे हैं।

पहले भारत निर्मित सी-295 विमान की सफल परीक्षण उड़ान ने इस परियोजना की व्यवहारिक सफलता को प्रमाणित कर दिया है। यह उड़ान उत्पादन के बाद होने वाली परीक्षण प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण थी। किसी भी सैन्य विमान को सेवा में शामिल करने से पहले उसकी विभिन्न प्रणालियों, उड़ान क्षमता, नियंत्रण व्यवस्था, सुरक्षा तंत्र और प्रदर्शन का कठोर परीक्षण किया जाता है। पहली सफल उड़ान यह दर्शाती है कि विमान निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार हुआ है और आगे की परीक्षण प्रक्रियाओं के लिए सक्षम है। भारत में निर्मित पहला सी-295 विमान मई 2026 में पूरी तरह तैयार हुआ था। इसके बाद जून 2026 में उड़ान परीक्षणों का दौर प्रारंभ हुआ। इस सफल परीक्षण के बाद उम्मीद की जा रही है कि भारत में निर्मित पहला विमान इसी वर्ष भारतीय वायुसेना को सौंप दिया जाएगा। यह उपलब्धि केवल रक्षा क्षेत्र के लिए ही नहीं बल्कि भारतीय विनिर्माण क्षमता के लिए भी गर्व का विषय है।

सी-295 एक मध्यम श्रेणी का सामरिक परिवहन विमान है, जिसे अनेक प्रकार के सैन्य अभियानों के लिए विकसित किया गया है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता इसकी बहुउद्देश्यीय उपयोगिता है। यह विमान एक बार में 71 सैनिकों या लगभग 50 पैराट्रूपरों को ले जाने में सक्षम है। इसके अलावा इसका उपयोग रसद आपूर्ति, चिकित्सा निकासी, आपदा राहत, विशेष सैन्य अभियानों तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में त्वरित तैनाती जैसे कार्यों के लिए भी किया जा सकता है। भारत जैसे विशाल और विविध भौगोलिक परिस्थितियों वाले देश के लिए ऐसे विमान का महत्व और भी बढ़ जाता है। हिमालयी क्षेत्रों से लेकर रेगिस्तानी इलाकों तथा समुद्री सीमाओं तक, भारतीय सशस्त्र बलों को विभिन्न परिस्थितियों में त्वरित परिवहन क्षमता की आवश्यकता होती है। सी-295 को इसी उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। यह छोटी और अपेक्षाकृत कम विकसित हवाई पट्टियों से भी उड़ान भर सकता है और उतर सकता है। इसकी यह क्षमता उन क्षेत्रों में विशेष रूप से उपयोगी है जहां सामान्य बड़े विमान संचालन नहीं कर सकते।

इस विमान की एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह कठिन परिस्थितियों में भी प्रभावी ढंग से कार्य कर सकता है। यह अस्थायी अथवा अर्धविकसित रनवे पर भी संचालन करने में सक्षम है। पूर्ण अंधकार की स्थिति में भी इसकी संचालन क्षमता इसे आधुनिक सैन्य आवश्यकताओं के अनुरूप बनाती है। युद्धकालीन परिस्थितियों में ऐसी क्षमताएं अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती हैं




क्योंकि सैन्य अभियानों में अक्सर सीमित संसाधनों और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करना पड़ता है। सी-295 कार्यक्रम केवल विमान निर्माण तक सीमित नहीं है। इसके माध्यम से भारत में एक व्यापक औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र भी विकसित हो रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत हजारों पुर्जों का निर्माण भारत में किया जा रहा है। अनेक भारतीय कंपनियां इस आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बनी हैं। इससे देश में उच्च तकनीकी विनिर्माण क्षमता का विकास हो रहा है और बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम के अंतर्गत 13000 से अधिक पुर्जों का निर्माण भारत में किया जा रहा है तथा दर्जनों भारतीय आपूर्तिकर्ताओं को उत्पादन प्रक्रिया में शामिल किया गया है। इससे केवल एक विमान नहीं बन रहा, बल्कि एक संपूर्ण औद्योगिक आधार तैयार हो रहा है जो भविष्य में अन्य रक्षा और विमानन परियोजनाओं के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा। इस परियोजना का एक महत्वपूर्ण पहलू प्रौद्योगिकी हस्तांतरण भी है। जब किसी उन्नत विमान का निर्माण देश में किया जाता है, तो उससे जुड़े डिजाइन, निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण और परीक्षण संबंधी अनेक कौशल स्थानीय स्तर पर विकसित होते हैं। इससे भारतीय इंजीनियरों और तकनीशियनों को अत्याधुनिक तकनीक के साथ काम करने का अवसर मिलता है। दीर्घकाल में यही अनुभव भारत को अधिक जटिल और उन्नत विमान प्रणालियों के स्वदेशी विकास में सहायता करेगा।

सी-295 कार्यक्रम भारतीय वायुसेना के आधुनिकीकरण से भी जुड़ा हुआ है। वर्तमान में यह विमान पुराने एवरो परिवहन विमानों का स्थान ले रहा है, जो कई दशकों से सेवा में हैं। बदलती सैन्य आवश्यकताओं और आधुनिक युद्ध की चुनौतियों को देखते हुए अधिक सक्षम और आधुनिक परिवहन विमानों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। सी-295 इस आवश्यकता को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसकी बेहतर वहन क्षमता, आधुनिक प्रणालियां और बहुउद्देश्यीय उपयोगिता भारतीय वायुसेना की परिचालन दक्षता को बढ़ाएंगी।

वडोदरा में स्थापित उत्पादन केंद्र स्वयं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस सुविधा की स्थापना ने भारत को उन चुनिंदा देशों की श्रेणी में ला खड़ा किया है जहां आधुनिक सैन्य परिवहन विमानों का निर्माण किया जाता है। यह केंद्र भविष्य में अन्य विमानन परियोजनाओं के लिए भी आधार बन सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इसी प्रकार की परियोजनाएं आगे बढ़ती रहीं, तो भारत वैश्विक विमानन आपूर्ति श्रृंखला में और अधिक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर सकता है।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल हथियारों का निर्माण नहीं है, बल्कि रणनीतिक स्वतंत्रता भी है। जब कोई देश अपनी आवश्यक सैन्य प्रणालियों का निर्माण स्वयं करता है, तो वह बाहरी निर्भरता को कम कर पाता है। संकट या युद्ध की स्थिति में विदेशी आपूर्ति पर निर्भरता कई बार जोखिम पैदा कर सकती है। ऐसे में सी-295 जैसी परियोजनाएं भारत की सामरिक स्वायत्तता को मजबूत करती हैं। इस उपलब्धि का आर्थिक महत्व भी कम नहीं है। रक्षा उत्पादन में बढ़ोतरी से निवेश, रोजगार, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा मिलता है। स्थानीय उद्योगों को नए अवसर मिलते हैं और तकनीकी दक्षता का स्तर ऊंचा होता है। इससे देश की समग्र औद्योगिक क्षमता में वृद्धि होती है। रक्षा विनिर्माण को अक्सर उच्च तकनीकी उद्योगों के विकास का आधार माना जाता है क्योंकि इसके लिए अत्यंत सटीक और उन्नत उत्पादन प्रक्रियाओं की आवश्यकता होती है।

पहले भारत निर्मित सी-295 की सफल परीक्षण उड़ान इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह निजी क्षेत्र की भागीदारी का एक सशक्त उदाहरण है। लंबे समय तक रक्षा उत्पादन मुख्य रूप से सरकारी संस्थानों तक सीमित रहा, लेकिन अब निजी उद्योग भी इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। टाटा और एयरबस की साझेदारी यह दिखाती है कि वैश्विक अनुभव और भारतीय क्षमता का संयोजन किस प्रकार विश्वस्तरीय परिणाम दे सकता है।

आने वाले वर्षों में जब सभी 40 विमान भारत में निर्मित होकर भारतीय वायुसेना को सौंपे जाएंगे, तब इस परियोजना का वास्तविक प्रभाव और स्पष्ट दिखाई देगा। इससे न केवल वायुसेना की परिवहन क्षमता मजबूत होगी, बल्कि भारत की औद्योगिक और तकनीकी शक्ति को भी नई पहचान मिलेगी। यह परियोजना भविष्य की उन महत्वाकांक्षी योजनाओं का मार्ग प्रशस्त कर सकती है जिनमें अधिक उन्नत सैन्य विमान, मानव रहित प्रणालियां और अन्य एयरोस्पेस प्लेटफॉर्म देश में विकसित और निर्मित किए जाएं। सी-295 की पहली सफल उड़ान वस्तुतः उस नए भारत का प्रतीक है जो आत्मविश्वास के साथ तकनीकी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। यह उपलब्धि केवल एक विमान की सफलता नहीं, बल्कि भारतीय प्रतिभा, औद्योगिक क्षमता, वैज्ञानिक दृष्टि और राष्ट्रीय संकल्प की सफलता है। आने वाले समय में जब यह विमान भारतीय आकाश में वायुसेना के रंगों के साथ उड़ान भरेगा, तब वह केवल सैनिकों और सामग्री का परिवहन नहीं करेगा, बल्कि भारत के आत्मनिर्भर भविष्य की आकांक्षाओं को भी अपने साथ लेकर चलेगा।

**महेन्द्र तिवारी**

# मोदी की 12 वर्षों की सत्ता और आम आदमी: वादे, बदलाव और ज़मीनी हकीकत

**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**



2014 में 'अच्छे दिन आएंगे' के नारे के साथ केंद्र की सत्ता संभालने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मई 2026 तक लगातार 12 साल प्रधानमंत्री रह चुके हैं। यह भारत के स्वतंत्र इतिहास में सबसे लंबी अखंड सत्ता वाले प्रधानमंत्रियों में से एक कार्यकाल है। इस दौरान सरकार की नीतियों, योजनाओं और राजनीतिक शैली का सीधा असर आम आदमी की रोज़मर्रा की ज़िंदगी पर पड़ा है। अलग हम कल्याणकारी योजनाओं और उनके विस्तार के विषय में बात करें तो उनकी फेरहिस्त काफी लंबी है।

पिछले 12 साल में सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण को आधार बनाकर योजनाओं का दायरा बढ़ाया। उज्ज्वला योजना के तहत करोड़ों महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन मिला। स्वच्छ भारत मिशन ने ग्रामीण शौचालय कवरेज को तेज़ी से बढ़ाया। आयुष्मान भारत योजना ने 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा गरीब परिवारों तक पहुंचाया। जनधन खातों ने वित्तीय समावेशन को बढ़ाया और कोविड काल में डीबीटी से करोड़ों लोगों को सीधी मदद मिली। आम आदमी के लिए इसका मतलब यह हुआ कि सरकारी लाभ के लिए बिचौलियों पर निर्भरता घटी। बैंकिंग और डिजिटल पेमेंट का दायरा बढ़ा, जिससे क्षु आज छोटे दुकानदार से लेकर ठेले वाले तक इस्तेमाल कर रहे हैं।

हम बात करें इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल भारत की तो इसमें भी प्रगति हुई है और कई सुधार अभी भी बाकी हैं। सड़क, रेल, हवाई अड्डे और एक्सप्रेसवे के निर्माण में तेज़ी आई। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, अटल टनल, और नए वंदे भारत ट्रेनें आम यात्रियों के सफर को तेज़ और सुरक्षित बनाने की कोशिश हैं। डिजिटल इंडिया के तहत इंटरनेट और स्मार्टफोन की पहुंच गांवों तक बढ़ी। इससे शिक्षा, बैंकिंग और सरकारी सेवाएं मोबाइल पर आ गईं।

आम आदमी के लिए इसका फायदा समय की बचत और लागत में कमी के रूप में दिखा। लेकिन ग्रामीण इलाकों में अभी भी इंटरनेट की गुणवत्ता और बिजली की आपूर्ति असमान बनी हुई है। हालांकि कर और अर्थव्यवस्था में बदलाव तो हुआ है लेकिन महंगाई के कारण अभी उतनी राहत महसूस नहीं हुई है। GST लागू होने से अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था एकजुट हुई। छोटे व्यापारियों के लिए शुरू में जटिलता बढ़ी, लेकिन धीरे-धीरे फाइलिंग आसान हुई। नोटबंदी 2016 का मकसद काला धन और नकली नोट पर चोट था, लेकिन इसका तत्काल असर छोटे कारोबार और दिहाड़ी मजदूरों पर पड़ा। महंगाई, बेरोजगारी और निजी निवेश की रफ्तार आम आदमी की सबसे बड़ी चिंता बनी रही। कोरोना के बाद रिकवरी तेज़ रही, लेकिन असंगठित क्षेत्र में रोज़गार और आय अभी भी पूरी तरह पटरी पर नहीं आई है।


राजनीतिक संवाद और छवि की बात की जाये तो इसमें मोदी सरकार का कोई जोड़ नहीं है। मोदी की सरकार ने सीधे संवाद पर ज़ोर दिया। मन की बात, सोशल मीडिया और रैलियों के ज़रिए प्रधानमंत्री खुद जनता से जुड़े रहे। 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा केंद्र में रहा। विरोधियों का आरोप रहा कि आलोचना को जगह कम मिली और मीडिया पर नियंत्रण बढ़ा। आम आदमी के लिए इसका असर यह हुआ कि सरकार की योजनाओं की जानकारी तेज़ी से पहुंची, लेकिन विपरीत राय और स्थानीय समस्याएं कई बार राष्ट्रीय बहस में जगह नहीं बना पाई।

अलग हम इसकी ज़मीनी हकीकत जानें और यह पता करें कि क्या बदला? तो 12 साल में सबसे बड़ा बदलाव यह है कि सरकार सीधे नागरिक तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। पहले जहां फाइलों और दफ्तरों में काम अटकता था, अब ऑनलाइन पोर्टल और ऐप्स से काम होता है। गरीबों के लिए रसोई गैस, शौचालय, बिजली और बैंक खाता पहले से ज्यादा सुलभ हुए हैं। दूसरी तरफ, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की आय और शिक्षा-स्वास्थ्य की गुणवत्ता जैसे मुद्दे अभी भी चुनौती हैं। मध्यम वर्ग टैक्स और जीवनयापन की लागत को लेकर दबाव महसूस करता है। ग्रामीण भारत में कृषि पर निर्भरता और मौसम की मार अब भी जीवन को अनिश्चित रखती है। मोदी की 12 साल की सत्ता ने आम आदमी की ज़िंदगी में बुनियादी सुविधाओं और डिजिटल पहुंच के मामले में ठोस बदलाव लाए हैं। योजनाओं का लाभ पहले से ज्यादा पारदर्शी हुआ है। लेकिन रोज़गार, महंगाई और असमानता जैसे संरचनात्मक मुद्दे बने हुए हैं। आम आदमी के लिए यह कार्यकाल सुविधाओं में बढ़ोतरी और आर्थिक दबाव दोनों का मिश्रण रहा है। 2026 की सियासत इस बात पर टिकी होगी कि क्या सरकार इन बदलावों को स्थायी रोज़गार और आय में बदल पाती है।

# बचपन की मिठास को कड़वे पसीने में बदलती यह निर्दयी दुनिया

**[जब तक आखिरी बच्चा श्रम से मुक्त नहीं, हम सब अपराधी हैं]**

**[बचपन की सबसे बड़ी विडंबना- सपनों का नहीं, मजबूरी का बड़ा होना]**




किसी भी समाज का भविष्य बच्चों की आँखों में बसता है। जब उन आँखों के सपने स्कूल की चौखट तक पहुँचने से पहले ही श्रम की धूल में खो जाएँ, जब नन्हे हाथ खिलौनों और किताबों के बजाय बोझ और औजार उठाने लगें, तब समझ लेना चाहिए कि कहीं न कहीं मानवता हार रही है। 12 जून का विश्व बाल श्रम निषेध दिवस इसी पीड़ा की याद दिलाता है—यह उन करोड़ों बच्चों की मौन पुकार है जिनसे उनका बचपन छिन गया। तकनीकी युग में भी असंख्य बच्चे श्रम की बेड़ियों में जकड़े हैं। किसी राष्ट्र की सच्ची समृद्धि उसके सुरक्षित, शिक्षित और सम्मानजनक बचपन से मापी जाती है; बचपन असुरक्षित हो तो विकास फीका पड़ जाता है।

आँकड़े बताते हैं कि बाल श्रम के विरुद्ध लड़ाई अभी अधूरी है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और यूनिसेफ की 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में भी दुनिया के लगभग 138 मिलियन बच्चे बाल श्रम में फँसे हुए थे, जिनमें 54 मिलियन बच्चे ऐसे खतरनाक कार्य कर रहे थे जो उनके जीवन, स्वास्थ्य और भविष्य के लिए सीधा खतरा हैं। निस्संदेह, वर्ष 2000 के 246 मिलियन की तुलना में यह संख्या लगभग आधी हुई है, पर संतोष का कोई कारण नहीं है। संयुक्त राष्ट्र का सतत विकास लक्ष्य 8.7, जिसके तहत 2025 तक बाल श्रम समाप्त करने का संकल्प था, पूरा नहीं हो सका। प्रयासों ने तस्वीर बदली है, लेकिन हकीकत नहीं; जब तक आखिरी बच्चा भी श्रम से मुक्त नहीं होता, तब तक हर उपलब्धि अधूरी रहेगी। बाल श्रम का वैश्विक भूगोल भी गहरी चिंता पैदा करता है। उप-सहारा अफ्रीका में लगभग 87 मिलियन बच्चे बाल श्रम में फँसे हैं, जो विश्व के कुल बोझ का लगभग दो-तिहाई है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में संख्या 49 मिलियन से घटकर 28 मिलियन हुई है, पर राहत अभी अधूरी है। आज भी लगभग 61 प्रतिशत बाल श्रमिक कृषि क्षेत्र में कार्यरत हैं। खेतों, बागानों और पशुपालन में खपते इन बच्चों के श्रम का हिसाब मिलता है, लेकिन उनके खोए बचपन का नहीं। घरेलू काम, छोटे कारखाने, बाजार, निर्माण स्थल और वैश्विक आपूर्ति शृंखलाएँ भी बाल श्रम के छिपे केंद्र बने हुए हैं। विडंबना यह है कि हम उत्पादों की चमक देखते हैं, पर उनके पीछे खोया बचपन नहीं।

भारत की स्थिति किसी भी तरह के आत्मसंतोष की गुंजाइश नहीं छोड़ती। आधिकारिक आँकड़ों में लाखों बच्चे बाल श्रम में दर्ज हैं, जबकि विशेषज्ञ इसे इससे कहीं अधिक मानते हैं। कृषि, पटाखा, चमड़ा, काँच उद्योग, खदानें और शहरी घरेलू कार्य—हर जगह बचपन श्रम में उलझा दिखता है। महामारी के बाद बढ़ी गरीबी, मानव तस्करी, पारिवारिक मजबूरियाँ और जलवायु संकट ने इस समस्या को और गहरा कर दिया है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि आज श्रम में खोया हर बच्चा कल की प्रतिभा हो सकता था। बाल श्रम दरअसल भविष्य की संभावनाओं की चोरी है। कानून मौजूद हैं, पर उनका प्रभावी क्रियान्वयन अब भी कमजोर है—एफआईआर बढ़ती हैं, लेकिन दोषसिद्धि कम।

बाल श्रम केवल अर्थव्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि समाज की नैतिक परीक्षा है। एक ओर हम बच्चों को देवतुल्य मानकर पूजते हैं, दूसरी ओर वही व्यवस्था उन्हें सबसे सस्ता श्रमिक बना देती है। गरीबी, अशिक्षा, वयस्कों के लिए रोजगार की कमी और कमजोर सामाजिक सुरक्षा—ये चार आधार बाल श्रम को मजबूती देते हैं। आजीविका के दबाव में परिवार बच्चों को भी श्रम की ओर धकेल देते हैं। साथ ही जलवायु परिवर्तन, आर्थिक संकट, संघर्ष और युद्ध जैसी वैश्विक परिस्थितियाँ उनके बचपन को और संकुचित कर रही हैं। स्पष्ट है कि समाधान केवल बच्चों को काम से हटाने में नहीं, बल्कि उन सामाजिक-आर्थिक कारणों को बदलने में है जो उन्हें वहाँ पहुँचाते हैं।

बाल श्रम के विरुद्ध अभियान में वर्ष 2026 का विषय निर्णायक संकेत देता है– 'बाल श्रम को लाल कार्डः बच्चों के लिए उचित अवसर, वयस्कों के लिए सम्मानजनक कार्य।' यह केवल नारा नहीं, बल्कि नीति परिवर्तन का आह्वान है। इसका स्पष्ट संदेश है कि बच्चों को अवसर और वयस्कों को सम्मानजनक रोजगार साथ-साथ दिए बिना बाल श्रम समाप्त नहीं होगा। फरवरी 2026 की माराकेश रूपरेखा ने भी शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार सुधार पर जोर दिया है। लेकिन संकल्प तभी सार्थक हैं जब वे जमीन पर बदलाहट बनें। दुनिया ने बाल श्रम के विरुद्ध अनेक संकल्प लिए हैं; अब जरूरत घोषणाओं से आगे बढ़कर उन्हें लागू करने की है।

बाल श्रम केवल अधिकारों का उल्लंघन नहीं, बल्कि मानव विकास की गहरी बाधा है। बचपन में काम करने को मजबूर बच्चा शिक्षा और कौशल से वंचित रह जाता है, जिससे आगे उसकी आय, अवसर और उत्पादकता सीमित हो जाती है और गरीबी पीढ़ियों तक चलती है। इसका प्रभाव राष्ट्रीय उत्पादकता, स्वास्थ्य और सामाजिक समानता पर भी पड़ता है। फिर भी आशा बनी हुई है—कुछ गाँवों की सामुदायिक निगरानी, एनजीओ की पहल और राज्य स्तरीय योजनाएँ सकारात्मक संकेत दे रही हैं। लेकिन ये प्रयास पर्याप्त नहीं; जरूरत है एक व्यापक, सख्त और समन्वित अभियान की, जिसमें पारदर्शी आपूर्ति शृंखलाएँ, कानून, आर्थिक सहारा और सामाजिक जागरूकता साथ चलें। सभ्यता की असली पहचान बच्चों की हँसी में है, न कि उनके श्रम में। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस हमें याद दिलाता है कि अब संवेदना नहीं, निर्णायक कार्रवाई का समय है। बाल श्रम को हर स्तर पर वास्तविक 'लाल कार्ड' दिखाना होगा—यह जिम्मेदारी सरकार, समाज, उद्योग और हर नागरिक की है। घर से लेकर कार्यस्थल तक यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी बच्चे का श्रम हमारी सुविधा न बने। बाल श्रम से मुक्ति केवल बच्चों की नहीं, पूरी मानवता की मुक्ति है। यदि बचपन अंधेरे में खोया रहा, तो भविष्य भी अधूरा रहेगा। बच्चों को शिक्षा, खेल और सपने तथा वयस्कों को सम्मानजनक काम—यही संतुलन मानवता की असली जीत है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# नेटफ्लिक्स पर एक हफ्ते से डेरा जमाए बैठी ये रोमांटिक ड्रामा, माधुरी दीक्षित की 'मां बहन' को दे रही कड़ी टक्कर

कई बार कुछ फिल्मों को हिट होने के लिए कोई बड़ी कास्ट या बजट की जरूरत नहीं होती। कुछ फिल्में अपनी कहानी की वजह से से भी हिट हो जाती हैं। आज हम आपको ऐसी ही एक इमोशनल स्टोरी के बारे में आपको बताने वाले हैं जिसने आते ही ओटीटी पर तहलका मचा दिया। ये फिल्म 8 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब एक महीने से भी कम समय में ये ओटीटी पर आ चुकी है। हम बात कर रहे हैं रोमांटिक ड्रामा फिल्म 29 की।

**किन भाषाओं में रिलीज हुई फिल्म**

29 की कहानी एक ऐसे लड़के सत्या के बारे में जिसकी अभी तक शादी नहीं हुई है और इस वजह से उसे सब ताने मारते हैं। सत्या का भी यही दुख है कि कोई लड़की उससे बात नहीं करती लेकिन फिर उसकी जिंदगी में विजी आती है और उसकी कहानी में रंग भर जाते हैं। इस फिल्म को रत्ना कुमार ने डायरेक्ट किया है और ये तमिल भाषा में रिलीज हुई। हालांकि नेटफ्लिक्स पर आप इसे हिंदी, कन्नड़, मलयालम, तमिल और तेलुगु में देख सकते हैं।

**कौन-कौन से कलाकार आए नजर**

कास्ट की बात करें तो '29' में विधु ने सत्या, प्रीति असरानी ने विजयलक्ष्मी, महेंद्रन ने संतोष, अविनाश ने मणि, शहनाज फातिमा ने जानू और प्रेम कुमार ने कुरुनीला कथिरवन की अहम




भूमिकाएं निभाई हैं। कार्तिकेयन संथानम और लोकेश कनगराज ने 'जी स्क्वाड' के बैनर तले इसे प्रोड्यूस किया है। इसे रत्ना कुमार ने लिखा और डायरेक्ट किया है। इस फिल्म के कई सीन्स बेहद इमोशनल हैं जो आपको शायद रुला भी दें। 29 को आईएमडीबी पर 7.4 रेटिंग मिली है। फिल्म इस समय नेटफ्लिक्स पर नंबर वन पर ट्रेंड कर रही है।

**नेटफ्लिक्स पर छाई ये फिल्म**

हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर माधुरी दीक्षित स्टारर डार्क कॉमेडी थ्रिलर मां बहन रिलीज हुई और वह नंबर-1 के पायदान पर ट्रेंड कर रही है। लेकिन फिलहाल मां बहन की नंबर-1 की कुर्सी को एक साउथ सिनेमा की लव स्टोरी ड्रामा फिल्म 29 (29 रूश्1द्बद्ग) से कड़ी टक्कर मिल रही है। मौजूदा समय में तमिल फिल्म 29 नेटफ्लिक्स पर नंबर-2 पर ट्रेंड कर रही है और ऑडियंस की तरफ से इसे पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है।

## दैनिक राशिफल

**मेष** आज कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक मामलों में सावधानी रखें। परिवार का सहयोग मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है। शुभ रंगः लाल 7 शुभ अंकः 9

**वृषभ** पुराने रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। नौकरीपेशा लोगों को वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। निवेश सोच-समझकर करें।
शुभ रंगः सफेद 7 शुभ अंकः 6

**मिथुन** व्यापार में लाभ के संकेत हैं। मित्रों से मुलाकात हो सकती है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन खान-पान पर ध्यान दें।
शुभ रंगः हरा 7 शुभ अंकः 5

**कर्क** पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में जल्दबाजी न करें। धन आगमन के नए स्रोत बन सकते हैं।
शुभ रंगः क्रीम 7 शुभ अंकः 2

**सिंह** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी और व्यवसाय में प्रगति के योग हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।
शुभ रंगः सुनहरा 7 शुभ अंकः 1

**कन्या** कामकाज में व्यस्तता बनी रहेगी। किसी पुराने मित्र से शुभ समाचार मिल सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।
शुभ रंगः हरा 7 शुभ अंकः 7

**तुला** दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। नई योजनाओं पर कार्य शुरू कर सकते हैं। यात्रा के योग बन रहे हैं। शुभ रंगः गुलाबी 7 शुभ अंकः 6

**वृश्चिक** गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। नौकरी में बदलाव का विचार बन सकता है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें।
शुभ रंगः लाल 7 शुभ अंकः 8

**धनु** भाग्य का साथ मिलेगा। शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के संकेत हैं। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। शुभ रंगः पीला 7 शुभ अंकः 3

**मकर** कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल मिलेगा। संपत्ति संबंधी मामलों में लाभ हो सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं। शुभ रंगः नीला 7 शुभ अंकः 8

**कुंभ** नई योजनाएं लाभदायक सिद्ध होंगी। व्यापार में विस्तार के अवसर मिल सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा।
शुभ रंगः आसमानी 7 शुभ अंकः 4

**मीन** मानसिक शांति बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। किसी शुभ समाचार से मन प्रसन्न रहेगा।
शुभ रंगः पीला 7 शुभ अंकः 7

**उपाय** सुबह सूर्य को जल अर्पित करें और अपने इष्टदेव का स्मरण करें। इससे दिनभर सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी।

# पाकिस्तानी सेना की बर्बरता पर संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठन मौन क्यों हैं?

पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर के नागरिक लंबे समय से सम्मानजनक जीवन जीने के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग करते आ रहे हैं किंतु पाकिस्तानी सरकार अपने कब्जे वाले कश्मीरी क्षेत्र के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराने के बजाय सेना के दमन चक्र से वहाँ के नागरिकों की हत्याएँ करती आई है। पाकिस्तानी हुकूमत और सेना द्वारा वर्षों से अधिकृत कश्मीरी लोगों को जबरन जेलों में बंद कर प्रताड़ित किया जाता है, उनके घरों की महिलाओं और बच्चियों की अस्मिता लूटी जाती है और विरोध के बदले मौत दी जाती है। अभी हाल ही में पाक अधिकृत कश्मीर के लोगों द्वारा मुजफ्फराबाद में जीवनोपयोगी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु पाकिस्तानी हुकूमत से माँग की जा रही थी। पाकिस्तानी सेना को हर बार की तरह इस बार भी कश्मीरियों की माँग नागवार गुज़री और सेना प्रमुख मुनीर के इशारे पर बर्बरतापूर्वक शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे कश्मीरी लोगों पर अंधाधुंध गोलाबारी की गई, जिसमें सौ से भी अधिक लोगों की मौत होने की आशंका है।



विडंबना यह है कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार कश्मीर का मुद्दा उठाकर दुनिया की सहानुभूति प्राप्त करने का प्रयास करता है, लेकिन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों की वास्तविक समस्याएँ अक्सर वैश्विक विमर्श का हिस्सा नहीं बन पातीं। वहाँ के नागरिकों को आज भी बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, रोजगार और आधारभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। यह स्थिति पाकिस्तान के दावों और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को उजागर करती है। हकीकत यह है कि पाक अधिकृत कश्मीरी लोगों के जीवन को पाकिस्तानी सेना और उसकी हुकूमत ने नारकीय बना दिया है। दुनिया में मानवता की दुहाई देने वाले अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र संघ, अन्य वैश्विक संगठनों, इस्लाम के नाम पर दुनिया भर में मुसलमानों की वकालत करने वाले मौलानाओं और बात बात पर मानवता की दुहाई देने वाले मानवाधिकार संगठनों के लोगों को पाक अधिकृत कश्मीरियों पर हो रही बर्बरता क्यों नहीं नजर आती है? क्यों हर बार अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र, मानवाधिकार आयोग के लोग और मौलाना पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों की मौत पर चुप्पी साध लेते हैं?

अंतरराष्ट्रीय समुदाय के देशों और दुनिया भर के मुसलमानों के मसीहा बनने वाले ठेकेदारों द्वारा मुजफ्फराबाद में दर्जनों निर्दोष लोगों की मौत पर अफसोस जताकर पाकिस्तान पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध लगाने की आवाज़ क्यों नहीं उठाई जाती है? पाक अधिकृत कश्मीरियों के दर्द को दुनिया के चौधरी बनने वाले अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र संघ के देश अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रखने का साहस क्यों नहीं कर पाते हैं? अंतरराष्ट्रीय समुदाय को चाहिए कि वह किसी भी क्षेत्र में मानवाधिकारों के प्रश्न पर दोहरे मापदंड न अपनाए। यदि दुनिया वास्तव में मानवाधिकारों, लोकतंत्र और न्याय के सिद्धांतों में विश्वास करती है, तो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों की आवाज़ को भी गंभीरता से सुना जाना चाहिए। वहां की परिस्थितियों का निष्पक्ष मूल्यांकन होना चाहिए और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। यदि दुनिया वास्तव में मानवाधिकारों, लोकतंत्र और न्याय के सिद्धांतों में विश्वास करती है, तो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों की आवाज़ को भी गंभीरता से सुना जाना चाहिए। वहां की परिस्थितियों का निष्कर्ष मूल्यांकन होना चाहिए और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

पाक अधिकृत कश्मीर जैसी किसी छोटी-सी घटना में यदि एक भी नागरिक भारतीय पुलिस या सेना द्वारा मारा जाता, तो भारत सरकार और उसकी सेना के विरोध की गूँज संयुक्त राष्ट्र संघ, मानवाधिकार आयोग और दुनिया भर के देशों में सुनाई देती। यही अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र संघ के देश दुनिया भर में भारत विरोधी माहौल पैदा कर देते और यही मानवाधिकार संगठन भारत पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते फिरते। भारत लंबे समय से यह कहता आया है कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों को भी वही अधिकार और अवसर मिलने चाहिए जो किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों को प्राप्त होते हैं।

ऐसे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारी बनती है कि वह क्षेत्र के लोगों के हितों को प्राथमिकता दे और किसी भी प्रकार के मानवाधिकार उल्लंघन पर निष्पक्ष तथा संतुलित दृष्टिकोण अपनाए।

कश्मीर का प्रश्न केवल भू राजनीति का विषय नहीं है, बल्कि वहाँ रहने वाले लाखों लोगों के सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य से भी जुड़ा हुआ है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि राजनीतिक हितों से ऊपर उठकर मानवता, न्याय और नागरिक अधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को भय, असुरक्षा और अभाव से मुक्त जीवन मिल सके इसलिए भारत सरकार का पाकिस्तान अधिकृत कश्मीरी लोगों पर पाकिस्तानी फौज द्वारा की गई बर्बरता पर दर्द जताना जायज है, लेकिन भारत के इस दर्द से न तो पाकिस्तान और न ही संयुक्त राष्ट्र के देशों के कानों पर जूँ रेंगती है। अतः भारत सरकार को कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा था, इस सत्य को अब साकार करने का जिम्मा भारतीय सेना को देकर हमेशा-हमेशा के लिए कश्मीरियों को इस दर्द से मुक्ति दिलाने का ऐतिहासिक कदम उठाना होगा, ताकि पाकिस्तान के कश्मीरी राग का स्थायी अंत हो सके और गुलाम कश्मीरी लोगो भारतीय बनकर शांति, सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन सके।

**अरविंद रावल**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।


## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात शव बरामद, पीएम के लिए भेजा



**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के महराजगंज चौराहे के पास रामलक्षन पुलिस को अज्ञात लाश मिली।जिसे पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया गया। पुलिस की मानें तो बीती रात लगभग डेढ़ बजे किसी ने शव मिलने की सूचना दिया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर मृतक के जेब से आधार कार्ड मिला है। जिस पर जितेंद्र तिवारी उम्र 49 वर्ष पुत्र स्व जगन्नाथ तिवारी राम गुलाम टोला, गायत्री पुरम, देवरिया लिखा हुआ है। शव के पास एक बाइक भी मिली है जिसका नम्बर यूपी 52 बीयू 2045 है। पुलिस छानबीन में जुटी है कि उक्त व्यक्ति की मौत कैसे हुई है।

### मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश



**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। बैठक में मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध दवा, इलाज, उपकरण, मानव संसाधन तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए और किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने कहा कि स्वीकृत पदों के अनुरूप चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की जाए, जिससे चिकित्सा सेवाएं और अधिक प्रभावी बन सकें। साथ ही अस्पताल में आवश्यक दवाओं और चिकित्सा उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मरीजों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा उपचार व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। बैठक के दौरान मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल ने कुछ प्रशासनिक एवं तकनीकी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल शासन स्तर पर संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं के समाधान की पहल की। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रेम नारायण सिंह, सीएमएस डॉ. एच.के. मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### लालू समतावादी आंदोलन के पर्याय हैं: चंद्रभूषण

**देवरिया।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर गोष्ठी एवं मिष्ठान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने लालू प्रसाद यादव के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने अपना पूरा जीवन शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की राजनीति को नई दिशा देने में लालू प्रसाद यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अनेक राजनीतिक और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और हमेशा वंचित समाज की आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि मंडल आयोग की सिफारिशों को लेकर चले आंदोलन से लेकर बिहार एवं उत्तर भारत में सामंतवादी सोच के खिलाफ संघर्ष करने तक लालू प्रसाद यादव ने समतामूलक समाज की स्थापना के लिए लगातार कार्य किया। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव समतावादी आंदोलन के पर्याय हैं। कार्यक्रम में सुरेश नारायण सिंह, अभिषेक गुड्डू गोंड, शंकर गोंड, नारायण प्रसाद, नगीना यादव, अमित टुनटुन यादव, श्यामराज कन्नौजिया, गोकुला यादव, उत्तिम यादव, वीरेंद्र धरकार, जंगी गोंड, हफीज अंसारी और दयानंद यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# प्री-मानसून की पहली बारिश में डूबी गोला की व्यवस्था, 60 लाख का नाला भी नहीं रोक सका जलभराव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ग़ोला- गोरखपुर।** गुरुवार तड़के हुई प्री-मानसून की पहली तेज बारिश ने गोला नगर पंचायत की तैयारियों की पोल खोलकर रख दी। कुछ घंटों की बारिश में ही नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें, गलियां तथा कई रिहायशी इलाके पानी से लबालब हो गए। जगह-जगह जलभराव से लोगों का जनजीवन प्रभावित रहा, जबकि नगर की जलनिकासी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नगर पंचायत द्वारा डाक बंगला मार्ग पर जलनिकासी सुधारने के उद्देश्य से दोनों ओर लगभग 60 लाख रुपये की लागत से नाले का निर्माण कराया गया था। लेकिन पहली ही तेज बारिश में यह व्यवस्था बेअसर साबित हुई। सड़क पर पानी भर जाने से राहगीरों, दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद जलनिकासी की समस्या जस की तस बनी हुई है।

स्थिति केवल डाक बंगला मार्ग तक सीमित नहीं रही। रामजानकी मार्ग के दोनों ओर बने नालों की हालत भी चिंताजनक नजर आई। कई स्थानों पर नाले अधूरे पड़े हैं और एक-दूसरे से जुड़े नहीं हैं। परिणामस्वरूप पश्चिम चौराहा, चिकनिया, तहसील परिसर, बेवरी समेत कई इलाकों में बारिश का पानी जमा हो गया। लंबे समय से नालों में ठहरे पानी के कारण दुर्गंध फैलने लगी है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों ने नालों की सफाई और अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है।

बारिश और तेज हवाओं का असर बिजली व्यवस्था पर भी पड़ा। उपकेंद्र गोला क्षेत्र में कई स्थानों पर विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। ग्रामीण क्षेत्र के अवर अभियंता के अनुसार कर्मचारियों की लगातार मेहनत से अधिकांश गांवों में बिजली बहाल कर दी गई है, लेकिन नगर क्षेत्र के कुछ हिस्सों में समाचार लिखे जाने तक आपूर्ति पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी थी। इसी बीच रामजानकी मार्ग पर एक सड़क हादसा भी हो गया। बड़हलगंज की ओर से आ रही एक ब्रेजा कार फिसलकर सड़क किनारे खेत में उतर गई। हादसे में चालक घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल राहत पहुंचाते हुए चालक को वाहन से बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल भेजा, जहां उसका इलाज चल रहा है। प्री-मानसून की पहली ही बारिश ने साफ कर दिया है कि यदि जलनिकासी व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो आगामी मानसून में गोला के लोगों को और गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### ग़ोला में दिव्यांग युवती से छेड़छाड़ व भाई से मारपीट, मुकदमा हुआ दर्ज



**ग़ोला गोरखपुर:** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम जानीपुर निवासी खुशबुद्दीन ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उनकी 20 वर्षीय पुत्री मदीना, जो दोनों पैरों से दिव्यांग है तथा मानसिक रूप से भी अस्वस्थ है, 9 जून 2026 की शाम करीब 6 बजे गांव स्थित गांव के डीह बाबा स्थान के पास बैठी थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव का मोहन वहां पहुंचा और मदीना के साथ छेड़छाड़ करने लगा। अचानक मदीना का भाई साहील मौके पर पहुंचा और विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की तथा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। पीड़ित पक्ष ने गोला पुलिस से मामले की जांच कर आरोपी के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग किया है, प्रभारीनिरीक्षकगोला सी पी पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जिला कारागार और बाल गृह का संयुक्त निरीक्षण, व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी और पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने गुरुवार को जिला कारागार और राजकीय बाल गृह का संयुक्त निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा, साफ-सफाई, भोजन, स्वास्थ्य सुविधाओं और आवासीय व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार की बैरकों, चिकित्सालय, रसोईघर, मुलाकात कक्ष तथा सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली और कारागार प्रशासन को सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के साथ-साथ शासन के मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इसके बाद अधिकारियों ने राजकीय बाल गृह पहुंचकर बच्चों के रहने, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और मनोरंजन से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी भी प्राप्त की। अधिकारियों ने बाल गृह प्रशासन को बच्चों के सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं तथा सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संयुक्त निरीक्षण का उद्देश्य कारागार और बाल गृह में रह रहे लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा संस्थानों की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाना रहा।

## मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियां गिनाने प्रबुद्धजनों से मिले भाजपाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष संपर्क अभियान के तहत भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया के प्रधानाचार्य रामकिंकर मिश्र से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें मोदी सरकार की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका एवं राष्ट्रधर्म पत्रिका भेंट की गई। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने सुशासन, गरीब कल्याण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती से आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की गई, जिससे देश की प्रतिष्ठा वैश्विक स्तर पर बढ़ी है।

अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण आर्थिक, सामाजिक और बुनियादी ढांचे से जुड़े सुधार हुए हैं। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना, जीएसटी लागू करने, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, तीन तलाक की प्रथा समाप्त करने और राम मंदिर निर्माण जैसे फैसलों को सरकार की प्रमुख उपलब्धियां बताया। कार्यक्रम में अरुण मिश्र, विजेंद्र चौहान, विजय कुशवाहा, गोविंद सिंह, प्रभात रंजन मणि, देवेंद्र कुमार, वीरेंद्र पाठक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मेला देखने गए युवक का बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

क्राइम

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा के कुंसेरवा बाईपास पर मेला देखने गए एक युवक का स्पलेंडर बाईक चोरी हो गया। पीड़ित के तहरीर पर नौतनवा पुलिस ने बाईक चोरी की सूचना पर प्राथमिकी दर्ज कर खोजबीन में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक सोनौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत हनुमानगढिया के महतो टोला निवासी कमलेश यादव पुत्र चन्द्रिका यादव 9 जून को नौतनवां कुंसेरवा बाईपास पर मेला देखने अपने स्पलेंडर बाईक से गया था। मेला देखकर रात्रि करीब 11 बजे जब बाईक के पास पहुंचा तो बाईक गायब थी। खोजबीन के बाद जब पता नहीं चला तो पुलिस को तहरीर देकर बाईक तलाश की मांग किया। पुलिस बाईक गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## लीची से लदा ट्रक हाईटेंशन पोल से टकराकर पलटा, बड़ा हादसा टला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवा** क्षेत्र गुरुवार भोर में हुई बारिश के बीच गोरखपुर-लखनऊ फोरलेन पर एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। मुजफ्फरपुर से दिल्ली की आजाद फल मंडी के लिए लीची लेकर जा रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर हाईटेंशन विद्युत पोल से टकराने के बाद सड़क किनारे पलट गया। हादसे में चालक और खलासी बाल-बाल बच गए, जबकि ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और क्षेत्र की बिजली व्यवस्था प्रभावित हो गई। जानकारी के अनुसार, छह चक्का ट्रक बिहार के मुजफ्फरपुर से ताजा लीची लादकर दिल्ली जा रहा था। भोर में जब वाहन सहजनवा क्षेत्र के जुड़ियांन विद्युत उपकेंद्र के पास फोरलेन पर पहुंचा, तभी लगातार बारिश के कारण सड़क पर बनी फिसलन ने चालक की मुश्किल बढ़ा दी। बताया जा रहा है कि ट्रक चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित हाईटेंशन लाइन के विद्युत पोल से जा टकराया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि मजबूत विद्युत पोल जड़ से टूट गया। इसके बाद ट्रक सड़क से नीचे उतरकर पलट गया। हादसे के दौरान तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। लोगों को आशंका थी कि ट्रक में सवार लोगों को गंभीर चोटें आई होंगी, लेकिन राहत की बात यह रही कि चालक और खलासी दोनों सुरक्षित बाहर निकल आए।

हादसे के बाद ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रक में लदी बड़ी मात्रा में लीची सड़क और आसपास के क्षेत्र में बिखर गई। वहीं हाईटेंशन पोल टूटने से बिजली के तार और इंसुलेटर नीचे लटक गए, जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय लोगों को घटनास्थल से दूर रहने की सलाह दी गई। घटना की सूचना मिलते ही गीडा पुलिस मौके पर पहुंच गई और यातायात व्यवस्था संभाली। वहीं विद्युत विभाग की टीम ने क्षतिग्रस्त पोल और तारों का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य शुरू कराया। बाद में क्रेन की मदद से पलटे ट्रक को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। बारिश के बीच हुए इस हादसे ने एक बार फिर फोरलेन पर तेज रफ्तार और फिसलन भरी सड़कों के खतरे को उजागर कर दिया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

# ग्रेट निकोबार परियोजना के विरोध में कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान, गोलघर में उमड़ा जनसमर्थन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर,** अखिल भारतीय कांग्रेस नेतृत्व के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी गोरखपुर के नेतृत्व में गुरुवार को शहर के गोलघर क्षेत्र में ग्रेट निकोबार द्वीप के प्राकृतिक संसाधनों और वन क्षेत्रों को कॉरपोरेट हितों के लिए सौंपे जाने के कथित सरकारी फैसले के विरोध में व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद की और सरकार के निर्णय पर नाराजगी जताई। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आमजन को ग्रेट निकोबार द्वीप के पर्यावरणीय महत्व, जैव विविधता और वहां की संवेदनशील पारिस्थितिकी के बारे में जानकारी दी। पार्टी नेताओं ने कहा कि ग्रेट निकोबार देश की महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहरों में शामिल है और वहां के जंगल, वन्यजीव तथा आदिवासी समुदायों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के नाम पर प्राकृतिक संपदाओं को निजी हाथों में सौंपने की कोशिश पर्यावरण और स्थानीय समुदायों के हितों के विरुद्ध है।

गोलघर में आयोजित इस अभियान को लोगों का व्यापक समर्थन मिला। बाजार क्षेत्र से गुजर रहे नागरिकों, युवाओं, महिलाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। अभियान के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए जरूरी है और किसी भी विकास परियोजना में पर्यावरणीय संतुलन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की प्राकृतिक धरोहरों और पर्यावरण की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रही है। उन्होंने कहा कि ग्रेट निकोबार जैसे संवेदनशील क्षेत्र में किसी भी परियोजना को लागू करने से पहले व्यापक जनसहमति और पर्यावरणीय



प्रभावों का गंभीर अध्ययन आवश्यक है। उन्होंने अभियान में सहयोग करने वाले सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन, युवा कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। पूरे अभियान के दौरान पर्यावरण संरक्षण और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनजागरण का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और जनता की आवाज को लोकतांत्रिक माध्यमों से बुलंद किया जाता रहेगा।

## बालगृह का जनपद न्यायाधीश, डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद न्यायाधीश धनेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने गुरुवार को बालगृह (बालक) का निरीक्षण कर वहां रह रहे बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, शिक्षा व्यवस्था तथा आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई-लिखाई, दैनिक दिनचर्या तथा अन्य आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने बच्चों की कॉपियां देखकर उनकी शैक्षिक प्रगति के बारे में जानकारी ली और लिखे गए विषयों पर उनसे प्रश्न भी किए।

अधिकारियों ने बालगृह में भोजन, बिस्तर, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बालगृह अधीक्षक को निर्देश दिया कि बच्चों को शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं और उनकी शिक्षा तथा सर्वांगीण



विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। किसी भी प्रकार की समस्या या आवश्यकता होने पर तत्काल जिला प्रशासन को अवगत कराने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि बालगृह में रहने वाले बच्चों को सुरक्षित एवं पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्हें और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एसीजीएम, मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह, बालगृह अधीक्षक राम कृपाल तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### ऑपरेशन वज्रपात के तहत थाना ओबरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन, वाराणसी के आदेशानुसार तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक, मीरजापुर परिक्षेत्र एवं पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में थाना ओबरा पुलिस द्वारा ऑपरेशन वज्रपात के अंतर्गत सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान थाना ओबरा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन जांच की गई। चेकिंग के क्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करने, आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत न कर पाने तथा संदिग्ध परिस्थितियों में संचालित पाए गए कुल 05 मोटरसाइकिल वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत सीज किया गया। यह अभियान क्षेत्र में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने, कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित किया गया।

# कल्याणकारी शिविर में लाभार्थियों को मिले स्वीकृति प्रमाण पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान' अभियान के अंतर्गत तहसील भाटपार रानी में एक विशेष कल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित इस शिविर में सामाजिक क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विभागों ने अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता राघवेन्द्र वीर विक्रम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 10 दिव्यांग लाभार्थियों को कान की मशीन, छड़ी एवं स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वहीं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से शादी अनुदान योजना के 20 लाभार्थियों और छात्रवृत्ति योजना के 30 छात्र-छात्राओं को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अधिकारियों ने योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया तथा पात्रता संबंधी




जानकारी भी दी।

मुख्य अतिथि राघवेन्द्र वीर विक्रम सिंह ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार समाज के गरीब, पिछड़े और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। कार्यक्रम के अंत में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अविनाश मणि त्रिपाठी ने सभी अतिथियों, अधिकारियों और लाभार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने सुनी आमजन की समस्याएं, दिये त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** गुरुवार दिनांक 11.06.2026 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों एवं नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, साइबर अपराध, गुमशुदगी, राजस्व संबंधी प्रकरणों सहित विभिन्न पुलिस संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों को शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत की तथ्यपरक जांच करते हुए पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना प्राथमिकता रहे।साथ ही शिकायतकर्ताओं को की गई कार्यवाही से समय-समय पर अवगत कराने तथा जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशील एवं जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के निर्देश भी दिए गए।

## पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई: हत्या व पॉक्सो के आरोपी गिरफ्तार, 72 वाहनों का चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** पुलिस ने अपराध नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए गुरुवार को अलग-अलग अभियानों में महत्वपूर्ण कार्रवाई की। हत्या और पॉक्सो एक्ट के मामलों में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। थाना लार पुलिस ने वर्ष 2024 के चर्चित हत्या प्रकरण में वांछित आरोपी दीपक यादव उर्फ सोकन को चनुकी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना लार में हत्या सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

वहीं थाना तरकुलवा पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामले में वांछित प्रदीप भारती उर्फ नीरज को पकड़ी बाबू नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी पर नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म सहित पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज था। पुलिस ने बताया कि संबंधित पीड़िता को छह जून को ही सकुशल बरामद कर लिया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामले की कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। इसी क्रम में यातायात पुलिस ने शहर क्षेत्र के बस स्टैंड, हनुमान मंदिर और कसया ओवरब्रिज के आसपास विशेष चेकिंग अभियान चलाया। बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना ड्राइविंग लाइसेंस तथा बिना फिटनेस वाले ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 72 वाहनों का ई-चालान किया गया, जबकि दो वाहनों को सीज कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि ऐसे अभियान सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लगातार जारी रहेंगे।

## आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजने का अभियान तेज, 35 निराश्रित पशु पकड़े गए

**रुद्रपुर, देवरिया।** पिड़रा गांव में आवारा सांड के हमले में एक किसान की मौत के बाद स्थानीय प्रशासन ने निराश्रित पशुओं के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। गुरुवार को विकासखंड रुद्रपुर के खंड विकास अधिकारी एजाज अहमद की मौजूदगी में 35 निराश्रित पशुओं को पकड़कर पिपरा चंद्रभान गौशाला भेजा गया। इस अभियान में विकासखंड के सफाई कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव, सहायक विकास अधिकारी ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग के कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल रहे। पशुपालन विभाग रुद्रपुर के चिकित्सक एवं फार्मासिस्ट की निगरानी में पशुओं को सुरक्षित तरीके से गौशाला भेजा गया।

प्रशासन ने कैटिल कैचर वाहन की सहायता से आवारा पशुओं को पकड़वाया। सचिवों द्वारा सात वाहनों की व्यवस्था कर पशुओं को पिपरा चंद्रभान गौशाला पहुंचाया गया। अभियान के दौरान बीडीओ एजाज अहमद के साथ सहायक विकास अधिकारी ग्राम विकास वीरेंद्र प्रकाश मिश्रा, दीनानाथ प्रजापति, डॉ. बी.के. पटेल तथा कई ग्राम पंचायत सचिव और कर्मचारी मौजूद रहे। सहायक विकास अधिकारी ग्राम विकास वीरेंद्र प्रकाश मिश्रा ने बताया कि निराश्रित पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि विकासखंड क्षेत्र को आवारा पशुओं से मुक्त करना प्रशासन का लक्ष्य है। जब तक सभी निराश्रित पशुओं को गौशालाओं में नहीं पहुंचा दिया जाता, तब तक अभियान निरंतर चलता रहेगा। प्रशासन की इस कार्रवाई से किसानों और ग्रामीणों में राहत की उम्मीद जगी है।

# संक्षिप्त खबरें

## बहराइच में खौफनाक वारदात, मामूली विवाद में दबंग ने युवक को गहरी खाई में धकेला; इलाज के दौरान मौत



**बहराइच।** बौंडी के अलीपुर दरौना गांव में मामूली कहासुनी के बाद दबंग ने युवक को गहरी खाई में धक्का दे दिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में पहुंचाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। अलीपुर दरौना गांव निवासी सनीफ (22) बुधवार को अपने ही गांव के बेलहा बेहरौली तटबंध के किनारे एक दीवार पर बैठा था। आरोप है कि इस दौरान गांव का रहने वाला दबंग नाज भी वहा आ गया। दोनों में बातचीत के दौरान कहासुनी होने लगी। इससे नाराज होकर नाज ने सनीफ को गहरी खाई में धक्का दे दिया।

**इलाज के दौरान हुई मौत**

खाई में गिरने से उसकी गर्दन व शरीर में गंभीर चोट आई। जानकारी पाकर पहुंचे परिवारजन उसे तत्काल उपचार के लिए वजीरगंज के एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी महसी पवन कुमार और बौंडी थानाध्यक्ष त्रिलोकीनाथ मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किया। एसओ ने बताया कि मृतक के पिता हाकिम अली की तहरीर गांव निवासी नाज के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश में पुलिस टीम छापामारी कर रही है।

## बाराबंकी की पाटमऊ-कमरावां झील बनेगी इको-टूरिज्म का नया केंद्र, बनेंगे वॉच टावर

**बाराबंकी।** पाटमऊ-कमरावां झील को पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण पर्यटन के माडल के रूप में विकसित किया जाएगा। करीब 19 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली इस प्राकृतिक जलाशय पर पक्षी अवलोकन के लिए वाच टावर बनाए जाएंगे। झील में सालभर पानी बनाए रखने, कायाकल्प और सुरक्षा के लिए गेट व बैरिकेडिंग सहित कई कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। अवैध कब्जा हटने के बाद अब झील के कायाकल्प की योजना को गति मिल गई है। कभी अतिक्रमण और उपेक्षा की मार झेल रही पाटमऊ-कमरावां झील अब पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण पर्यटन की नई पहचान बनने की ओर बढ़ रही है। बंकी ब्लॉक की यह झील करीब 19 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली है, जहां हर वर्ष विभिन्न प्रजातियों के स्थानीय और प्रवासी पक्षियों का आगमन होता है। वन विभाग ने इसे बर्ड वाचिंग और इको-टूरिज्म के केंद्र के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना तैयार की है। जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए सोलर पैनल आधारित बोरिंग का कार्य पहले ही पूरा कराया जा चुका है। पाटमऊ ग्राम पंचायत के प्रधान राज किशोर सिंह ने बताया कि झील के संरक्षण के लिए लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा। झील की भूमि पर हुए अवैध कब्जों को हटवाने के लिए तहसील और जिला प्रशासन स्तर तक लगातार प्रयास किए गए। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद अतिक्रमण हटाया गया है।

## बाराबंकी में रास्ता मांगने पर संविदा बिजलीकर्मी की पीट-पीटकर हत्या, लोगों ने सड़क पर लगाया जाम

**बाराबंकी।** सड़क पर डीजे बजाकर नाच रहे हुड़दंगियों ने रास्ता मांग रहे बाइक सवार संविदा बिजलीकर्मी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मूल रूप से सीतापुर निवासी मृतक के भाई ने ग्राम प्रधान के पति सहित अन्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पोस्टमार्टम के बाद जाते समय लोगों ने खेवली चौराहा पर शव उतारकर जाम व प्रदर्शन का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें समझाकर भेज दिया। देवा के मीरपुर मजरे टाइकला निवासी दुर्गेश रावत कुर्सी में बिजली विभाग में संविदा पर कार्य करते थे। मूल रूप से चौबेपुर, अटरिया जिला सीतापुर निवासी दुर्गेश करीब 15 साल से मीरपुर निवासी अपनी मौसी के यहां रहते थे। दुर्गेश के मौसेरे भाई अखिलेश ने बताया कि मंगलवार देर रात दुर्गेश बिजली टावर की मरम्मत के लिए लेबर लेने गांव आ रहे थे। रास्ते में आजादनगर के पास कुछ लोग खड़ंजे पर डीजे लगाकर डांस कर रहे थे। दुर्गेश ने रास्ता देने के लिए कहा तो विवाद हो गया और नशे में धुत लोगों ने शटरिंग की पटरी से दुर्गेश की पीट-पीटकर हत्या कर दी। अखिलेश ने बताया कि हत्या को दुर्घटना का रूप देने के लिए दुर्गेश को आनन-फानन में सीएचसी देवा पहुंचाया गया। जहां दुर्गेश के फिंगरप्रिंट से मोबाइल का लॉक खोलकर रात करीब दो बजे परिवारजन को मौत की सूचना दी गई। मंगलवार को दुर्गेश के भाई मनी रावत ने माती में अंकित चौहान, प्रधान के पति मानसिंह, श्यामदेव, प्रमोद चौहान, प्यारे, कल्लू सहित अन्य लोगों पर हत्या का मुकदमा कराया है। बुधवार दोपहर बाद पोस्टमार्टम के बाद शव को सीतापुर ले जाते समय परिवारजन ने खेवली चौराहे पर शव को उतारकर सड़क पर रखकर प्रदर्शन का प्रयास किया, लेकिन समय से पुलिस ने उन्हें समझाकर जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन देकर रवाना कर दिया। फोरेंसिक टीम ने मौके से खून के धब्बे और पटरी बरामद कर कब्जे में लिया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि प्रथम सूचना और प्रारंभिक जांच हादसे की ओर इशारा कर रहा है। फिलहाल हत्या का मुकदमा कर लिया गया है, जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# 100 करोड़ के घोटाले में आईफोन शोरूम मालिक के घर रेड

**● ईडी ने बरेली के कारोबारी आशुतोष अग्रवाल के घर 40 घंटे से अधिक समय तक छापा मारा, जो 100 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले से जुड़ा है। यह जांच पंजाब के पूर्व मंत्री संजीव अरोरा से मिले सुरागों पर आधारित है, जिसमें कारोबारी के दुबई तक के व्यापारिक संबंधों की भी पड़ताल की जा रही है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** आइफोन शोरूम के मालिक एवं कई कंपनियों के डिस्ट्रीब्यूटर आशुतोष अग्रवाल के मोबाइल फोन, लैपटाप, वित्तीय लेनदेन से जुड़े कागज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त कर लिए। 40 घंटे बाद भी बुधवार को टीम उनके घर एवं गोदाम की जांच करती रही। ईडी अधिकारी जानने का प्रयास कर रहे कि 100 करोड़ की जीएसटी चोरी एवं मनी लांड्रिंग मामले में आशुतोष अग्रवाल की भूमिका है अथवा नहीं। पंजाब के पूर्व मंत्री संजीव अरोरा को फोन खरीद-बिक्री में 100 करोड़ की जीएसटी रिटर्न चोरी एवं मनी लांड्रिंग में पकड़ा गया था। उनसे पूछताछ के आधार पर ईडी ने मंगलवार सुबह सात बजे मारवाड़ीगंज स्थित आशुतोष अग्रवाल के घर छापा मारा। उनका सिविल लाइंस में आइफोन का शोरूम है। ऐसे में माना जा रहा कि उनके एवं संजीव अरोरा के बीच कारोबारी रिश्ते होंगे। आशुतोष अग्रवाल हिंदुस्तान यूनिलीवर, कैडबरी समेत कई कंपनियों के डिस्ट्रीब्यूटर भी हैं, जिनका गोदाम घर के एक हिस्से में बनाया गया। ईडी उनके सभी वित्तीय लेनदेन की तह तक जाने में जुटी है। यह भी देखा जा रहा कि कई कंपनियां बनाकर वित्तीय अनियमितताएं, जीएसटी रिटर्न चोरी तो नहीं की गई। इसकी तह तक जाने के लिए कारोबारी के लैपटाप, हार्ड डिस्क, सभी खातों की जांच हो रही। वास्तविक कारोबार एवं घोषित टर्नओवर के बीच अंतर भी मालूम किया जा रहा है। कारोबार के घर में किसी को जाने की अनुमति नहीं है, उनके घर का कोई सदस्य बाहर भी नहीं आ सकता। दरवाजे पर फोर्स तैनात कर दी गई है। बुधवार देर रात तक ईडी अफसर उनके घर में जांच करते रहे।

**आशुतोष के स्थानीय नेटवर्क पर ईडी की नजर**

100 करोड़ रुपये की गड़बड़ी की तह तक जाने में जुटे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अफसर मारवाड़ीगंज तक आ गए। यहां कारोबारी आशुतोष अग्रवाल के घर दो दिन से लगातार जांच चल रही है, जिसमें स्थानीय नेटवर्क भी निशाने पर माना जा रहा है। आशुतोष अग्रवाल के कौन-कौन से व्यापार हैं, उनमें व्यापारिक साझेदार कौन-कौन हैं, कितना लेनदेन हुआ, ऐसे कई बिंदुओं को ईडी की जांच में शामिल किया जा सकता है। ईडी के अधिकारी इस संबंध में कोई बयान तो जारी नहीं कर रहे मगर दो दिन से चली रही जांच प्रत्येक दिशा की ओर बढ़ती नजर आ रही है।

**बुधवार देर रात तक जारी ही छापेमारी**

पंजाब के पूर्व मंत्री संजीव अरोरा से पूछताछ में ईडी को बरेली के कारोबारी आशुतोष अग्रवाल के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद ईडी ने मारवाड़ीगंज स्थित आशुतोष के घर मंगलवार सुबह छापा मारा। छापेमारी दूसरे दिन बुधवार देर रात तक जारी रही। अब आशुतोष से पूछताछ में जो हासिल होगा, उसे जांच का अगला हिस्सा बनाया जा सकता है। आशुतोष का पहले आढ़त का काम था। वह कई वर्षों से मोबाइल फोन का कारोबार कर रहे हैं और सिविल लाइंस में आइफोन का शोरूम खोला। मारवाड़ीगंज में कई कंपनियों की डिस्ट्रीब्यूटरशिप संचालित करते हैं। उनका कारोबार दुबई तक बताया जा रहा है। इसके अलावा सिविल लाइंस के बड़े ज्वैलरी शोरूम में भी उनकी साझेदारी बताई जाती है।

**पहले थी बैग बनाने की फैक्ट्री**

उनकी एक फरीदपुर से पहले बैग बनाने की भी फैक्ट्री है। जिन पार्टनर के साथ वह बरेली में ज्वैलरी कारोबार कर रहे हैं, उनका दूसरे शहरों में भी शोरूम है। ऐसे में माना जा रहा कि शहर के बाहर भी उन दोनों की साझेदारी हो सकती है। आशुतोष के कारोबार में शामिल स्थानीय कारोबारियों की क्या भूमिका है, इसे भी जांच के दायरे में लाया जा सकता है। ऐसे में आशुतोष अग्रवाल से जुड़े कारोबारी भी ईडी की जांच पर नजर बनाए हुए हैं, उन्हें डर है कि कहीं उन तक ईडी की जांच न पहुंच जाए। सूत्रों की मानें तो शहर के कुछ व्यापारी भी आशुतोष अग्रवाल के घर पर ईडी की छापेमारी के बाद से पंजाब के पूर्व मंत्री से कनेक्शन होने की बात को लेकर चिंतित हैं। इनमें वह कारोबारी हैं, जो उनके करीबी भी हैं। ऐसे में कोई इस संबंध में बोलने से बच रहा है।

**कारोबारी के घर के बाहर नहीं कोई हलचल**

आशुतोष अग्रवाल के घर ईडी की जांच के दूसरे दिन भी कोई हलचल नहीं दिखी लेकिन आसपास का इलाका सामान्य दिनों की तरह ही दिखा। घर के अंदर ईडी की टीम कंप्यूटर, लैपटाप समेत अन्य दस्तावेजों को खंगाल रही है। कारोबारी के घर के बाहर सिर्फ कारें ही खड़ी हैं, जिनमें कुछ दिल्ली तो कुछ बरेली नंबर की हैं। दोपहर में घर के पास खड़ी कार से दो लोग कहीं गए लेकिन उन्होंने किसी से संपर्क नहीं किया। इस दौरान बाहर एक युवक भी फोन पर बात करते दिखा लेकिन जब उससे ईडी के संबंध में पूछने का प्रयास किया गया तो उसने पास के घर में आने का बहाना बना दिया और वहां से चला गया। ईडी पता कर रही है कि कहीं कोई फर्जी लेनदेन कर जीएसटी की गड़बड़ी तो नहीं की गई है।

# हाईवे पर मौत बनकर दौड़ी रफ्तारः रोडवेज बस दो ट्रकों के बीच फंसी, चालक की दर्दनाक मौत




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर (शाहजहांपुर)।** लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। धनेली पल्टू गांव के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस आगे चल रहे ट्रक से टकराने के बाद पीछे से आए दूसरे भारी वाहन की चपेट में आ गई। हादसा इतना भयावह था कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिचालक समेत पांच यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात करीब पौने दो बजे हाईवे पर अचानक अफरातफरी मच गई। बताया जाता है कि आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे आ रही रोडवेज बस संभल नहीं सकी और सीधे ट्रक में जा घुसी। इसी बीच पीछे से आ रहे एक अन्य भारी वाहन ने भी बस को जोरदार टक्कर मार दी। दो वाहनों के बीच फंसी बस के परखच्चे उड़ गए और चीख-पुकार मच गई। हादसे में बरेली जिले के नवाबगंज क्षेत्र निवासी चालक प्रमोद कुमार (30) पुत्र शिशुपाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं परिचालक मुनेश कुमार समेत पांच अन्य यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और पीआरवी टीम मौके पर पहुंच गई। घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां से गंभीर हालत होने पर उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया और दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं।

पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस को हटवाकर लगभग आधे घंटे बाद यातायात सुचारु कराया। उधर चालक प्रमोद कुमार की मौत की खबर जैसे ही उनके गांव पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी रेखा देवी, दो वर्षीय पुत्र वैभव, पिता शिशुपाल, मां सोनतारा, भाई रणवीर, रंजीत, अनुज तथा बहन सुनीता को छोड़ गए हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दुर्घटना में शामिल एक वाहन को कब्जे में लिया गया है, जबकि हादसे के बाद फरार चालक और वाहन की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बरेली के तिलहर में बस दुर्घटना में चालक की मौत, आक्रोशित चालकों ने रोका बस संचालन




**बरेली।** आंधी वर्षा के बाद लखनऊ से आ रही रुहेलखंड डिपो की बस तिलहर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में चालक की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद किसी अधिकारी के फोन न उठाने से आक्रोशित चालकों ने सेटेलाइट बस अड्डे पर हंगामा किया और बस का संचालन ठप कर दिया है। बिसिरमपुरा भुता निवासी चालक प्रमोद कुमार बस लेकर लखनऊ गए थे। वापसी में रात तीन बजे तिलहर में बस, सड़क किनारे खड़े ट्राला से टकरा गई, जिसमें चालक की मौत हो गई। जबकि परिचालक मुनेश कुमार घायल हो गए। दुर्घटना के बाद किसी अधिकारी ने फोन नहीं उठाया। इस पर चालकों में आक्रोश फैल गया। सेटेलाइट वर्कशाप गेट पर चालक परिचालकों ने जाम लगाकर प्रदर्शन किया। बसों का संचालन ठप कर दिया है। परिवहन निगम के अधिकारी मामला शांत कराने के प्रयास कर रहे हैं।

## मेला और मंदिर में श्रद्धालुओं को बना रही थीं निशाना

**● महिला चोर गिरोह दबोचा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तिलहर (शाहजहांपुर)।** धार्मिक स्थलों तथा मेलों में श्रद्धालुओं के जेवरात उड़ाने वाले सक्रिय महिला चोर गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया है। पुलिस ने घेराबंदी कर तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। पिछले कुछ समय से कछियानी खेड़ा स्थित हनुमान मंदिर तथा बिरियाबाबा मेले में महिलाओं के गले, कान से जेवर चोरी होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही थीं। शिकायतों के बढ़ने पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष निगरानी शुरू की थी। कटरा क्षेत्र के नगला मधा निवासी अजय सिंह ने मंदिर परिसर में पत्नी की सोने की चेन चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं गोपालपुर ठठिउरा निवासी रनबीर ने बिरियाबाबा मेले में अपनी बहन के कानों से कुंडल चोरी होने की शिकायत पुलिस से की थी। दोनों घटनाओं के बाद पुलिस ने संदिग्धों की तलाश तेज कर दी थी। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी इशिका सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर बिलहरी मार्ग के कच्चे रास्ते पर घेराबंदी कर तीन महिलाओं को हिरासत में लिया गया। पूछताछ और तलाशी के दौरान उनके पास से भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान ज्ञानवती उर्फ गेंदा वती, भूरा तथा प्रियंका के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार बरामद सामान में सोने की चेन, मंगलसूत्र, कुंडल, टॉप्स, लॉकेट, नथ, टीका सहित बच्चों के आभूषण और चांदी की पायलें शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि गिरोह भीड़भाड़ वाले धार्मिक आयोजनों और मेलों में महिलाओं को निशाना बनाता था।

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गिरोह कितने समय से सक्रिय था और इसके अन्य सदस्य कौन-कौन हैं। बृहस्पतिवार को तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस बरामद आभूषणों की पहचान कराने के साथ-साथ अन्य चोरी की घटनाओं से भी गिरोह का संबंध खंगाल रही है।

## पैंतीस हजार रिश्वत लेते सिपाही गिरफ्तार, थाना अध्यक्ष निलंबित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तिलहर-शाहजहांपुर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी करप्शन संगठन, बरेली की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जैतीपुर थाने में तैनात एक रिक्रूट आरक्षी को 35 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। शिकायतकर्ता सुधांशु कुमार शर्मा, निवासी ग्राम झुकसा, थाना दातागंज, जनपद बदायूं, हाल पता रघु वाटिका कॉलोनी, इटऊआ रोड, सुभाषनगर, बरेली ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन, बरेली से शिकायत करते हुए आरोप लगाया गया था कि उनके विरुद्ध दर्ज एक मुकदमे में विवेचना का निस्तारण कराने के नाम पर जैतीपुर थाने में तैनात रिक्रूट आरक्षी विवेक कुमार, निवासी जनपद बुलंदशहर, 35 हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा था। शिकायत का सत्यापन कराने के बाद एंटी करप्शन टीम ने नियमानुसार जाल बिछाया। गुरुवार दोपहर थाना परिसर के पीछे स्थित आवास पर जैसे ही शिकायतकर्ता ने आरोपी आरक्षी को तय रकम सौंपी, टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे 35 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सान्याल के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के बाद आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इसके उपरांत उसके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। वैधानिक कार्रवाई के लिए आरोपी को गढ़िया रंगीन थाने ले जाया गया। एंटीकरप्शन के छापे की खबर मिलते ही थाना अध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह दीवार कूद कर भाग खड़े हुए। क्योंकि मुकदमे की विवेचना थानाध्यक्ष स्वयं कर रहे थे इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने थाना अध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इस कार्रवाई की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

## देवहा नदी में बाढ़ आपदा से बचाने हेतु दिया गया प्रशिक्षण बाहर जागीर में



**बरेली/** नवाबगंज तहसील के सीमावर्ती ग्राम बाहर जागीर के समीप बह रही देवहा नदी में प्रत्येक वर्ष बड़ी सैलाब आती है जिसके कारण लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है परंतु इस आपदा से बचाने के लिए आज ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया गया जिसके तहत नदी के जाल में यदि कोई व्यक्ति डूब जाता है। तो उसे किस तरह से बचाया जा सकता है इसके लिए तहसील प्रशासन से लेकर पुलिस विभाग एवं गोताखोर टीम गांव पहुंची और उन्होंने ग्रामीणों को इस आपदा से बचने के लिए प्रशिक्षित किया गया ताकि किसी भी व्यक्ति के साथ इस तरह की अप्रिय घटना घटित ना हो यदि होती है तो ऐसी स्थिति में उसे किसी आपदा से कैसे बचाया जाए यह जानकारी सामूहिक रूप से दी गई इसके लिए गांव में लोगों को जागरूक किया गया और प्राकृतिक आपदा से बचने के संबंध में पूर्ण रूप से जानकारी दी गई इस मौके पर ग्राम प्रधान दीनदयाल गंगवार प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह एवं तहसील से राजस्व टीम आदि के साथ गोताखोर उपस्थित थे।

## फिरोजाबाद की मस्जिद में इमाम ने किया था किशोरी से दुष्कर्म, पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचा; पैर में लगी गोली



**● फिरोजाबाद में मस्जिद के इमाम जाकिर हाफिज को किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पैर में गोली लगने से घायल इमाम को सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**फिरोजाबाद।** मस्जिद में दुष्कर्म के आरोपित इमाम को रामगढ़ पुलिस ने बुधवार सुबह नौ बजे मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पैर में गोली लगने से घायल होने पर उसे सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। रविवार दोपहर एक बजे एक मुहल्ले में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी मस्जिद में उर्दू सीखने के लिए आई थी। साथ में अन्य बच्चे और भी थे। पढ़ाई के बाद सभी बच्चे घर चले गए, इस बीच इमाम जाकिर हाफिज निवासी दीदामई नूरनगर ने किशोरी से पीने के लिए पानी मंगवाया। वह पानी लेकर आई, इस बीच इमाम ने उसे अपने कमरे में खींच कर दुष्कर्म किया। वह रोते हुए घर पहुंची, इस बीच आरोपित फरार हो गया। उसी दिन शाम को किशोरी की मां ने प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस की दो टीमें उसकी तलाश कर रही थीं। एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद ने बताया कि सुबह नौ बजे पुलिस को पता चला कि आरोपित जाकिर ममता डिग्री कालेज के समीप अंडरपास के पास कहीं भागने के प्रयास में खड़ा है। इंस्पेक्टर संजीव दुबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो उसने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद किया गया।

## पड़ोसी ने किया था किशोरी को अगवा, फिरोजाबाद पुलिस को ढूंढने में लग गए 42 महीने

**● फिरोजाबाद में एक किशोरी को पड़ोसी युवक अगवा कर ले गया था, जिसे पुलिस ने 42 महीने बाद नोएडा से बरामद किया। युवती युवक के साथ रह रही थी और उनके दो बच्चे भी हैं, उसने उसी के साथ रहने की इच्छा जताई।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** रजावली के एक गांव से पड़ोसी युवक किशोरी को अगवा कर ले गया। उसके साथ शादी की और नोएडा में रहने लगा। गांव में भी आता जाता रहा। किशोरी के स्वजन ने उस पर शक जताते हुए पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद भी पुलिस को किशोरी बरामद करने में 42 महीने लग गए। वो भी तब जब उसके घर वाले हर चौखट पर फरियाद लगा रहे थे। एक वर्ष पूर्व मानव तस्करी की आशंका जताते हुए मामले की जांच एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) को सौंपी गई थी। पीड़ित पिता के अनुसार वर्ष 2023 में 22 जनवरी को उनकी 17 वर्षीय बेटी लापता हो गई थी। उन्हें शक था कि पड़ोस में रहने वाला युवक राजकुमार और उसका दोस्त सुनील बेटी को बहला फुसलाकर अगवा कर ले गए हैं, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने में एक महीना लगा दिया। पिता के अनुसार पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में भी लिया, लेकिन तीन दिन थाने में रखने के बाद छोड़ दिया। इसके बाद वह बेटी की सकुशल बरामदगी के लिए लगातार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाते रहे। इस दौरान राजकुमार कई बार गांव आया और गया। 28 मई को पुलिस ने उन्हें थाने बुलाया। वहां से अपनी गाड़ी से नोएडा ले गई। पूरी रात घुमाने के बाद 29 मई को नोएडा में परी चौक के पास से बेटी और राजकुमार को पकड़ लिया। दोनों से पूछताछ में पता चला कि वे वहां पति-पत्नी की तरह रह रहे थे। उनके दो बच्चे भी हैं। आरोप है कि नोएडा आने और जाने का खर्चा भी पुलिस ने पिता से वसूल किया। फिर यहां आने के बाद बेटी और उसके बच्चों को आरोपित के स्वजन के साथ भेज दिया। जबकि उन्होंने बेटी को अपने घर ले जाने की बात कही थी। एसओ बृजकिशोर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम दोनों को




लेकर थाने आई थी। इसके बाद आरोपित को कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा है। वहीं युवती को उसकी इच्छा के अनुसार युवक के घर भेजा गया है।

**सर्विलांस और एएचटीयू के प्रयास से मिले थे सुराग**

साढ़े तीन वर्ष पुराने इस मामले में ढाई वर्ष तक जब थाना पुलिस मामले में कोई सुराग नहीं जुटा पाई। तब एक वर्ष पूर्व मानक तस्करी की आशंका पर इस मामले को एएचटीयू को भेजा गया था। यूनिट ने सर्विलांस का सहयोग लेकर तथ्य जुटाए। इसी दौरान एक ऐसा मोबाइल नंबर मिला जिस पर राजकुमार की दिन में कई बार बात होती थी। ये नंबर किशोरी (अब युवती) का था। यह मोबाइल नंबर एक बैंक खाते से जुड़ा था। बैंक खाते की जानकारी से उनका पूरा पता मिल गया। इसके बाद पुलिस उन तक पहुंची।

## फिरोजाबाद के कैलादेवी मंदिर का बदलेगा स्वरूप, 14.80 करोड़ रुपए से बनेगा भव्य कॉरिडोर

**● फिरोजाबाद के श्री राजराजेश्वरी कैलादेवी मंदिर में वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर की तर्ज पर गलियारा बनाया जाएगा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर की तर्ज पर शहर के प्रमुख श्री राजराजेश्वरी कैलादेवी मंदिर पर गलियारे का निर्माण कराया जाएगा। नगर निगम प्रशासन ने मंदिर के कायाकल्प की योजना बनाई है। मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग को चौड़ा करने के साथ ही मंदिर के आसपास की दुकानों को व्यवस्थित किया जाएगा। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के बैठने के लिए शेड और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था होगी। इस पर 14.80 करोड़ की धनराशि खर्च की जाएगी। कोटला रोड स्थित रामलीला मैदान के निकट स्थित कैलादेवी मंदिर राजस्थान के कैलादेवी मंदिर का प्रतिबिंब है। इसकी ख्याति दूर-दूर तक फैली है। यहां सुबह से देर शाम तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। नवरात्र में शहर, ग्रामीण क्षेत्रों के साथ दूसरे जिलों से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। सुबह मंगला दर्शन के लिए 20 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचते हैं। सुबह से रात तक सैकड़ों नेजा चढ़ते हैं। इस दौरान मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार से पहले ही लंबी



कतार लग जाती है, जिससे श्रद्धालुओं का पैदल निकलना भी मुश्किल होता है। नगर निगम प्रशासन ने इस समस्या को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री वैश्विक नगर योजना के तहत बांके बिहारी मंदिर की तर्ज पर गलियारा बनाने की योजना बनाई है। सरकार की प्राथमिकता पर नई दिल्ली की फर्म के माध्यम से ड्रोन के माध्यम से सर्वे कराने के साथ आकर्षक डिजाइन भी तैयार कराई जा रही है।

## किसानों को मिलेंगी सभी सुविधाएं एक ही जगह, फिरोजाबाद में खोले जाएंगे नौ एग्री जंक्शन

**● फिरोजाबाद में किसानों को कृषि से जुड़ी सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए नौ एग्रीजंक्शन केंद्र खोले जाएंगे। इन केंद्रों का संचालन कृषि स्नातक युवा करेंगे, जहां बीज, खाद, कृषि यंत्र और सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलेगी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**फिरोजाबाद।** किसानों को एक ही स्थान पर कृषि से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिले में नौ प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन (एग्रीजंक्शन) केंद्र खोले जाएंगे। ब्लाक मुख्यालयों पर इन केंद्रों की स्थापना वन स्टाप सेंटर के रूप में की जाएगी। केंद्रों के संचालन का जिम्मा कृषि से स्नातक युवाओं को दिया जाएगा। योजना के तहत किसानों को बीज-खाद, कीटनाशक, जैव उत्पाद, कृषि यंत्र और सरकारी योजनाओं की जानकारी एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाएगी।

केंद्रों पर किसान आधुनिक तकनीक, मृदा परीक्षण के आधार पर खाद के छिड़काव की सलाह, फसल प्रबंधन और बाजार संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा छोटे कृषि यंत्र किराए पर मिलेंगे ही प्रगतिशील तरीके से खेती करने के तरीके भी बताए जाएंगे। प्रत्येक ब्लाक में खुलने वाले एग्री जंक्शन की लागत करीब 4.22 लाख रुपये शासन ने निर्धारित की है। इसमें 3.5 लाख रुपये तक का बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इस पर 7.5 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान दिया जाएगा। उप निदेशक कृषि सतेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कृषि स्नातकों को इस काम को करने के लिए मौका मिलेगा। इसके लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। केंद्र खोलने से पहले युवाओं को एक पखवाड़े का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एग्री जंक्शन खुलने से युवाओं को रोजगार और किसानों की भागदौड़ बढ़ेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पॉलीथीन के खिलाफ नगर पालिका का अभियान, छह दुकानदारों से वसूला जुर्माना



**गोपीगंज।** विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के तहत नगर पालिका परिषद ने गुरुवार को प्रतिबंधित पॉलीथीन के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। अधिशाषी अधिकारी बीना सिंह के नेतृत्व में नगर के विभिन्न बाजारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई। अभियान के दौरान छह दुकानदारों के पास प्रतिबंधित पॉलीथीन मिलने पर करीब 2.5 किलोग्राम पॉलीथीन जब्त की गई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण नियमों के उल्लंघन पर संबंधित दुकानदारों से कुल 1500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। अधिशाषी अधिकारी बीना सिंह ने व्यापारियों, ठेला-खुमचा संचालकों एवं आम नागरिकों को जागरूक करते हुए पॉलीथीन के स्थान पर कपड़े तथा अन्य पर्यावरण अनुकूल थैलों के उपयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित पॉलीथीन पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने चेतावनी दी कि नगर पालिका द्वारा आगे भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे और प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अभियान में विष्णु पांडेय, अचल श्रीवास्तव, आशीष यादव, सफाई निरीक्षक समेत नगर पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### नगर विधायक श्री रत्नाकर मिश्र का प्रयास रंग लाया

**» मंडल मुख्यालय पर खुला रजिस्ट्रार, सोसाइटी एंड चिट फंड का दफ्तर**

**» मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था नगर विधायक श्री मिश्र ने**

**» कमिश्नर को भी दिया गया था ज्ञापन एवं सामाजिक संगठनों ने की थी मांग**







**मिर्जापुर।** मंडल मुख्यालय पर रजिस्ट्रार, सोसाइटी फर्म्स एंड चिट फंड का दफ्तर खोले जाने की लंबे दिनों से की जा रही मांग पूरी हुई। उल्लेखनीय है कि मान्यता प्राप्त निजी स्कूल एसोसिएशन के अलावा अनेक सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता भारी संख्या में कमिश्नर श्री राजेश प्रकाश को पत्रक दिया था। कार्यालय खोले जाने की शुरुआती मांग पर कमिश्नर अत्यंत सक्रिय हुए और शासन से पत्राचार किया लेकिन यह विभाग मुख्य मंत्री के पास होने के नाते कार्यालय खुलने में विलंब होने लगा। **अंततः** मान्यता प्राप्त निजी स्कूल एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल नगर विधायक श्री रत्नाकर मिश्र से लगभग 15 दिनों पहले मिला था। प्रतिनिधिमंडल की मांग को जायज बताते हुए नगर विधायक ने मुख्यमंत्री के नाम लिखित पत्र भेजा। जिस पर फौरी कार्रवाई हुई और अंततः विकास भवन में कार्यालय खुल गया। मंडल मुख्यालय पर कार्यालय खुलने से विंध्याचल मंडल के तीनों जनपदों की संस्थाओं को वाराणसी चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

### बाजार से लौट रहे युवक पर हमला, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम घाटमपुर (भोपतपट्टी) में बाजार से घर लौट रहे एक युवक पर कथित रूप से हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम घाटमपुर (भोपतपट्टी) निवासी जीतू कुमार पासी ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उनका भाई दीपक उर्फ बंडल सरोज 9 जून की रात करीब नौ बजे बाजार से घर लौट रहा था। इसी दौरान भोपतपट्टी नहर पुलिया के पास गांव के टोनू सरोज, राजन सरोज तथा चंदन उर्फ बंटी ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए राड, डंडे तथा लात-घूंसों से मारपीट की।

तहरीर के अनुसार मारपीट में दीपक के सिर और गर्दन में चोटें आई। शोरगुल सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी कथित रूप से धमकी देते हुए वहां से चले गए। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर गोपीगंज पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पिकप और बाइक की आमने सामने टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत, बाइक चालक की हालत गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हलिया मीरजापुर।** ड्रमंडगंज बाजार स्थित पुराने नेशनल हाईवे पर गुरुवार पूर्वाह्न सवा ग्यारह बजे के करीब बाइक और पिकप वाहन की आमने सामने टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल बाइक चालक का उपचार चल रहा है। जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। क्षेत्र के देवहट गांव निवासी कमला शंकर बिंद का 26 वर्षीय पुत्र आशीष बिंद प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के बैदवार गांव निवासी श्रमिक हरि कोल के 25 वर्षीय पुत्र अब्बू कोल के साथ बाइक से ड्रमंडगंज बाजार किसी कार्य से गया था।सुबह सवा ग्यारह बजे के करीब घर लौटते समय जैसे ही बाजार स्थित मस्जिद के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे अनियंत्रित पिकप वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं पिकप चालक घटना के बाद मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों की सूचना के आधे घंटे बाद पुलिस पहुंची लेकिन तब तक स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को उपचार हेतु एंबुलेंस से न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज भिजवाया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे स्वजन दोनों घायलों को उपचार हेतु सीएचसी कोरांव ले गए। जहां पहुंचने पर चिकित्सक ने अब्बू कोल को देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल बाइक चालक आशीष को चिकित्सक ने प्रयागराज स्थित स्वरूप रानी चिकित्सालय रेफर कर दिया। मृतक बाइक सवार अब्बू कोल बुधवार को देवहट गांव निवासी कमला शंकर बिंद के यहां बांस काटने के लिए आया था।बांस काटने के बाद कुल्हाड़ी ले जाना भूल गया था जिसे लेने के लिए गुरुवार को दोबारा देवहट गांव आया था कि सड़क दुघर्टना का शिकार हो गया। मृतक अब्बू कोल चार भाइयों में सबसे छोटा था मेहनत मजदूरी कर परिवार का जीविकोपार्जन करता था।इस संबंध में थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि पिकप वाहन व बाइक की टक्कर में प्रयागराज जिला निवासी बाइक सवार युवक की मौत हो गई है।जबकि देवहट गांव निवासी बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है।पिकप वाहन को कब्जे में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

## नशा उन्मूलन अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर रेंजर एवं भातखंडे के संयुक्त तत्वावधान में नशा उन्मूलन अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ.माधवी शुक्ला ने की।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य,परिवार और समाज पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा देने का आह्वान किया।कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ.मनीषा शुक्ला रहीं। उन्होंने नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा वर्ग यदि जागरूक हो जाए तो नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में जन-जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर डॉ. दीप नारायण ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। सभी प्रतिभागियों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने नशा उन्मूलन अभियान की आवश्यकता एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में डॉ.रजनीश ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में डॉ.चन्दन शाहू,डॉ कुसुमलता,डॉ अवधेश सिंह यादव,डॉ रमेश चंद,डॉ अरविंद कुमार,डॉ स्मिता, धर्म चंद सहित कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन नशामुक्त भारत के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सांसद ने किया विशेष पूजन



**भदोही।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रसेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में नया कीर्तिमान स्थापित करने के उपलक्ष्य में सांसद डॉ. विनोद बिंद ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सेमराधनाथ मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन एवं आरती कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और जनसेवा को समर्पित नेतृत्व के लिए प्रार्थना की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया तथा कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। सांसद डॉ. विनोद बिंद ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस स्वर्णिम कार्यकाल का साक्षी बनने और उनके मार्गदर्शन में देश की सेवा करने का अवसर मिला है, जो उनके लिए सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विमल मिश्रा, जिला मंत्री सुनील बिंद, मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश मौर्य, शैलेश पांडे, पंकज बिंद, शिवम तिवारी सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# खंडहर में बदला बरवा का आयुर्वेदिक चिकित्सालय, बड़े हादसे की आशंका, जिलाधिकारी से गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौरी, भदोही** विकास खंड भदोही के अंतर्गत आदर्श ग्राम सभा बरवा में स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय अपनों की बेरुखी के कारण आज खुद बीमार होकर पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो चुका है। अस्पताल की इमारत इस कदर अति जर्जर हो चुकी है कि तेज आंधी-तूफान या भारी बारिश में यह कभी भी भरभरा कर गिर सकती है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, सुरक्षा का कोई इंतजाम न होने से इस जर्जर खंडहर में कुछ पशुपालक अपने मवेशियों को बांधते हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि चिकित्सालय के ठीक बगल में श्री गणेश प्रसाद इंटर कॉलेज स्थित है, जहाँ रोजाना सैकड़ों बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। छुट्टी के दौरान या खाली समय में बच्चे अक्सर खेलते हुए इस जर्जर अस्पताल के सामने आ जाते हैं। इमारत की जर्जर स्थिति को देखते हुए यहाँ कभी भी कोई बड़ा और अप्रिय हादसा हो सकता है।

**जिलाधिकारी से सुरक्षा और बाउंड्रीवॉल की मांग**

मामले की गंभीरता और जनहित को देखते हुए अवधेश शुक्ला ने भदोही के जनप्रिय जिलाधिकारी से इस संबंध में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि बच्चों और ग्रामीणों की सुरक्षा के मद्देनजर इस खतरनाक हो चुके खंडहर को तत्काल गिरवाया जाए और परिसर के चारों तरफ बाउंड्रीवॉल (चारदीवारी) का निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी अनहोनी को टाला जा सके।

इस मौके पर ग्राम सभा बरवा के पूर्व प्रधान श्री प्रेम शंकर मिश्रा, सुरेश पांडेय, अरुण कुमार मिश्र, विजय शंकर मिश्र, राम प्रकाश मिश्र, अवधेश दुबे, राधे श्याम दुबे, कुंदन मिश्र और भारत लाल मिश्र सहित भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे और सभी ने इस जनहित की मांग का पुरजोर समर्थन किया।

# दस्तावेजों के ई पंजीकरण के विरोध में अधिवक्ताओं का चक्रमण


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** दस्तावेजों के ई पंजीकरण के विरोध में अधिवक्ताओ ने बृहस्पतिवार को तहसील परिसर में चक्रमण, नारेबाजी करते हुए राज्यपाल के नाम संबोधित मांग पत्र उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा को सौंपा।अधिवक्ताओं ने ई पंजीकरण माड्यूल के माध्यम से दस्तावेज पंजीकरण कराएं जाने के निर्णय का विरोध करते हुए कहा कि यह व्यवस्था पूर्णतया अव्यवस्थित है और अधिवक्ता विरोधी है। प्रस्तावित पंजीकरण व्यवस्था में आपराधिक किस्म के व्यक्तियों द्वारा जबरन गरीब, कमजोर व्यक्तियों से दस्तावेज निष्पादित करा लेने की संभावना बढ जाएगी। अधिवक्ताओं ने यह भी कहा कि तयसुदा प्रतिफल व बाजारू मूल्य में अंतर होता है अनपढ़ विक्रेता को रकबे का ज्ञान नही होता है।नए प्राविधान से क्रेता प्राइवेट संस्था से मिली भगत कर पंजीकरण प्रणाली को दूषित बना सकते हैं। मांग किया कि उक्त नए व्यवस्था को वापस लिया जाय।अधिवक्ताओ ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मांग पूरी नही हुई तो अधिवक्तागण सब रजिस्ट्रार कार्यालय में तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन करेगें। नवयुवक अधिवक्ता समिति के पदाधिकारी व अन्य अधिवक्ताओ ने एक ओर ई पंजीकरण माड्यूल के विरोध मे चक्रमण, नारेबाजी कर मांगपत्र सौपते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहे दूसरी तरफ सब रजिस्टर कार्यालय पहुंच कर दस्तावेजों का पंजीकरण कराया। इस दौरान अध्यक्ष शिवशंकर सिंह एड0, महामंत्री रामविलास एड0 , राममूरत यादव एड0,पूर्व अध्यक्ष मुन्नूगुप्ताएड0, गुरुदास एड0, आलोक द्विवेदी एड0, शशिकांत मिश्रा एड0, शितला प्रसाद यादव एड0, राहुल सिंह एड0,सुनील मिश्रा एड0,दिनेश गुप्ता एड0, कल्लू सिंह एड0, संजय त्रिपाठी एड0, सुबाष सिंह एड0, गिरिश यादव एड0, जय जायसवाल एड0, बिन्दू निषाद एड0, प्रिया उपाध्याय एड0, दिलीप सोनकर एड0,अभय सिंह एड0, सुनिल कुमार एड0, राजेश कुमार गुप्ता एड0 सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## स्थायीकरण व 10 हजार मानदेय की मांग को लेकर रसोइयों का प्रदर्शन

**गोपीगंज।** राष्ट्रीय मध्यान्ह भोजन रसोईया फ्रंट के बैनर तले गुरुवार को रामलीला मैदान में रसोइयों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय संयोजक रमेश चंद्रा के नेतृत्व में आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में रसोइयां शामिल हुईं। प्रदर्शन के दौरान रसोइयों ने स्थायीकरण, 10 हजार रुपये मासिक मानदेय, 12 माह का नियमित भुगतान, 5 लाख रुपये जीवन बीमा तथा मध्यान्ह भोजन योजना के ठेकेदारीकरण पर रोक लगाने की मांग उठाई। इसके अलावा विद्यालयों में गैस सिलेंडर की व्यवस्था, समय से मानदेय भुगतान, ड्रेस और परिचय पत्र उपलब्ध कराने सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि लंबे समय से रसोइयां अल्प मानदेय पर कार्य कर रही हैं, लेकिन उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। उन्होंने सरकार से जल्द मांगों पर विचार कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। बैठक एवं प्रदर्शन में बड़ी संख्या में रसोइयां उपस्थित रहीं।

## निहारिका के प्रथम काव्य संग्रह 'काव्य के झुरमुट' का प्रकाशन



**चुनार, मीरजापुर।** नगर के ऐबकपुर मोहाना निवासी उमानाथ गुप्ता की पुत्री निहारिका गुप्ता का प्रथम काव्य संग्रह ' काव्य के झुरमुट' का प्रकाशन जिया निहारिका गुप्ता नाम से ब्लू रोज प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किया गया है। निहारिका गुप्ता काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी में भौतिक विज्ञान की स्नातक की छात्रा है। उन्होंने 10 वर्ष की उम्र में सबसे पहली कविता लिखी। समय के साथ उनके लेखन कौशल में निखार आया। निहारिका का प्रथम काव्य संग्रह ' काव्य के झुरमुट' मूल रूप से जीवन संघर्ष, देशभक्ति,सामाजिक समस्या पर प्रकाश डालता है।

# एनजीटी सदस्य ने की पर्यावरणीय कार्यों की समीक्षा, समधा ताल पुनर्जीवन की सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के सदस्य माननीय न्यायमूर्ति डॉ. अफरोज अहमद ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन एवं हरित विकास से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान न्यायमूर्ति डॉ. अफरोज अहमद ने एसटीपी से उपचारित जल का उपयोग पार्कों, उद्यानों एवं कृषि कार्यों में करने तथा भूजल की गुणवत्ता की नियमित जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

उन्होंने जिलाधिकारी शैलेष कुमार के प्रयासों से संचालित समधा ताल पुनर्जीवन एवं संरक्षण योजना की विशेष सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। साथ ही प्लास्टिक मुक्त अभियान, जल संरक्षण एवं हरित विकास से जुड़े कार्यों की भी प्रशंसा की। बैठक में नगर निकायों एवं संबंधित विभागों को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाने तथा लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल, अपर जिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक, प्रभागीय वनाधिकारी विवेक यादव समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मां विंध्यवासिनी देवी धाम से मोदी के दीर्घायु और यशस्वी के लिए निकाली गई कीर्तन यात्रा

**● 'जय मां दुर्गा, जय मां तारा, दया माई कल्याण करो' से गूंजा पूरा मंदिर परिसर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**विंध्याचल, मिर्जापुर।** बुधवार सुबह 10 बजे नगर विधायक पं. रत्नाकर मिश्र के नेतृत्व में उनके आवास से मां विंध्यवासिनी देवी धाम तक भव्य कीर्तन यात्रा निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं सहित भाजपा के पदाधिकारियों तथा सदस्यगण शामिल होकर भजन-कीर्तन करते हुए मंदिर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अब तक के सबसे लंबे कार्यकाल का नया कीर्तिमान स्थापित होने और 12 वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में यह यात्रा निकाली गई। मंदिर में नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र जी ने दर्शन-पूजन कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और यशस्वी जीवन की कामना की। कीर्तन यात्रा में नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्र जी के साथ शामिल लोगों ने ' जय मां दुर्गा, जय मां तारा की जय जयकार लगाते हुए मंदिर पहुंचे थे पत्रकारों से वार्ता में विधायक रत्नाकर मिश्र ने कहा कि मां विंध्यवासिनी के चरणों में प्रार्थना की गई कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को निरंतर मजबूती मिले। उनके नेतृत्व में देश ने विकास, सुरक्षा और वैश्विक पटल पर नई पहचान बनाई है। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों से देश सशक्त हुआ है। इस दौरान उन्होंने 2047 तक देश के प्रधानमंत्री बने रहने के लिए भी कामना किए।



पूजन के उपरांत मंदिर परिसर में मिष्ठान वितरण किया गया। उपस्थित पार्टी के कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों के अतिरिक्त मंदिर में आए हुए श्रद्धालुओं ने भी देश में सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। सभी ने प्रधानमंत्री के राष्ट्रहित में योगदान की सराहना करते हुए उनके दीर्घ सार्वजनिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम में जिला महामंत्री रवि शंकर पांडे गौरव ऊमर, जिला मीडिया प्रभारी पंडित भावेश शर्मा रोहित त्रिपाठी नितिन विश्वकर्मा, कौन मंडल अध्यक्ष उमेश तिवारी गैपुरा मंडल अध्यक्ष संतोष पाठक दीपा ऊमर, महेंद्र जायसवाल, गोपाल अग्रवाल कृष्ण कुमार सिंह पुनीत मिश्रा राहुल चंद्र जैनशिवशंकर शर्मा, किशोर सैनी, संतोष जायसवाल, जय चौरसिया समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता तथा भाजपा जिला मीडिया प्रभारी और श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान विंध्यधाम जयकारों से गूंजता रहा।

## नहर में पानी न छोड़ें जाने से किसान परेशान- जजलाल राय

**● प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा एक मांग पत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही।** कांग्रेस कमेटी भदोही के जिला महासचिव जजलाल राय ने कहा कि जनपद भदोही के ज्ञानपुर नहर प्रखंड में समय से पानी न छोड़ें जाने से क्षेत्र के किसानों की मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं। नहर व शाखा तथा माइनरों में पानी न होने के कारण धान की नर्सरी तैयार करने कि सिंचाई का कार्य काफी प्रभावित हो रहा है। श्री राय ने कहा कि जून माह में धान की नर्सरी डालने का समय शुरू हो चुका है, लेकिन सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध न होने से किसान नर्सरी तैयार करने में परेशानी झेल रहे हैं। जिन किसानों के पास निजी सिंचाई के साधन नहीं हैं, उनकी चिंता और बढ़ गई है, जिससे परेशान होकर किसान कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत पत्र दे चुके है। किसानों का कहना है कि समय पर पानी न मिलने से

धान की नर्सरी प्रभावित हो रही है, जिससे उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द नहरों में पानी छोड़ने की मांग की पुरजोर मांग की है, ताकि धान की नर्सरी का कार्य समय पर पूरा किया जा सके। श्री राय ने कहा कि एक तरफ विकट गर्मी पड़ रही है जनपद में कुआं, हैंडपंप सूखे पड़े हुए हैं और गांव के तालाब भी भरने के बजाय खाली पड़े हैं नहर में पानी न आने के कारण किसान विवस बैठे हैं और पानी आने का राह देख रहे है।

## बच्चियों से छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक पर जानलेवा हमला, गंभीर घायल




**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के तिलंगा गांव स्थित एक ईट-भट्ठे पर बच्चियों से कथित छेड़छाड़ का विरोध करने पर एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हरदोई निवासी विकाश (32), जो परिवार सहित भट्ठे पर काम करता है, ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी और भतीजी से छेड़छाड़ की जा रही थी। विरोध करने पर आरोपी युवक ने अपने साथियों को बुलाकर उस पर हमला कर दिया। घटना के बाद मजदूरों और परिजनों में आक्रोश है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# घर-घर पहुंच रहा पोषण अभियान, कुपोषित बच्चों के परिवारों को दिया जा रहा विशेष मार्गदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में प्रस्तावित 'सुपोषण बस्ती अभियान' के अंतर्गत गुरुवार को बाल विकास परियोजना विक्रमजोत एवं गौर की टीमों ने गंभीर कुपोषित (स्रू) बच्चों के घर-घर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान परियोजना अधिकारियों, मुख्य सेविकाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों ने बच्चों के अभिभावकों से संवाद स्थापित कर उन्हें सरकार द्वारा संचालित पोषण योजनाओं की जानकारी दी। बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) विक्रमजोत बलराम सिंह के नेतृत्व में परियोजना क्षेत्र के लगभग 22 अति कुपोषित बच्चों के घरों का भ्रमण किया गया। वहीं बाल विकास परियोजना गौर की टीम ने 16 कुपोषित बच्चों के परिवारों से संपर्क स्थापित किया। सीडीपीओ बलराम सिंह ने बताया कि मंडलायुक्त बस्ती, जिलाधिकारी बस्ती, मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में शीघ्र ही 'सुपोषण बस्ती अभियान' प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेष वृद्धि निगरानी सप्ताह के दौरान जिले में लगभग 4500 से अधिक अति कुपोषित बच्चों की पहचान की गई है। अभियान का उद्देश्य इन बच्चों के परिवारों तक पहुंचकर उनमें विश्वास पैदा करना तथा उन्हें कुपोषण मुक्त बनाने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना है। भ्रमण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र भदोही में मुख्य सेविका सरिता सिंह, कुमुद सिंह तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री कृष्णावती सिंह एवं सहायिका लक्ष्मी देवी के साथ टीम ने कुपोषित बालक समर के घर पहुंचकर उसके माता-पिता एवं परिजनों को संतुलित आहार, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी। परिवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा तैयार डाइट चार्ट भी उपलब्ध कराया गया। सीडीपीओ ने बताया कि मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों के माध्यम से अतिरिक्त पोषाहार उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लाभार्थियों तक पहुंचाया जाएगा। इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जाएगी।

भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने बच्चों को केला खिलाकर उनकी भोजन ग्रहण करने की क्षमता का आकलन किया तथा परिवारों को सहजन (मोरिंगा) की पत्तियों, मौसमी फल एवं हरी सब्जियों के नियमित सेवन के लिए प्रेरित किया। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध छह प्रकार की आवश्यक दवाओं के नियमित सेवन पर भी बल दिया गया। टीम ने फूलडी, महरनिया, शंकरपुर सहित विभिन्न गांवों में कुपोषित बच्चों अनमोल, हर्षिता, रियांश, इकरा एवं अरबिक के परिवारों से मुलाकात कर स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए। सीडीपीओ बलराम सिंह ने बताया कि अभियान के अंतर्गत घर-घर भ्रमण के बाद बच्चों की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य जांच कराई जाएगी तथा आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे उन्हें कुपोषण के दुष्चक्र से बाहर निकाला जा सके। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने में अभिभावकों एवं ग्रामीणों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना गौर की मुख्य सेविका गीता सिंह सहित विभागीय कर्मियों ने भी क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के घर पहुंचकर परिवारों को पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पाकुड़ में राजद कार्यकर्ताओं ने मनाया लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मदिवस, काटा केक



**पाकुड़, झारखंडः-** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिला अध्यक्ष Lalu Prasad Yadav के 79वें जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को पाकुड़ स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजद जिला अध्यक्ष महावीर मड़ैया के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने केक काटकर पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने लालू प्रसाद यादव के स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महावीर मड़ैया ने जिलेवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि गांवों और दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को विकास का लाभ मिले तथा हर परिवार तक बिजली, सड़क, पानी और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचें। उन्होंने कहा कि राज्य और जिले में विकास की नई लहर दिखाई दे तथा प्रत्येक व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवनयापन का अवसर प्राप्त हो। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक टिप्पणी करते हुए कहा कि राजद जनता के हितों के लिए लगातार कार्य कर रही है और आने वाले समय में पार्टी और अधिक मजबूती के साथ जनता के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी। कार्यक्रम में किसान मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लाल मरांडी, लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष मनोज मड़ैया, आमड़ापाड़ा प्रखंड अध्यक्ष विनोद ठाकुर सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने मिलकर पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के जन्मदिवस की खुशियां साझा कीं और संगठन की मजबूती के लिए संकल्प लिया।

### वृद्धाश्रम 'सहारा', पश्चिम चंपारण के 9 वृद्धजनों को निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु छपरा भेजा गया



**बेतिया।** समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पश्चिम चंपारण द्वारा संचालित वृद्धाश्रम 'सहारा' के 9 वृद्धजनों को आज दिनांक 11 जून 2026 को निःशुल्क मोतियाबिंद (कैटरेक्ट) ऑपरेशन हेतु अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल, छपरा भेजा गया। उल्लेखनीय है कि दिनांक 09 जून 2026 को आरोही कला वेलफेयर ट्रस्ट के सौजन्य से वृद्धाश्रम परिसर में अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर के दौरान जांचोपरांत चयनित 9 वृद्धजनों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया। आज अस्पताल के प्रतिनिधिमंडल को इन सभी वृद्धजनों को विधिवत सुपुर्द किया गया, जो उन्हें बस के माध्यम से छपरा ले जाकर निःशुल्क ऑपरेशन कराएंगे तथा उपचार उपरांत पुनः सुरक्षित रूप से वृद्धाश्रम वापस लाएंगे। वृद्धाश्रम 'सहारा' वर्तमान में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सह वरीय उपसमाहर्ता विकास कुमार के नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण में संचालित हो रहा है। आश्रम में वर्तमान में कुल 49 वृद्धजन आवासित हैं, जिन्हें आवास, भोजन, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वृद्धाश्रम के अधीक्षक आदित्य कुमार मधुकर ने बताया कि वृद्धजनों के स्वास्थ्य एवं सम्मानजनक जीवन को सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच एवं उपचार संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। आश्रम का संचालन उमंग बाल विकास आवासीय विकलांग प्रशिक्षण संस्थान, पटना द्वारा किया जा रहा है। यह पहल वृद्धजनों के बेहतर स्वास्थ्य, दृष्टि संरक्षण एवं गरिमामय जीवन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**भदोही।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत भदोही पुलिस ने महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में एंटी रोमियो टीमों व महिला पुलिसकर्मियों ने विद्यालयों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं को 1090, 112, 181, 1930, 108 और 1076 हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए गए। पुलिस ने बताया कि महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# लालू यादव का 79वां बर्थडेः राबड़ी हाथ पकड़कर घर से बाहर लाईं, बंटा 79किलो का लड्डू

● लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मदिन बिहार में धूमधाम से मनाया गया, जहां पटना में राबड़ी देवी के साथ उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और 79 किलो का लड्डू भी बांटा गया।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के 79वें जन्मदिन का जश्न बिहार के कई हिस्सों में धूमधाम से मनाया गया। इस खास मौके पर राजद कार्यकर्ता अपने-अपने अंदाज में जश्न मना रहे हैं। वहीं लालू यादव अपने जन्मदिन पर समर्थकों को भोजन की थाली थमा रहे हैं।

**सामुदायिक भंडारे का आयोजन**

राबड़ी देवी के आवास पर लालू यादव के जन्मदिन को लेकर सामुदायिक भंडारे का आयोजन किया गया है। जहां बड़ी संख्या में लालू के सिपाही, समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता लाइन में लगकर भोजन कर रहे हैं।

**पत्नी का हाथ पकड़कर निकले लालू यादव**

वहीं पटना में पत्नी राबड़ी देवी ने लालू यादव का हाथ पकड़कर आवास के बाहर लाया, जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने हाथों से भोजन परोसते हुए कहा कि यह मेरे जन्मदिन का भोज है। लालू के जन्मदिन पर राबड़ी आवास में भोज की भी तैयारी चल रही है। इस दौरान राजद कार्यकर्ताओं ने काजू-किशमिश से बना 79 किलो का लड्डू लेकर आवास पहुंचे।

**जेसीबी पर सवार होकर मनाया लालू के जन्मदिन का जश्न**

दूसरी तरफ लालू के जन्मदिन के मौके पर वैशाली जिले के राजद नेता केदार यादव का अनोखा अंदाज सामने आया। जन्मदिन को खास बनाने के लिए उन्होंने पहले पेड़ पर चढ़कर केक काटा और बाद में जेसीबी मशीन पर सवार होकर जश्न मनाने की कोशिश की। हालांकि, जेसीबी के ऊपर केक काटते समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वे नीचे गिर पड़े। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिस पर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। गिरने के बावजूद उनके उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। उन्होंने भगवानपुर में केक काटकर लालू प्रसाद यादव के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। इस मौके पर उन्होंने लालू यादव की तुलना दक्षिण अफ्रीका के महान नेता नेल्सन मंडेला से करते हुए उन्हें गरीबों का मसीहा बताया। गौरतलब है कि केदार यादव अपने अनोखे अंदाज के कारण सुर्खियों में बने रहते हैं। इससे पहले भी उन्होंने भैंस की सवारी और पेड़ पर चढ़कर विरोध और समर्थन जैसे अनोखे तरीकों को लेकर चर्चा बटोर चुके हैं।

## बिजली की आंख मिचौनी से उपभोक्ता हैं परेशान



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** नारायणपुर प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों बिजली की अनियमित आपूर्ति से उपभोक्ता परेशान है। बुधवार शाम को मौसम खराब होने के कारण बिजली गुल हुई इसे काफी मशक्कत के बाद देर रात्रि को बहाल किया गया। बिजली आने से लोगों को राहत मिली। इस भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौनी से लोग परेशान हैं और विभाग से सुधार की मांग ही कर रहे हैं। जरा सा मौसम खराब होने के बाद 33000 केवीए में खराबी आ जाती है तथा व्यवस्था बाधित हो जाती है, जिसे दुरुस्त करने में एक और जहां बिजली मिस्त्री को परेशानी होती है वहीं दूसरी उपभोक्ताओं को भी परेशानी झेलनी पड़ती है। भागाबांध पावर ग्रिड बनकर तैयार है बस अब इसके उद्घाटन का इंतजार है। भागाबांध पावर ग्रिड चालू होने से खासकर नारायणपुर प्रखंड क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति में आ रही बाधा का काफी हद तक निराकरण हो जाएगा। इसका लाभ यहां के लोगों को होगा। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा यहां आकर अथवा ऑनलाइन पावर ग्रिड का जल्द ही शुभारंभ किया जा सकता है।

## सीसीटीवी फुटेज ने खोले हिरासत में मौत के राज

● हाजत से निकलने की नाकाम कोशिश के बाद बिट्टू ने लगाई फांसी

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात www.swatantraprabhat.com जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुपौल-** सुपौल जिले के जदिया थाना हाजत में बंद बिट्टू कुमार की मौत को लेकर उठ रहे सवालों और परिजनों द्वारा लगाए जा रहे हत्या के आरोपों के बीच सीसीटीवी फुटेज ने कई अहम तथ्यों से पर्दा उठा दिया है। गुरुवार को पुलिस ने हाजत में लगे सीसीटीवी फुटेज को दिखाया। पुलिस के अनुसार वरीय अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद जब हाजत में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली गई,तो उसमें पूरी घटना कैद मिली। फुटेज के अनुसार,बिट्टू पहले हाजत से बाहर निकलने की कोशिश करता दिखाई देता है। वह वेंटिलेटर के रास्ते हाजत से भागने का प्रयास करता है और इसके लिए हाजत की ग्रिल पर चढ़कर एक-दो नहीं,बल्कि तीन बार बाहर निकलने की कोशिश करता है। हालांकि हर बार उसे असफलता हाथ लगती है और वह नीचे गिर जाता है। काफी देर तक छटपटाने और बाहर निकलने में नाकाम रहने के बाद बिट्टू शांत हो जाता है। फुटेज के अनुसार वह पानी पीने के बाद कुछ समय तक सिर के नीचे आराम करता हुआ दिखाई देता है। इसके बाद उसके व्यवहार में बदलाव नजर आता है। मौका पाकर वह कंबल के किनारे की पट्टी को दांतों से काटकर रस्सीनुमा आकार देता है और हाजत की ऊपरी ग्रिल में उसे बांधने लगता है। सीसीटीवी रिकॉर्डिंग में दिखाई देरहा है कि आसपास किसी पुलिसकर्मी की मौजूदगी नहीं होने का एहसास होने पर उसने तेजी से फंदा तैयार किया। इसके बाद गले में फंदा डालकर उसे कस लिया और धीरे-धीरे अपने पैरों का सहारा हटाने लगा। कुछ क्षणों तक उसकी छटपटाहट कैमरे में कैद होती है,लेकिन थोड़ी देर बाद उसकी गतिविधियां पूरी तरह थम जाती हैं। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद घटना को लेकर चल रही कई अटकलों पर विराम लग गया है। हालांकि मृतक के परिजन अब भी पुलिस की भूमिका पर सवाल उठा रहे हैं,वहीं मामले की जांच जारी है और प्रशासन पूरे घटनाक्रम की विभिन्न पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

## ध्वस्त ग्रामीण पथ के निर्माण में देरी पर ग्रामीणों में रोष, विधायक से लगाई गुहार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़िया प्रखंड की तेतुलिया पंचायत अंतर्गत बड़तल्ला से रामदेवकुंडी तक जाने वाली जर्जर ग्रेड-वन सड़क के निर्माण नहीं होने पर ग्रामीणों ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से सड़क बदहाल स्थिति में है, लेकिन अब तक इसके पुनर्निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। बुधवार को ग्रामीणों ने बताया कि बड़तल्ला गांव एवं पलियादह नदी पुल के समीप आरईओ पक्की सड़क से रामदेवकुंडी गांव के पीसीसी रोड तक का मार्ग पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। विशेषकर वर्षा ऋतु में सड़क की स्थिति और अधिक खराब हो जाती है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क क्षेत्र के कई गांवों के लिए महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। रामदेवकुंडी के पीसीसी रोड के माध्यम से बड़तल्ला, पलियादह, डोमनगढ़िया, मलिकपुर तथा दोमुहानी गांव के लोग कम समय में पाकुड़िया-राधानगर पीडब्ल्यूडी मुख्य सड़क तक पहुंचते हैं। सड़क जर्जर होने के कारण लोगों को लंबा वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ता है, जिससे समय और श्रम दोनों की बर्बादी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के दिनों में उन्हें हरिपुर होते हुए चौकीसाल, पारलिया एवं अन्य स्थानों तक जाना पड़ता है। यदि उक्त सड़क का निर्माण हो जाए तो लोगों को मुख्य मार्ग तक पहुंचने में काफी सुविधा होगी और आवागमन सुगम हो सकेगा। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक प्रो. स्टीफ़न मराण्डी से शीघ्र सड़क निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सड़क बनने से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।

## जर्जर बाउंड्री दीवार गिरने से चार लोग घायल, एक रेफर



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही थाना क्षेत्र के कोनरा स्थित शादी मोहल्ला में गुरुवार को एक पुरानी एवं जर्जर बाउंड्री दीवार अचानक गिर जाने से चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई तथा घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में गरजामो निवासी मो. मिन्हाज तथा कोनरा निवासी डब्लू अंसारी, मो. सरफराज और मो. कुर्बान शामिल हैं। सभी को प्राथमिक उपचार के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज किया। प्राथमिक उपचार के बाद डब्लू अंसारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य घायलों का भी उपचार किया गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में मौजूद जर्जर भवनों एवं दीवारों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

## आजसू पार्टी के नए विधानसभा कार्यालय का हुआ उद्घाटन, जनसेवा को मिलेगी नई दिशा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देवघर, झारखंडः-** आजसू पार्टी के संगठनात्मक विस्तार, जनसंपर्क अभियान को गति देने तथा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से गुरुवार को देवघर विधानसभा क्षेत्र में आजसू पार्टी के नए विधानसभा कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया गया। पार्टी के केंद्रीय सचिव राजा साहनी एवं जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, समर्थक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। पार्टी के नारों के बीच नेताओं का स्वागत किया गया तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। अपने संबोधन में राजा साहनी ने कहा कि आजसू पार्टी हमेशा जनता के हितों और अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। नया विधानसभा कार्यालय जनता और कार्यकर्ताओं के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि कार्यालय के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों तक प्रभावी ढंग से आवाज पहुंचाई जाएगी। साथ ही युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और वंचित वर्गों के हितों की रक्षा के लिए पार्टी निरंतर संघर्षरत रहेगी। जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने कहा कि यह कार्यालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि जनता की उम्मीदों और विश्वास का केंद्र बनेगा। यहां क्षेत्र की समस्याओं, विकास कार्यों, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली एवं पेयजल जैसी जनहित से जुड़ी आवश्यकताओं पर लगातार कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक गतिविधियों को नई ऊर्जा देने के साथ-साथ युवाओं को पार्टी से जोड़ने और सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देने का कार्य भी इसी कार्यालय से संचालित होगा। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष कुंदन शर्मा, जिला सचिव अविनाश कुमार, रवि झा, नयन राज साहनी, गौतम राय, महेंद्र महथा एवं गौतम राउत सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने देवघर विधानसभा क्षेत्र के विकास, युवाओं को रोजगार, किसानों की समस्याओं के समाधान तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का समापन संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, जनता की आवाज बुलंद करने तथा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ। नेताओं ने कहा कि नया कार्यालय क्षेत्र की जनता, युवाओं, महिलाओं, किसानों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए सदैव खुला रहेगा और उनकी समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बरही में विशेष पूजा-अर्चना

● विधायक मनोज यादव ने मनोकामनेश्वर शिव मंदिर में की पूजा, प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर बनाई नई पहचान : मनोज यादव




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 गौरवशाली एवं स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बरही प्रखंड परिसर स्थित मनोकामनेश्वर शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बरही विधायक मनोज यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, यशस्वी जीवन तथा निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए भगवान शिव से प्रार्थना की। पूजा-अर्चना के दौरान उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों, गरीब कल्याण योजनाओं तथा सुशासन की उपलब्धियों को स्मरण करते हुए उनके दीर्घ एवं सफल सार्वजनिक जीवन की कामना की।इस अवसर पर विधायक मनोज यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है, जिससे करोड़ों गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। आज देश आर्थिक, सामाजिक और सामरिक दृष्टि से लगातार सशक्त हो रहा है। गरीब कल्याण, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना जैसी अनेक जनहितकारी योजनाओं ने आम लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का कार्य किया है। विधायक ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, रंजीत चंद्रवंशी, रामस्वरूप पासवान, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव, सांसद प्रतिनिधि बंटी मोदी, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, सांसद प्रतिनिधि अजय मेहता, विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव, सह सांसद प्रतिनिधि आशीष सिंह, सांसद प्रतिनिधि रिशु वर्णवाल, मंडल अध्यक्ष विजय यादव, नागेश्वर रजक, सांसद प्रतिनिधि मनीलाल यादव, मुखिया राजेंद्र प्रसाद, मंडल अध्यक्ष आरती कौशल, मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, सह सांसद प्रतिनिधि सहदेव यादव, ब्रह्मदेव यादव, सागर चंद्रवंशी, इंद्रदेव यादव, राजकुमार केसरी, अभिषेक निषाद, उपमुखिया मनोज उपाध्याय, मनोज राणा, सचिन यादव, विकास यादव, हरेंद्र गोप, कांति देवी, भाजपा नेता सुरेंद्र गुप्ता, गणेश यादव, सुरेश यादव, बीरेंद्र यादव, देवल यादव, पंसस पुरुषोत्तम पाण्डेय, जनार्दन सिंह, सुनील चंद्रवंशी, रामचंद्र सिंह, मुखिया पप्पू रजक, कृष्णा रविदास, जानकी यादव, बलराम दांगी, जन्मजय सिंह, बिराज रविदास, आदित्य चौरसिया, शशि शेखर, पिंटू सोनी, कपिल यादव, मनीष सिंह, बिजय यादव, राजकुमार यादव, पंसस विजय मधेसिया, रामविलास सिंह, नेमधारी यादव, बसंती देवी, केदार यादव, रंजीत प्रजापति, गुलाब रजक, राजेंद्र दांगी, पवन सिंह सहित बरही विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के सम्मानित नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भव्य निशानयात्रा के साथ शुरू हुआ श्री श्याम कृपा मंडल का द्वितीय वार्षिक श्री श्याम सेवा महोत्सव

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** श्री श्याम कृपा मंडल, बरही के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय वार्षिक श्री श्याम सेवा महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को भव्य निशान यात्रा के साथ हुआ। श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से सराबोर इस आयोजन ने पूरे बरही को श्याममय बना दिया। सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में निकाली गई ऐतिहासिक शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें जय श्री श्याम के गगनभेदी जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। महोत्सव के प्रथम दिन बरही प्रखंड परिसर स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर से सभी श्याम प्रेमियों ने संयुक्त रूप से शोभायात्रा का शुभारंभ किया। श्याम ध्वज और निशान के साथ निकली यात्रा प्रखंड परिसर से शुरू होकर बरही चौक, पटना रोड होते हुए उत्सव वाटिका पहुंची। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। निशान यात्रा में सुसज्जित रथ श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा। श्रद्धालु भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ श्याम भक्ति में लीन दिखाई दिए। पूरे मार्ग में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। निशान यात्रा में निशानधारी के रूप में संस्थापक नित्यानंद दास जी महाराज, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, सुबोध केशरी, रोहित केशरी, त्रिवेणी केशरी सहित कई श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ श्याम निशान धारण किया। कार्यक्रम स्थल उत्सव वाटिका पहुंचने के बाद विधिवत श्याम आरती का आयोजन किया गया। आरती के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर पंचायतों में हुई बैठक आयोजित

● मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने और आवश्यक दस्तावेज समय पर जमा करने की अपील



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** प्रखंड अंतर्गत बन्नोग्राम, खाक्सा एवं पलियादहा पंचायत के विभिन्न बूथों में मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को लेकर झामुमो प्रखंड पर्यवेक्षकों द्वारा पंचायत अध्यक्षों, सचिवों तथा बीएलए-2 के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान पंचायत क्षेत्रों में चल रहे वोटर मैपिंग कार्यों की समीक्षा की गई। इस क्रम में संबंधित बूथों के बीएलओ, पार्टी के बीएलए-2 तथा पंचायत अध्यक्ष एवं सचिवों से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि बीएलओ द्वारा मांगे जा रहे आवश्यक दस्तावेजों को समय पर जमा कराकर अपना नाम मतदाता सूची में जल्द से जल्द दर्ज कराएं। पर्यवेक्षकों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और लोकतंत्र में हर वोट का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए सभी योग्य मतदाता यह सुनिश्चित करें कि उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। बैठक में बतौर पर्यवेक्षक जिला उपाध्यक्ष सह केंद्रीय समिति सदस्य हरिवंश चौबे, प्रखंड उपाध्यक्ष अशोक भगत, जिला संगठन सचिव मुनीराम मरांडी, जिला युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष छोटू भगत, युवा मोर्चा अध्यक्ष निगार अंसारी, बिश्वाजीत दास, छोटू रविदास एवं कारण गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य रीमा रविदास, मुखिया अनीता हेम्ब्रम, सूरज रविदास, मंटू भगत, प्रसेंजीत दास, मेतलाल टुडू, मनाफ अंसारी सहित पंचायत अध्यक्ष, सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## मुजफ्फरपुर में इलेक्ट्रिक गाड़ियों के चालकों को मिलेगी बड़ी राहत, 15 नए चार्जिंग स्टेशन खुलेंगे



**मुजफ्फरपुर।** इलेक्ट्रिक वाहन को बढ़ावा देने के लिए सरकार वाहन मालिकों को चार्जिंग की सुविधा देने जा रही है। इसके लिए जिले में सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इसको लेकर विभागीय पहल शुरू हो गई है। प्रथम चरण में चार्जिंग स्टेशन के लिए स्थल का चयन कर लिया गया है। चयन के बाद सूची बना कर डीटीओ ने परिवहन विभाग को भेज दी है। स्थल चयन में वाहन मालिकों की सुविधा को ध्यान में रखा गया है। इसको लेकर स्कूल, कॉलेज, सरकारी कार्यालय, पार्क, मेडिकल आदि को प्राथमिकता दी गई है। चार्जिंग स्टेशन खोलने को लेकर विभाग के आदेश पर डीटीओ कुमार विवेक ने एमवीआई राकेश रंजन, अरविंद कुमार, रंजन कुमार गुप्ता एवं पार्थ सारथी को स्थल चयन कर रिपोर्ट मांगी। रिपोर्ट मिलने के बाद उसे विभाग को भेज दिया गया। ज्ञात हो कि जिले में करीब 17 हजार 852 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन निबंधित हैं।

## सड़क भूमि पर अवैध निर्माण रोकने की मांग

● उपायुक्त के नाम ग्रामीणों ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के कटियौन गांव के ग्रामीणों ने गुरुवार को एकजुट होकर उपायुक्त हजारीबाग के नाम अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल को ज्ञापन सौंपते हुए सड़क हेतु आरक्षित भूमि पर किए जा रहे कथित अवैध निर्माण पर रोक लगाने तथा मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने ज्ञापन में आरोप लगाया है कि गांव में सड़क के लिए आरक्षित भूमि पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जबकि इस संबंध में अतिक्रमण वाद भी लंबित है। इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में सड़क चौड़ीकरण एवं सरकारी विकास योजनाओं में बाधा उत्पन्न हो सकती है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने विवादित भूमि की निष्पक्ष जांच कराने, अतिक्रमण वाद का शीघ्र निष्पादन करने तथा जांच पूरी होने तक निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही गांव में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन से आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी प्रशासन को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने से लोगों में असंतोष है। उन्होंने प्रशासन से जनहित को ध्यान में रखते हुए अविलंब हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। इसके बाद डीएसपी राधा प्रेम किशोर व थाना प्रभारी बरही विनोद कुमार को भी आवेदन देकर मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने वालों में पंसस विकास सिंह, विनीता देवी, बबिता देवी, किरण देवी, आनंद कुमार सिंह, अभयरिषद, सुबीत कुमार, विशाल सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, विपुल कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह सहित 243 ग्रामीणों का हस्ताक्षर हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### डीसीपी पूर्वी ने किया सेंट्रल स्टेशन का निरीक्षण परखी सुरक्षा व्यवस्था



**कानपुर।** आज दिनांक 11.06.2026 को पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता द्वारा कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया व कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किए जाने के दृष्टिगत सघन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों, सामान एवं वाहनों की गहन जांच कराई गई। प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, प्रवेश एवं निकास द्वारों सहित स्टेशन परिसर के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया गया। सुरक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी निर्वहन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। स्टेशन परिसर में प्रभावी निगरानी बनाए रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने हेतु निर्देशित किया गया।

### सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की पुत्री पर अपमानजनक टिप्पणी से कार्यकर्ताओं में रोष

**लालगंज, प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पुत्री के विरूद्ध सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर गुरूवार को सपाईयों को आक्रोशित देखा गया। नाराज सपा कार्यकर्ताओं ने उदयपुर तथा लालगंज थाने में आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर केस दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष रामधन यादव, मकदूम मौर्य, निलेश पासी, पवन सैनी, अभिषेक यादव, राजू लोहिया ने उदयपुर थाने में दी गई तहरीर में मामले को लेकर केस दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग उठाई है। वहीं लालगंज कोतवाली में सपा नेता प्रकाशचंद्र उपाध्याय की अगुवाई में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की बेटी के खिलाफ टिप्पणी को लेकर मुकदमा दर्ज करने के बाबत तहरीर सौंपी है।

### सिद्धार्थनगर में 11 एक दिन में 7 बार 71 लेखपालों के तबादले,नियम में अनदेखी का लगाया आरोप



**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ जनपद शाखा सिद्धार्थनगर की एक आकस्मिक बैठकगुरुवार को जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्त की अध्यक्षता में तहसील सभागार नौगढ़ में आहूत की गई। जिसमें जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्य एवं तहसील नौगढ़ के समस्त लेखपाल उपस्थित रहे। उक्त बैठक में उप जिलाधिकारी नौगढ़ द्वारा शासनादेश/परिषदादेश के विपरीत निर्धारित 10% से अधिक स्थानांतरण करके पिछले मात्र 11 दिनों में कुल 07 बार में पुनरावृत्ति के साथ कुल 71 लेखपालों का हल्का परिवर्तन करने एवं स्थानांतरण में घोर अनियमितता बरते जाने पर उपस्थित सदस्यों द्वारा आक्रोश व्यक्त किया गया तथा उक्त स्थानांतरण आदेश को निरस्त करके दोषी अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष अजय कुमार गुप्त, जिला मंत्री आनंद गौतम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणधीर यादव, जिला कोषाध्यक्ष रणधीर राणा, तहसील संयोजक महेंद्र कुमार साहनी, शिव शंकर, अमित कुमार, बैजनाथ चौधरी, ज्योति सिंह, श्वेता कार्तिक आदि सैकड़ों लेखपाल उपस्थित रहे।

### समस्त ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन

**प्रतापगढ़।** अपर जिला मजिस्ट्रेट ने सूचित किया है कि जनपद प्रतापगढ़ की समस्त ग्राम पंचायतों के सभी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के आलेख्य में आवश्यक संशोधन करते हुए उत्तर प्रदेश पंचायत राज (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण) नियमावली, 1994 के प्रावधानों के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार कर उसका अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है।उन्होंने बताया कि प्रकाशित निर्वाचक नामावली की एक प्रति जनपद स्तर पर उनके कार्यालय, संबंधित सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों तथा संबंधित ग्राम पंचायतों में उपलब्ध करा दी गई है। यह नामावली आगामी 10 जून 2026 से आमजन के निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी।अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि ग्राम पंचायत क्षेत्रों के मतदाता प्रकाशित नामावली का अवलोकन कर सकते हैं तथा अपने नाम, पते अथवा अन्य विवरणों की पुष्टि कर सकते हैं। उन्होंने जनपद के सभी मतदाताओं एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र के निवासियों से अपील की है कि वे निर्धारित स्थानों पर जाकर प्रकाशित निर्वाचक नामावली का निरीक्षण करें तथा आवश्यक जानकारी प्राप्त करें।

# कानपुर के ड्योढ़ी घाट पर पुजारी व अन्य लोगों ने युवकों को लाठी डंडे से पीटा, वीडियो वायरल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कमिश्नरेट के महाराजपुर थाना क्षेत्र के ड्योढी गंगा घाट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें एक पुजारी व अन्य लोगों दो युवकों को लाठी डंडों से पिटाई लगा रहे हैं। वीडियो ड्योढ़ी घाट का बताया जा रहा है जहां गंगा घाट पर युवकों के साथ पुजारी ने मारपीट की है। पुजारी व अन्य लोगों ने युवकों को क्यों मारा अभी इसकी जानकारी नहीं मिली है। वीडियो में पुजारी के साथ बच्चे भी युवकों को डंडों से मारते नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में दिख रही पुजारी की खुली दबंगई,कानून व्यवस्था को चुनौती दी गई है। आखिर इन लोगों को किसने दिया है मारपीट का अधिकार? युवक हाथ जोड़कर माफी मांगते आ रहे नजर,फिर भी युवकों को लगातार जा रहा है पीटा।

वायरल वीडियो पर कानपुर पुलिस कमिश्नरेट ने प्रेस नोट जारी किया है। और कहा है कि थाना महाराजपुर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो का संज्ञान लेकर जांच की गई। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि गंगा नदी किनारे स्थित ड्योढ़ी घाट पर मछली पकड़ने आए दो व्यक्तियों का कुछ स्थानीय लोगों द्वारा विरोध किया गया, जिसके दौरान उनके साथ मारपीट किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस द्वारा पीड़ित व्यक्तियों से संपर्क स्थापित किया जा रहा है। तहरीर प्राप्त कर आवश्यक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। कानून व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

## कानपुर पहुंचे संघ प्रमुख, सेंट्रल स्टेशन पर भव्य स्वागत, 12 घंटे का निजी दौरा शुरू





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत सुबह राजधानी एक्सप्रेस से कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर पहुंचे, जहां संघ पदाधिकारियों और नीतू सिंह ने उनका स्वागत किया, स्टेशन से वे सीधे कडी सुरक्षा के बीच आजाद नगर स्थित बीएसएसडी कालेज में आयोजित कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघ चालक मोहन भागवत गुरुवार सुबह राजधानी एक्सप्रेस से कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पहुंचे, सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म पर संघ के शीर्ष पदाधिकारियों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया,,मोहन भागवत के स्वागत के लिए कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर सुबह से ही हलचल तेज थी, राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन से उतरते ही कानपुर संघ के प्रांत संचालक राम जी ने उनकी अगवानी की,, इसके साथ ही बैरिस्टर नरेंद्र जीत सिंह, और उनकी बेटी व प्रख्यात समाजसेवी नीतू सिंह और उनकी बेटी व प्रख्यात समाजसेवी नीतू सिंह भी संघ प्रमुख का स्वागत करने विशेष रूप से स्टेशन पहुंची,?स्टेशन पर संक्षिप्त भेंट के बाद मोहन भागवत का काफिला कार्यक्रम स्थल बीएसएसडी कालेज आजाद नगर के लिए रवाना हो गया, आपको बताते चलें कि शाम लगभग पांच बजे वह दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे, संघ प्रमुख के आगमन के मद्देनजर पुलिस और प्रशासनिक अमला हाई अलर्ट पर हैं, कार्यक्रम समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल, और अखिल भारतीय कार्यकारी समिति सदस्य अशोक बेरी सहित कई अन्य शीर्ष पदाधिकारी भी शामिल होंगे, प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना,व कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी,,जिले के प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, सहित कई अन्य मंत्री, विधायक और भाजपा व अन्य दलों के शीर्ष नेता भी आएंगे, पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल और यातायात व्यवस्था को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया।

## एक ही दिन पूर्व प्रधान व पुत्रवधू के निधन पर बिलखे परिजन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय विकासखण्ड के बैजलपुर गांव के कई पंचवर्षीय योजनाओं में प्रधान रहे बाबू राम सिंह 81 का गुरूवार की भोर में निधन हो गया। वह संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष नामवर सिंह के पिता थे। इधर दोपहर दिवंगत पूर्व प्रधान राम सिंह की पुत्रवधू नीलम सिंह 50 का भी बीमारी के चलते दिन में लगभग डेढ़ बजे निधन हो गया। परिवार में एक साथ दो मौतों को लेकर परिजन बिलख पड़े। वही पूर्व प्रधान व उनकी पुत्रवधू के निधन की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना गांव पहुंची और शोकाकुल परिजनों से मिलकर स्वयं तथा सांसद प्रमोद तिवारी की ओर से संवेदना प्रकट की। स्व0 राम सिंह राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के खांटी समर्थक रहे। तहसील में भी साथी के पिता व भाभी के निधन पर अधिवक्ताओं ने शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्लाक प्रमुख अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी, समाजसेवी घनश्याम मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विपिन शुक्ल, शिवरंजन यादव, अबरार अहमद, अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र ने भी स्व0 राम सिंह के निधन पर गहरा दुख जताया है।

## जरूरी मुद्दों पर जनता का ध्यान भटकाने में जुटी हुई है भाजपा- मोना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने गुरूवार को एक दिवसीय दौरे मे यहां पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संगठन सृजन अभियान की समीक्षा की। कार्यकर्ता बैठक में उन्होने कहा कि भाजपा की केन्द्र एवं राज्य सरकारें जनता की मूलभूत समस्याओ के निस्तारण को तरजीह देने की जगह मुद्दों को भटकाव दे रही है। उन्होने कहा कि नीट पेपरलीक को लेकर मध्य प्रदेश की छात्रा आकांक्षा चतुर्वेदी और महाराष्ट्र की मैथिली सोनवाने की आत्महत्या की घटनाओं के बाद मोदी सरकार की परीक्षा प्रणाली पर देश भर में गंभीर सवाल उत्पन्न हुआ है। उन्होने कहा कि पेपरलीक से मुंह चुरा रही भाजपा इसके सीधे जिम्मेदार देश के शिक्षा मंत्री का इस्तीफा तक नहीं ले पायी। उन्होने कहा कि मध्य प्रदेश में राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का जबरिया नामांकन रद्द होना भाजपा की सीट चोरी को उजागर कर गया है। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि रसोई गैस सिलेण्डर को मंहगा कर भाजपा ने गरीब और मध्यम वर्ग को मंहगाई का दर्द दिया है। उन्होने कहा कि डीजल, पेट्रोल तथा एलपीजी व कामर्शियल सिलेण्डर तथा सीएनजी की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी से बाजार में जरूरत की चीजें मंहगी हो गयी हैं। विधायक मोन ने कहा कि प्रदेश में भीषण गर्मी के बावजूद विद्युत आपूर्ति सरकार व पावर कारपोरेशन के कुप्रबंधन के कारण पटरी से उतर चुकी है।इसके बाद उन्होने कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई की। अगई मोड़ पर कार्यकर्ताओं ने विधायक आराधना मिश्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। क्षेत्र के अगई, उमापुर, पूरे छत्तू, भटनी, लोहंगपुर, नरायनपुर में विधायक आराधना मिश्रा मोना ने जनसंवाद के तहत लोगों को रामपुरखास के विकास की मजबूती की निरन्तरता का भरोसा दिलाया। उन्होने कहा कि वह सांसद प्रमोद तिवारी के साथ मिलकर रामपुरखास को विकास की हर जरूरी योजनाओं से जोड़ते हुए इसकी सुसज्जा के प्रयास जारी रखेंगी। इस मौके पर प्रमुख अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, प्रतिनिधि आशीष उपाध्याय, पूर्व प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल, मंटू उपाध्याय, सुरेशचंद्र पटेल, धर्मपाल गौतम, एबादुर्रहमान, आशीष कौशल, दारा सिंह, श्रीराम वर्मा, राकेश चतुर्वेदी, त्रिभु तिवारी, प्रीतेन्द्र ओझा, अतुल शुक्ल, अभिनव शुक्ल, छोटे लाल सरोज, राजकुमार मिश्र, राकेश सिंह, आनन्द पाण्डेय, मकदूम सिंह, महादेव मिश्र, राजू माली, विद्याधर पाण्डेय, शशीन्द्र शुक्ला, मुरलीधर तिवारी, गुडडू सिंह आदि रहे।

## भाजपा सरकार में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा है- विधायक श्यामधनी राही




**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार कस्बा में गुरुवार को सदर विधायक श्यामधनी राही ने चेयरमैन प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ केंद्र सरकार की 12 वर्ष पूर्ण होने पर जनसंपर्क अभियान शुरू किया। इस दौरान विधायक श्यामधनी राही ने कहा की केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्ष और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार के साढ़े नौ वर्ष की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की।

उन्होंने कहा है कि भाजपा सरकार में सभी लोगों को बिना किसी भेदभाव के सरकारी योजनाओं लाभ मिल रहा है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश आर्य, मंडल उपाध्यक्ष सोमनाथ मिश्र, अनूप छापड़िया, रामेश्वर पाण्डेय, पवन छापड़िया, सतीश तुलस्यान, अभिषेक दूबे, मंटू, वेद प्रकाश अग्रहरी, अशोक जायसवाल, मनीष अग्रहरी, शिव जायसवाल आदि रहे।

## सिद्धार्थनगर में ट्रक ने अधेड़ को रौंदा, गई जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** जिला मुख्यालय स्थित न्यायालय गेट के सामने गुरुवार शाम एक सड़क हादसे में 55 वर्षीय अधेड़ की ट्रक से कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय उनका बेटा भी साथ था, जिसने अपनी आंखों के सामने पिता को ट्रक की चपेट में आते देखा। मोहाना थाना क्षेत्र के मधुबनी टोला रेहरा गांव निवासी इनाउल्लाह (55) अपने पुत्र अलाउद्दीन के साथ मोटरसाइकिल से जिला मुख्यालय आए थे। वे एक मुकदमे की पैरवी के सिलसिले में न्यायालय पहुंचे थे।

गुरुवार शाम करीब 4:30 बजे न्यायालय का कार्य समाप्त होने के बाद दोनों मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। न्यायालय गेट के सामने सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगते ही इनाउल्लाह सड़क पर गिर पड़े और ट्रक उन्हें कुचलते हुए आगे निकल गया। मृतक के पुत्र अलाउद्दीन ने बताया कि वे मोटरसाइकिल से सड़क पार कर रहे थे और उन्होंने इंडिकेटर भी दिया था। इसके बावजूद ट्रक ड्राइवर ने वाहन की गति कम नहीं की और सीधे उनके पिता के ऊपर ट्रक चढ़ा दिया। अलाउद्दीन ने आरोप लगाया कि यदि चालक सावधानी बरतता तो यह हादसा टाला जा सकता था।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना इतनी भयावह थी कि घटनास्थल का दृश्य देखकर लोग स्तब्ध रह गए। दोनों ओर का यातायात पूरी तरह ठप हो गया। न्यायालय परिसर और आसपास मौजूद अधिवक्ता, वादकारी तथा राहगीर भी घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। इनाउल्लाह की मौत की खबर गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार मृतक अपने परिवार के जिम्मेदार सदस्य थे और मुकदमे की तारीख देखने जिला मुख्यालय आए थे, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि घर लौटने से पहले ही एक दर्दनाक हादसा उनकी जिंदगी छीन लेगा। बेटे के सामने पिता की मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। इस मामले पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी हुई।

## अधिवक्ता पर जानलेवा हमले का केस हुआ दर्ज




**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधिवक्ता पर जानलेवा हमले की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के परसपुर गांव निवासी राजेश्वर यादव पुत्र दसाराम यादव लालगंज तहसील में अधिवक्ता हैं। पीड़ित अधिवक्ता ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छः जून को सुबह करीब छः बजे वह प्रतिदिन की तरह मार्निंग वॉक कर रहे थे। आरोप है कि इसी बीच पीछे से पहुंचे आरोपी मृत्युंजय उपाध्याय पुत्र घनश्याम उपाध्याय निवासी खीरी समापुर ने पीड़ित का गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते भाग निकला। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी मृत्युंजय उपाध्याय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## ओवर स्पीड के लिए हर 20 किमी पर 3 इंटरसेप्टर

● कानपुर के तीन मार्गों पर 336 वाहनों के ओवर स्पीड चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 8 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 3 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

आज दिनांक 11.06.2026 में की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 86 ट्रक, 8 बस, 71 चार पहिया/ दो पहिया 165 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया । राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 2 ट्रक, 8 बस, 109 चार पहिया/ दो पहिया 119 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर 52 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की आमजनमानस से अपील की है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा दाहिनें से करें। यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलायें। नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान की हिफाजत भी करता है।

## इंडस्ट्रियल एरिया पुलिस ने 24 घंटे में किया लाखों की चोरी का खुलासा, माल समेत दो शातिर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** पनकी थाना क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है, जिसके क्रम में पूर्व में अनेक अपराधियों को जेल की हवा खिलाने के साथ ही लाखों के माल की चोरी की घटना का भी 24 घंटे के अंदर सटीक खुलासा कर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया। घटना के 24 घंटे के अंदर माल सहित चोरों को भी गिरफ्तार करने जैसी यह महत्वपूर्ण सफलता अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले और पीड़ितों की सहायता में भी आग्रणी माने जाने वाले इंडस्ट्रियल एरिया पनकी के तेज तर्रार व्यवहार कुशल चौकी प्रभारी विकास वर्मा की टीम को मिली।

अवगत कराते चलें कि योगी सरकार की मंशा के अनुरूप पीड़ितों की सहायता के साथ ही अपराधियों के खिलाफ भी लगातार सफल मोर्चा खोले लोकप्रिय कार्यशैली के जुझारू तेवरों वाले सरल और शालीन स्वभाव के चौकी प्रभारी विकास वर्मा की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है। प्राप्त विवरण के मुताबिक चौकी क्षेत्र इंडस्ट्रियल एरिया थाना पनकी स्थित एक फैक्ट्री से लगभग 2700 किलो वजन की लगभग 6 लाख से भी अधिक रुपए की कीमत वाली लेड की 108 सिल्लियां चोरी कर ली गई थी। जिसकी सूचना के बाद तत्काल कार्यवाही में भी अग्रणी चौकी प्रभारी विकास वर्मा अपनी टीम के साथ सक्रिय होकर चोरों की तलाश में जुट गए। अंततः लाखों की चोरी की इस घटना के खिलाफ उनका कठोर परिश्रम रंग लाया और घटना के 24 घंटे के अंदर ही लाखों की चोरी की इस घटना का सटीक खुलासा करते हुए पूरे माल सहित दोनों शातिर चोरों शिवम पुत्र प्रमोद निवासी ग्राम जौरासी थाना बिलोआ जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश तथा उसके साथी अभिषेक कुशवाहा पुत्र राजेंद्र कुशवाहा निवासी बिलौआ जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

## भाजपा सरकार में हर वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है: विधायक विनय प्रकाश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार नगर पंचायत कस्बा के उस्किया में गुरवार को रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड का आखिल भारतीय आदिवासी संघ ने फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया।

कुशीनगर जिले के रामकोला विधानसभा के विधायक विनय प्रकाश गोंड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार आदिवासी समाज कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही, योजनाओं में आदिवासी समाज की बड़ी आबादी लाभान्वित हो रही हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने समाज के इकट्ठा हुए लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनजाति गावों और समाज की उन्नति के लिए मोदी सरकार पीएम जनधन योजना प्रारंभ की है।

इस दौरान अनुजनजाति संगठन के जिलाध्यक्ष बेंचन प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष वीरबहादुर प्रसाद,सभासद सावित्री देवी, ज़िला मंत्री उमेश गोंड, नंदलाल गोंड, हीरालाल गोंड, पवन कुमार, नीबूलाल आदि लोग मौजूद रहें।

## जिलाधिकारी ने सहकारी समिति बसंतपुर का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि0, बसन्तपुर विकास खण्ड बांसी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा खाद वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि केन्द्र पर 500 बोरी उर्वरक का आवंटन प्राप्त हुआ है। फार्मर रजिस्ट्री के अनुसार खाद का वितरण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि खाद के साथ किसी भी प्रकार की टैगिंग नही होना चाहिए। टैगिंग शत-प्रतिशत बन्द है। इस प्रकार की शिकायत मिलने पर संबधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ नियमानुसार खाद वितरण कराने का निर्देश दिया।

## आईजीआरएस शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों में लंबित एवं निस्तारित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जनशिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न बरती जाए बल्कि मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करते हुए शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पर दर्ज प्रत्येक शिकायत प्रशासन की जवाबदेही से जुड़ी है, इसलिए उसका प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए।बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि असंतोषजनक अथवा तथ्यहीन निस्तारण पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद भर में विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित किए जा रहे जनजागरूकता कार्यक्रमों, विशेष जनसंपर्क अभियानों एवं रात्रि चौपालों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यक्रमों का आयोजन प्रभावी, व्यवस्थित एवं जनहितकारी ढंग से किया जाए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जाए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्यक्रमों का सफल संचालन करने तथा शासन की उपलब्धियों एवं योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम मोहन मीणा, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मलिन बस्तियों में युद्धस्तर पर चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद बेल्हा द्वारा 08 जून से 14 जून तक विशेष स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत नगर क्षेत्र की मलिन बस्तियों में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार गुरुवार को कांशीराम कॉलोनी, मुर्गी फार्म एवं सगरा क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एकत्रित कूड़े का निस्तारण कराया गया तथा चोक नालियों की सफाई के लिए सफाई कर्मचारियों की विशेष टीम लगाकर युद्धस्तर पर सफाई कार्य संपादित कराया गया।उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए संक्रामक एवं जलजनित रोगों की रोकथाम के लिए प्रभावित क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर एवं एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव भी कराया जा रहा है, जिससे मच्छरों के प्रजनन पर नियंत्रण के साथ-साथ नागरिकों को बीमारियों से बचाया जा सके। अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार ने नगरवासियों से अपील की कि स्वच्छ एवं स्वस्थ नगर के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें तथा कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली सरकार 39 जन कल्याणकारी शिविर लगाएगी, लोगों को एक ही जगह मिल सकेगा सरकारी योजनाओं का लाभ



**नई दिल्ली।** नरेन्द्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा सेवा पखवाड़ा मना रही है। इसके अंतर्गत मोदी सरकार के साथ ही दिल्ली की सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में दिल्ली सरकार द्वारा 18 से 20 जून तक दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में 39 जन कल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। सभी विभागों को इसकी तैयारी करने का निर्देश दिया गया है। इसे लेकर दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक हुई।

**सरकार और जनता के बीच की दूरी को कम करना उद्देश्य**

अधिकारियों को शिविरों में आने वाले नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी, आवश्यक सेवा और सहायता एक ही स्थान पर सरल एवं प्रभावी तरीके से उपलब्ध कराने को कहा गया है। मंत्री ने कहा कि जन कल्याण शिविरों का उद्देश्य सरकार और जनता के बीच की दूरी को कम करना है।

**नागरिकों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश**

यह सुनिश्चित किया जाना है कि पात्र नागरिकों को किसी योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े। ये शिविर केवल योजनाओं की जानकारी देने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि जनता के साथ सीधे संवाद और समस्याओं के समाधान का भी एक महत्वपूर्ण मंच हैं। सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने और नागरिकों को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, एमसीडी, दिल्ली जल बोर्ड, समाज कल्याण, विद्युत, श्रम, राजस्व परिवहन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, विधि, न्याय एवं विधायी मामले सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### पर्यावरण अपराधों की भी राजधानी बनी दिल्ली, 91% मामले लंबित



**नई दिल्ली।** दिल्ली न सिर्फ प्रदूषण और कचरे के मोर्चे पर जूझ रही है, बल्कि पर्यावरण संबंधी कानूनों को तोड़ने के मामलों में भी काफी संवेदनशील स्थिति में है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की नई रिपोर्ट ''स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरनमेंट 2026 : इन फिगर्स'' के अनुसार, दिल्ली पर्यावरण अपराधों की भी राजधानी बन गई है। आंकड़े बताते हैं कि इन मामलों में कानूनी कार्रवाई तो हो रही है, लेकिन अदालतों में केस लंबित होने की दर भी डराने वाली है। रिपोर्ट के मुताबिक केंद्र शासित प्रदेशों में होने वाले कुल पर्यावरण अपराधों में अकेले दिल्ली की हिस्सेदारी 75 प्रतिशत से भी ज्यादा है। यहां अवैध रूप से पेड़ काटने, फैक्ट्रियों का केमिकल बहाने, निर्माण स्थलों पर नियमों के खिलाफ धूल उड़ाने, प्रतिबंधित प्लास्टिक या ई-कचरा डंप करने, रात में तेज आवाज में लाउडस्पीकर तथा जनरेटर चलाने के मामले साल दर साल 12 से 15 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट में दिए आंकड़ों के अनुसार, हैरानी की बात यह भी कि दिल्ली की अदालतों में पर्यावरण से जुड़े 91 प्रतिशत से ज्यादा मामले लंबित पड़े हैं। यानी कानून तोड़ने वालों पर समय से कार्रवाई ही नहीं हो पाती। इसके अलावा, ढीली पैरवी और वैज्ञानिक सबूतों की कमी के चलते कोर्ट से सजा होने की दर 18.5 प्रतिशत से भी कम है। इसका सीधा मतलब यह कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले हर पांच में से चार आरोपी साक्ष्यों के अभाव में साफ बच निकलते हैं। पर्यावरणविदों का साफ कहना है कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) और वन विभाग जैसी सरकारी एजेंसियों में स्टाफ की कमी और स्पेशल कोर्ट में मुकदमों की कछुआ चाल के कारण ही आज राजधानी में पर्यावरण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

# वैभव सूर्यवंशी का तूफान नहीं आया काम, अफगानिस्तान ने भारत को दी शिकस्त

● ट्राई सीरीज के अपने दूसरे मुकाबले में भारतीय टीम को अफगानिस्तान टीम के हाथों ष्टस्र मैथड से 4 रन से हार का सामना करना पड़ा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली।** ट्राई सीरीज के अपने दूसरे मुकाबले में गुरुवार को भारतीय ए टीम को अफगानिस्?तान ए टीम के हाथों DLS मैथड से 4 रन से हार का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण इस मैच को कई बार रोकना पड़ा। पहले मैच 49-49 ओवर का हुआ। भारतीय टीम ने वैभव सूर्यवंशी, प्रभसिमरन सिंह, रुतुराज गायकवाड़ और तिलक वर्मा की पारियों की बदौलत 49 ओवर में 9 विकेट खोकर 349 रन बनाए। जवाब में अफगान टीम ने 25.5 ओवर में 2 विकेट खोकर 177 रन बना लिए थे। इसके बाद बारिश के कारण मैच रुका और फिर शुरू नहीं हो पाया।

**वैभव ने दी तेज शुरुआत**

पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत दमदार रही। वैभव सूर्यवंशी ने आते ही अफगानी गेंदबाजों को आड़े हाथों लिया। प्रभसिमरन सिंह का भी उन्हें भरपूर साथ मिला। दोनों के बीच 43 गेंदों पर 74 रन की पारी खेली। फिफ्टी की ओर बढ़ रहे वैभव की पारी पर 8वें ओवर में ब्रेक लगा। 15 साल के बल्लेबाज ने 9 चौकों की मदद से 22 गेंदों पर 44 रन कूट दिए। 3 नंबर पर उतरे प्रियांश आर्य (8) सस्ते में आउट हो गए।

**रुतुराज की फॉर्म जारी रही**

पिछले मैच के के शतकवीर रुतुराज गायकवाड़ ने सिंह के साथ फिर पारी को संभाल और 79 रन जोड़े। 22वें ओवर में प्रभसिमरन कैच आउट हुए। उन्होंने 69 गेंदों पर 84 रन की पारी खेली। अपनी इस पारी में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज ने 14 चौके भी लगाए। इसके बाद रुतुराज और कप्तान तिलक वर्मा ने 66-66 रन की पारी खेली। आयुष बदोनी गोल्डन डक पर आउट हुए।

**अब्दुल्ला ने खोला पंजा**

अंत में सूर्यांश शेडगे ने 27 गेंदों पर 40 और अनुकूल रॉय ने 8 गेंदों पर 16 रन की पारी खेलकर भारत के स्कोर को 350 के करीब पहुंचाया। अफगानिस्तान की ओर से अब्दुल्ला अहमदजई ने पंजा खोला। वहीं फरमानुल्लाह साफी के खाते में 3 विकेट आए।

**बारिश के कारण कम हुआ टारगेट**

बारिश के कारण अफगानिस्तान की पारी शुरू होने में देरी हुई। अफगानिस्तान को 38 ओवर में 294 रन का टारगेट मिला। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान टीम को सलामी जोड़ी ने तेज शुरुआत दी। कप्तान इमरान मीर और हसन ईसाखिल ने 48 गेंदों पर 63 रन जोड़े। हालांकि, इसके बाद टीम को 2 झटके लगे। 8वें ओवर में अरशद खान ने हसन को विप्रज के हाथों कैच आउट कराया। 10वें ओवर में अनुकूल रॉय ने खालिद तनीवाल को LBW आउट किया। 25.5 ओवर तक अफगान टीम ने 2 विकेट खोकर 177 रन बना लिए थे। इमरान मीर 75 और बाहिर शाह 51 रन बनाकर नाबाद थे। इस बीच बारिश के कारण एक बार फिर मैच को रोकना पड़ा। इसके बाद मैच फिर शुरू ही नहीं हुआ। अंत में DLS मैथ्ड से अफगान टीम को विजयी घोषित किया गया। इमरान मैच के हीरो रहे।

## अमृतसर की सर्जन बहू डॉ. शिवांशी ने रचा इतिहास, मिसेज इंडिया के टॉप-10 में बनाई जगह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमृतसर।** बिहार के पूर्णिया से निकलकर चिकित्सा जगत में अपनी पहचान बनाने वाली और अमृतसर की बहू 29 वर्षीय डॉ. शिवांशी ने एक ऐसा मुकाम हासिल किया है, जिसने न केवल उनके परिवार बल्कि दो राज्यों के लोगों को गर्व से भर दिया है। गुरु नानक देव अस्पताल, अमृतसर में जनरल सर्जरी विभाग में सीनियर रेजिडेंट के रूप में सेवाएं दे रहीं डॉ. शिवांशी ने प्रतिष्ठित मिसेज इंडिया प्रतियोगिता के टॉप -10 फाइनलिस्ट में जगह बनाई है। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि एक सर्जन का जीवन बेहद व्यस्त और चुनौतीपूर्ण होता है। घंटों तक अपरेशन थिएटर में खड़े रहना, मरीजों की जिम्मेदारी निभाना, आपातकालीन ड्यूटी करना और लगातार पढ़ाई करते रहना किसी भी डॉक्टर की दिनचर्या का हिस्सा होता है। ऐसे में अपने सपनों और शौक के लिए समय निकालना आसान नहीं होता। लेकिन डॉ. शिवांशी ने यह साबित कर दिया कि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास के सामने कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। पूर्णिया (बिहार) से संबंध रखने वाली डॉ. शिवांशी ने अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई नेपाल के धरान से पूरी की, जबकि एमएस (जनरल सर्जरी) की डिग्री सरकारी मेडिकल कालेज, अमृतसर से प्राप्त की। इसी वर्ष 6 फरवरी 2026 को उनका विवाह अमृतसर में हुआ। शादी के बाद फरवरी महीने में ही उन्हें मिसेज इंडिया प्रतियोगिता के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने ऑनलाइन आवेदन किया और इसके बाद ऑडिशन, इंटरव्यू तथा कई कठिन चरणों से गुजरते हुए देशभर की प्रतिभागियों के बीच अपनी जगह बनाते हुए टॉप-10 में चयनित हो गई। शिवांशी बताती हैं कि यह सफर आसान नहीं था। अस्पताल की जिम्मेदारियों और प्रतियोगिता की तैयारियों के बीच संतुलन बनाना उनके लिए सबसे बड़ी परीक्षा थी। कई बार ड्यूटी खत्म होने के बाद देर रात तक तैयारी करनी पड़ती थी, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उनका मानना है कि यदि किसी महिला में कुछ हासिल करने का जुनून और दृढ़ संकल्प हो, तो वह हर बाधा को पार कर सकती है। उन्होंने कहा कि मिसेज इंडिया के टॉप-10 में पहुंचना उनके लिए सिर्फ एक प्रतियोगिता का पड़ाव नहीं, बल्कि वर्षों पुराने सपने के साकार होने जैसा है। अब जुलाई महीने में जयपुर में होने वाले ग्रैंड फिनाले में देश की टॉप-10 प्रतिभागियों में से विजेता का चयन किया जाएगा। ऐसे में बिहार के पूर्णिया की बेटी और अमृतसर की बहू डॉ. शिवांशी पर दोनों शहरों की उम्मीदें टिकी हैं।

## ऑडी पदाधिकारी और चौकीदार के निलंबित थानाध्यक्ष पर भी गाज की तैयारी

● बिट्टू मौत कांड में कार्रवाई तेज, एसपी ने डीआईजी को भेजी थानाध्यक्ष के निलंबन की अनुशंसा

परिजन बोले- सभी दोषियों पर हो कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुपौल-** सुपौल जिले के जदिया थाना हाजत में बंद युवक बिट्टू कुमार की फंदे से लटककर हुई मौत के मामले में पुलिस की कार्रवाई तेज होती जा रही है। प्रारंभिक जांच के आधार पर पहले ड्यूटी पर तैनात ऑडी पदाधिकारी और चौकीदार को निलंबित किया गया, वहीं अब थानाध्यक्षनंद किशोर नंदन के खिलाफ भी कार्रवाई की तलवार लटक गई है। पुलिस अधीक्षक शरथ आर.एस. ने बुधवार को कार्रवाई करते हुएघटना के समय ड्यूटी पर तैनात ऑडी पदाधिकारी एसआई सोभरन कुमार एवं चौकीदार अनमोल कुमार पासवान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्रारंभिक जांच में दोनों पर ड्यूटी के दौरान गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि इसी लापरवाही के कारण हिरासत में बंद युवक की जान चली गई। एसपी शरथ आर एस ने जदिया थानाध्यक्ष नंदकिशोर नंदन के निलंबन के लिए डीआईजी को अनुशंसा भेज दी है। ऐसे में थानाध्यक्ष के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई तय मानी जा रही है। गुरुवार को प्रतिक्रिया देते हुए एसपी शरथ आर.एस. ने बताया किमंगलवार की रात ड्यूटी पर तैनात एसआई सोभरन कुमार और एक चौकीदारअनमोल कुमार पासवान को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही थानाध्यक्ष के निलंबन के लिए डीआईजी को अनुशंसा भेज दी गई है। इधर, मृतक बिट्टू कुमार के परिजन अब भी न्याय की उम्मीद लगाए हुए हैं। उनका कहना है कि जब तक घटना के सभी जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक उन्हें न्याय नहीं मिल सकेगा। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाने की मांग की है। वहीं क्षेत्र के लोगों की नजर अब पुलिस विभाग की अगली कार्रवाई और पोस्टमार्टम जांच रिपोर्ट पर टिकी हुई है। लोगों का मानना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इस चर्चित मामले की पूरी सच्चाई सामने आ सकेगी। इस बीच प्रशासनिक स्तर पर भी कुछ फेरबदल किए गए हैं। जदिया थाना में पदस्थापित मुंशी मनोज कुमार का तबादला पुलिस केंद्र, सुपौल कर दिया गया है। वहीं एसआई रिंकी कुमारी को निर्मली थाना स्थानांतरित किया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों अधिकारी लंबे समय से जदिया थाना में कार्यरत थे, जिसके आधार पर यह नियमित प्रशासनिक कार्यबाही की गई है।

## दिल्ली दंगा: अंकित शर्मा हत्याकांड में आज आ सकता है फैसला, 6 साल पुराने चर्चित मामले पर टिकी निगाहें

**दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के दौरान आईबी के सुरक्षा सहायक अंकित शर्मा की हत्या के बहुचर्चित मामले में आज कड़कड़डूमा कोर्ट फैसला सुना सकती है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण सिंह की अदालत इस मामले में अपना निर्णय सुनाएगी। वर्ष 2020 में हुई इस घटना ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा था और यह मामला दिल्ली दंगों से जुड़े सबसे चर्चित मामलों में गिना जाता है। 26 फरवरी 2020 को चांदबाग क्षेत्र स्थित एक नाले से अंकित शर्मा का शव बरामद हुआ था। उस समय उत्तर-पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में हिंसा, आगजनी और पथराव की घटनाएं हो रही थीं। अंकित शर्मा 25 फरवरी की शाम अपने घर के पास लापता हो गए थे। अगले दिन उनका शव मिलने के बाद मामला सुर्खियों में आ गया। जांच के दौरान पुलिस ने पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन समेत 11 आरोपितों के खिलाफ हत्या, दंगा, आपराधिक साजिश और अन्य गंभीर धाराओं में आरोपपत्र दाखिल किया था। अभियोजन पक्ष का दावा है कि दंगों के दौरान अंकित शर्मा की हत्या की गई और बाद में शव को नाले में फेंक दिया गया, जबकि बचाव पक्ष ने आरोपों को खारिज किया है। दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब सभी की नजर अदालत के अंतिम निर्णय पर टिकी हुई है।

## सेंट्रल जेल, अमृतसर के ट्रांजिट कैंप में बंद 9 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस भेजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमृतसर-** इंसानियत और लोगों की भलाई के लिए एक पहल के तहत, सेंट्रल जेल, अमृतसर के ट्रांजिट कैंप में बंद 2 महिलाओं समेत 9 बांग्लादेशी नागरिकों को कानूनी कार्रवाई पूरी होने के बाद 11.06.2026 को उनके अपने-अपने देशों में सफलतापूर्वक वापस भेज दिया गया। वापस भेजे गए लोगों ने 11.06.2026 को सुबह करीब 4:00 बजे सेंट्रल जेल, अमृतसर से अपनी यात्रा शुरू की। तय प्रक्रिया के मुताबिक, उनकी सुरक्षित आगे की यात्रा के लिए उन्हें ज़रूरी सुविधाएँ और मदद दी गई। करीब 30 घंटे की ट्रेन यात्रा के बाद, वे बांग्लादेश बॉर्डर पहुँचेंगे, जहाँ उन्हें आगे की ज़रूरी कार्रवाई के लिए उनके अपने-अपने देशों के संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया जाएगा। यह ज़रूरी ऑपरेशन श्रीमती जतिंदर कौर, माननीय डिस्ट्रिक्ट और सेशंस जज-कम-चेयरपर्सन, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, अमृतसर के अच्छे गाइडेंस और सुपरविज़न में पूरा किया गया। इस वापसी प्रोसेस को सफल बनाने के लिए, श्री अमरदीप सिंह बैंस, सेक्रेटरी, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, अमृतसर ने संबंधित अधिकारियों के साथ लगातार कोऑर्डिनेट किया और कोशिश की ताकि ये लोग जल्द से जल्द अपने वतन लौट सकें और अपने परिवारों से मिल सकें। डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, अमृतसर ने लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी एक्ट, 1987 के मकसद के मुताबिक, विदेशी नागरिकों समेत सभी लोगों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा करने में एक्टिव भूमिका निभाई। डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, अमृतसर ने इन लोगों के मामलों पर नज़र रखी, ज़रूरत पड़ने पर कानूनी मदद दी और अलग-अलग डिपार्टमेंट के साथ कोऑर्डिनेट करके वापसी प्रोसेस को तेज़ करने की कोशिश की। यह पक्का किया गया कि उनके साथ पूरी इज्ज़त और इंसानी सेंसिटिविटी के साथ पेश आया जाए। इस सफल वापसी प्रोसेस में जेल एडमिनिस्ट्रेशन ने भी अहम भूमिका निभाई। राजीव कुमार अरोड़ा, सुपरिंटेंडेंट, सेंट्रल जेल, अमृतसर और नविंदर सिंह, एडिशनल सुपरिंटेंडेंट, सेंट्रल जेल, अमृतसर ने सभी ज़रूरी एडमिनिस्ट्रेटिव फॉर्मैलिटीज़ को पूरा करने और इन लोगों के आसानी से जाने में पूरी मदद की। जेल डिपार्टमेंट ने डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, अमृतसर और दूसरी संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर इस काम को आसानी से और इंसानी तरीके से पूरा किया। इनमें से कई लोगों के लिए, यह वापसी अनिश्चितता और अपने परिवारों से लंबे समय तक अलग रहने के समय के खत्म होने का संकेत है।

यह पहल न केवल कानूनी प्रक्रिया का पालन करने का मामला है, बल्कि इंसानी दया, संवेदनशीलता और व्यक्तिगत सम्मान को महत्व देने का भी एक उदाहरण है। डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, जेल डिपार्टमेंट और अन्य संबंधित अधिकारियों के संयुक्त प्रयासों से, ये लोग अपने परिवारों के साथ फिर से मिल पाए हैं और नई उम्मीद के साथ जीवन शुरू कर पाए हैं। डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, अमृतसर जरूरतमंद लोगों को न्याय, इंसानी सम्मान की सुरक्षा और कानूनी मदद देने के अपने वादे को जारी रखे हुए है।

## दिल्ली को हरा-भरा बनाने की तैयारी, करीब एक हजार एकड़ क्षेत्र में 23 लाख पौधे लगाएगा डीडीए



**दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) राष्ट्रीय राजधानी में पौधारोपण अभियान शुरू करने जा रहा है। एक बड़े शहरी वनीकरण कार्यक्रम के तहत दिल्ली के लगभग 1,000 एकड़ (करीब चार वर्ग किमी) क्षेत्र में लगभग 23 लाख स्थानीय पौधे लगाए जाएंगे। यह निर्णय हाल ही में एलजी तरनजीत सिंह संधू द्वारा ली गई एक समीक्षा बैठक के बाद आया है। डीडीए अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा, जिसमें डीडीए के 675 पार्क, चार प्रमुख रिज क्षेत्र (साउथ सेंट्रल रिज, नानकपुरा रिज, सेंट्रल रिज, नार्दर्न रिज) और छह जैव विविधता पार्क शामिल हैं। इस अभियान के जरिए दिल्ली के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 2.9 प्रतिशत हिस्सा इस केंद्रित शहरी वनीकरण और पारिस्थितिक बहाली कार्यक्रम के तहत लाया जाएगा। इस मेगा अभियान की शुरुआत जुलाई 2026 के पहले सप्ताह से होगी और यह सितंबर के मध्य तक जारी रहेगा। अभियान में ऐसे स्थानीय पेड़ों और झाड़ियों को लगाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जो दिल्ली के मौसम के अनुकूल हों। इससे न केवल जैव विविधता बढ़ेगी, बल्कि कार्बन सोखने की क्षमता में सुधार होगा, भूजल स्तर रिचार्ज होगा एवं दिल्ली की हवा साफ होगी। डीडीए ने इस अभियान के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके तहत जमीन चिन्हित करना, मिट्टी तैयार करना, गड्ढे खोदना और सिंचाई की व्यवस्था करना शामिल है। पौधों की सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक योजनाएं भी तैयार की जा रही हैं, ताकि पौधों के जीवित रहने की दर को सुनिश्चित किया जा सके।

# फास्ट फ़ैशन: रनवे से बर्बादी तक एंजल शर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



आज के उपभोक्तावादी दौर में, जहाँ सामाजिक मीडिया, प्रभावशाली व्यक्तियों की संस्कृति और ऑनलाइन पहचान का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है, फैशन के रुझान बेहद तेजी से बदल रहे हैं। नए-नए डिज़ाइन और पहनावे हर दिन सामने आते हैं और कुछ ही समय में गायब भी हो जाते हैं। इसी तेज़ी और लगातार बदलाव की मांग को पूरा करने के लिए कपड़ा उद्योग बड़े पैमाने पर कम कीमत वाले कपड़ों का उत्पादन करता है। इस प्रवृत्ति को 'फास्ट फ़ैशन' कहा जाता है।फास्ट फ़ैशन केवल कपड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी संस्कृति बन चुकी है जिसमें लोग अपनी पसंद या रचनात्मक अभिव्यक्ति के बजाय बदलते रुझानों के साथ बने रहने के दबाव में कपड़े खरीदते हैं। सामाजिक मीडिया पर प्रभाव डालने वाले लोग, फिल्मी हस्तियाँ और सस्ते कपड़ों की बढ़ती मांग इस प्रवृत्ति को और अधिक बढ़ावा दे रही है। रुझानों के तेजी से बदलने के कारण उपभोक्ताओं की पसंद भी लगातार बदलती रहती है, जिससे अत्यधिक उत्पादन और अनावश्यक खपत का एक अंतहीन चक्र चलता रहता है। इसका प्रभाव युवाओं और छात्रों पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। विद्यालयी कार्यक्रमों, विदाई समारोहों और विभिन्न सामाजिक आयोजनों में कई छात्र केवल इसलिए नए कपड़े खरीदने के लिए मजबूर महसूस करते हैं ताकि वे पुराने कपड़ों में न दिखें या दूसरों की आलोचना से बच सकें। दिखावे और सामाजिक स्वीकृति की यह मानसिकता फास्ट फ़ैशन को और अधिक बढ़ावा देती है। फास्ट फ़ैशन के दुष्परिणाम गंभीर और व्यापक हैं। कम गुणवत्ता वाले कपड़े जल्दी खराब हो जाते हैं और नए रुझान आने पर अक्सर फेंक दिए जाते हैं। इससे भारी मात्रा में वस्त्र कचरा उत्पन्न होता है। बढ़ती मांग और मुनाफे की होड़ में कई कंपनियाँ अनैतिक श्रम प्रथाओं का सहारा लेती हैं। दुनिया भर में अनेक फैशन ब्रांडों पर श्रमिकों के शोषण, कम वेतन और बाल श्रम के आरोप लग चुके हैं। कई कारखानों में कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में लंबे समय तक काम करने के लिए मजबूर होते हैं।पर्यावरण पर इसका प्रभाव भी अत्यंत चिंताजनक है। बड़ी मात्रा में फेंके गए कपड़े कचरा भराव क्षेत्रों में जमा हो जाते हैं, जिससे भूमि प्रदूषण बढ़ता है। कई वस्त्र कारखाने हानिकारक रसायन और औद्योगिक अपशिष्ट जल स्रोतों में छोड़ते हैं, जिससे जल प्रदूषण की समस्या गंभीर हो जाती है। इसके अतिरिक्त, कपड़ा उद्योग से होने वाला ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन जलवायु परिवर्तन को और तेज़ करता है। पॉलिएस्टर जैसी कृत्रिम सामग्री से बने अधिकांश फास्ट फ़ैशन उत्पाद वर्षों तक नष्ट नहीं होते और पर्यावरण में हानिकारक सूक्ष्म प्लास्टिक छोड़ते रहते हैं।आज अत्यधिक उपभोग और उपभोक्तावाद सामान्य जीवनशैली का हिस्सा बन चुके हैं। लोग कपड़ों को एक मूल्यवान संसाधन के बजाय उपयोग करके फेंक देने वाली वस्तु के रूप में देखने लगे हैं। इस सोच को बदलने की आवश्यकता है। हमें यह समझना होगा कि हम जो कपड़े पहनते हैं, वे कैसे बनाए जाते हैं और उनका पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ता है। इस दिशा में 3आर – कम उपयोग (रिड्यूस), पुनः उपयोग (रीयूज़) और पुनर्चक्रण (रीसायकल) के सिद्धांत को अपनाना बेहद आवश्यक है। अनावश्यक खरीदारी कम करके, कपड़ों का लंबे समय तक उपयोग करके तथा पुराने कपड़ों को दान या पुनर्चक्रित करके हम वस्त्र कचरे और पर्यावरणीय नुकसान को काफी हद तक कम कर सकते हैं। साथ ही, सस्ते और कम टिकाऊ कपड़ों के बजाय गुणवत्तापूर्ण एवं टिकाऊ वस्त्रों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों को भी छात्रों के बीच सामाजिक मीडिया के रुझानों और अत्यधिक उपभोग के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलानी चाहिए। जो लोग महंगे टिकाऊ कपड़े नहीं खरीद सकते, उनके लिए पुराने कपड़ों की पुनः खरीद एक जिम्मेदार और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प हो सकता है। इसके अतिरिक्त, स्वयं तैयार किया गया फैशन को भी बढ़ावा दिया जाना चाहिए, जिसमें लोग पुराने कपड़ों को नया रूप देकर उनका पुनः उपयोग करते हैं। जिन लोगों के पास पहले से फास्ट फ़ैशन के कपड़े हैं, वे भी उन्हें अधिक समय तक पहनकर और फेंकने के बजाय दान करके पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकते हैं। फास्ट फ़ैशन की बढ़ती चुनौती को देखते हुए समाज, शैक्षणिक संस्थानों, उद्योगों और सरकार को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। जागरूक उपभोक्ता व्यवहार, जिम्मेदार उत्पादन और प्रभावी नीतियों के माध्यम से ही हम एक अधिक टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं।क्षणिक रुझानों के पीछे भागने के बजाय हमें टिकाऊ जीवनशैली को अपनाना चाहिए, क्योंकि आज का जिम्मेदार निर्णय ही आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर कल सुनिश्चित करेगा।

## ममता बनर्जी को चौथा झटका: चार दिन में 4 इस्तीफे, कोयल मल्लिक ने भी छोड़ा दीदी का साथ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोलकाता।** बंगाल विधानसभा चुनाव में करारी पराजय के बाद तृणमूल कांग्रेस का संकट लगातार गहराता जा रहा है। पार्टी के भीतर शुरू हुई बगावत विधानसभा से लेकर संसद तक पहुंच चुकी है। गुरुवार को राज्यसभा सांसद प्रकाश चिक बड़ाईक और अभिनेत्री-सांसद कोयल मल्लिक ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही पिछले चार दिनों में राज्यसभा से इस्तीफा देने वाले तृणमूल सांसदों की संख्या चार हो गई है। इससे पहले सुखेंदु शेखर राय और सुष्मिता देव भी उच्च सदन की सदस्यता छोड़ चुके हैं।

**ममता बनर्जी का साथ छोड़ रहे TMC नेता**

प्रकाश चिक बड़ाईक ने इस्तीफे के बाद कहा कि हालिया चुनाव में जनता ने जो जनादेश दिया है, उसका सम्मान करते हुए उन्होंने यह फैसला लिया है। उन्होंने तृणमूल छोड़ने की घोषणा करते हुए कहा कि भविष्य में वह मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार ही काम करेंगे। कभी अभिषेक बनर्जी के करीबी माने जाने वाले बड़ाईक को 2023 में तृणमूल ने राज्यसभा भेजा था और 2024 के लोकसभा चुनाव में अलीपुरद्वार से उम्मीदवार भी बनाया था। उन्होंने पार्टी के भी सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है।

**कोयल मल्लिक के इस्तीफे से राज्यसभा में बिगड़ा नंबर गेम**

उधर, कोयल मल्लिक के इस्तीफे ने तृणमूल की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। फरवरी में पार्टी ने उन्हें राज्यसभा उम्मीदवार बनाया था और अप्रैल में उन्होंने सांसद पद की शपथ ली थी। उस समय उन्होंने राजनीति को जनसेवा का माध्यम बताया था, लेकिन अब पार्टी से दूरी बना ली है। लगातार इस्तीफों के कारण राज्यसभा में तृणमूल की संख्या 13 से घटकर नौ रह गई है। सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में कुछ और सांसद भी इस्तीफा दे सकते हैं। लोकसभा में भी पार्टी की स्थिति कमजोर होती दिख रही है, जहां बड़ी संख्या में सांसदों के असंतुष्ट खेमे के साथ जाने की चर्चा है। हालांकि इस उथल-पुथल के बीच अभिनेता-सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने ममता बनर्जी के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई है। उन्होंने कहा कि कठिन समय में वह न तो पार्टी छोड़ेंगे और न ही अपनी नेता का साथ। उनके अनुसार राजनीतिक मतभेदों के बावजूद नैतिक रूप से इस समय ममता बनर्जी के साथ खड़ा रहना ही उचित है।

**सायोनी घोष पर सस्पेंस बरकरार, कोलकाता लौटकर भी साधी चुप्पी**

तृणमूल कांग्रेस में जारी राजनीतिक भूचाल के बीच सांसद और युवा तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष सायोनी घोष को लेकर सस्पेंस लगातार गहराता जा रहा है। पार्टी के भीतर चल रही उठापटक के बीच उनका नाम उन नेताओं में शामिल किया जा रहा है, जिन्होंने बागी खेमे से नजदीकियां बढ़ा ली हैं। हालांकि सायोनी ने अब तक सार्वजनिक रूप से कोई स्पष्ट रुख नहीं अपनाया है। सूत्रों के अनुसार बुधवार रात दिल्ली में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के आवास पर हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में सायोनी घोष, माला राय, यूसुफ पठान, प्रतिमा मंडल और मिताली बाग मौजूद थीं बाद में वहां मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी पहुंचे और सांसदों के साथ लंबी चर्चा की। बताया जा रहा है कि बैठक में बागी खेमे को मजबूत करने और भविष्य की राजनीतिक रणनीति पर बातचीत हुई। इस घटनाक्रम के बाद तृणमूल के भीतर सायोनी की भूमिका को लेकर सवाल उठने लगे हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं का एक वर्ग खुलकर यह जानना चाहता है कि वह आखिर किस पक्ष में हैं। हाल के दिनों में पार्टी के विभिन्न व्हाट्सएप समूहों में भी उनकी अनुपस्थिति और चुप्पी को लेकर असंतोष सामने आया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि वह तृणमूल के साथ हैं तो खुलकर सामने आएं और यदि बागी खेमे में शामिल हो चुकी हैं तो इसकी भी घोषणा करें। इसी बीच गुरुवार दोपहर सायनी घोष कोलकाता लौटीं। एयरपोर्ट पर पत्रकारों ने उनसे राजनीतिक रुख और कथित शिविर परिवर्तन को लेकर सवाल पूछे, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। सिर पर टोपी, चेहरे पर मास्क और पूरी तरह चुप्पी साधे वह सीधे वाहन में बैठकर रवाना हो गई।

## दिल्ली के मायापुरी में स्टील कटिंग फैक्ट्री में लगी आग, टला बड़ा हादसा

**दिल्ली।** मायापुरी में स्टील कटिंग एवं पैकिंग सामग्री बनाने वाली फैक्ट्री में बृहस्पतिवार को भीषण आग लग गई। देखते ही देखते कुछ ही मिनटों में आग पहली और दूसरी मंजिल पर फैल गई। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, लगभग 500 वर्ग गज क्षेत्र में बनी यह इमारत बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और दो मंजिलों वाली है, जिसमें कुछ हिस्से अस्थायी तथा कुछ स्थायी निर्माण के हैं। आग की तीव्रता के कारण भवन का कुछ हिस्सा भी ढह गया। मौके पर दमकल की 18 गाड़ियां आग बुझाने के लिए पहुंचीं। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। साथ ही आग किस वजह से लगी इसका पता अभी नहीं चल सका है।